रांची एक्सप्रेस
61 साल से लगातार... । जनपथ पत्रकारिता ।
देसी अंदाज नया मिजाज
1963 से लगातार आपकी सेवा में
# रांची एक्सप्रेस
epaper.ranchiexpress.com | वर्ष-61 | अंक-307 | रांची | शनिवार 29 जून 2024, संवत् 2081 | पृष्ठ -12 | मूल्य 4 रु.


# नीट पेपर लीक मामले को लेकर संसद में विपक्ष का 'हल्लाबोल'

### संसद में बेहोश हुईं कांग्रेस सांसद, स्ट्रेचर से लाया गया बाहर

### राहुल गांधी का हमला, बोले-नीट पर चर्चा करवाएं प्रधानमंत्री





नई दिल्ली (एजेंसी)। संसद सत्र के पांचवें दिन शुक्रवार को नीट मुद्दे के चलते दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ। लोकसभा में कार्यवाही हंगामे के चलते 1 जुलाई तक स्थगित कर दी गई। राज्यसभा में कार्यवाही रुक-रुककर चलती रही। हालांकि इस बीच नीट मुद्दे पर प्रदर्शन कर रहीं सांसद फूलो देवी नेताम को चक्कर आ गया। बाद में उन्हें संसद से हॉस्पिटल ले जाया गया। डीएमके सांसद तिरुचि शिवा ने बताया कि फूलो देवी का बीपी 214/113 हो गया था। उन्हें स्ट्रोक भी आ सकता था। लेकिन फिर भी सदन में चर्चा जारी है, मैंने दो दशक में ऐसा कभी नहीं देखा। धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान पूर्व पीएम एचडी देवेगौड़ा, सरकार का बचाव करने आए। कहा-पेपर लीक पर जांच चल रही है।

### धनखड़ बोले-

## नेता प्रतिपक्ष का व्यवहार मेरे लिए दुखदायी

कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर राज्यसभा के चेयरमैन धनखड़ बोले कि नेता प्रतिपक्ष ने सदन से बाहर जाकर विरोधाभासी बयान दिया। वे वेल में आए थे। धनखड़ ने कहा कि इस तरह का घटिया व्यवहार हर भारतीय को दुख पहुंचाता है और हमारी संस्था को शर्मसार करता है।



पांच दशक से ज्यादा का अनुभव रखने वाले मल्लिकार्जुन खड़गे को सदन में घुसते, अनियंत्रित व्यवहार करते और गलत सूचना फैलाते देखना मेरे लिए बहुत दुखद था। नेताओं को अनुकरणीय आचरण का उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए। यह हमारे लोकतंत्र को कलंकित और अपमानित करता है।

## हेमंत सोरेन 5 महीने के बाद जेल से आए बाहर

- झारखंड हाईकोर्ट ने जमानत देते हुए कहा-मनी लॉन्ड्रिंग केस में शामिल होने के ठोस सबूत नहीं



रांची (एजेंसी)। झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन शुक्रवार 28 जून को रांची की बिरसा मुंडा जेल से बाहर आ गए हैं। जेल के बाहर समर्थकों ने उनका स्वागत किया। उनकी पत्नी कल्पना सोरेन भी उन्हें लेने के लिए जेल पहुंची थीं। शुक्रवार सुबह जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हाईकोर्ट से उन्हें जमानत मिली है। हाईकोर्ट ने कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग केस में शामिल होने के ठोस सबूत नहीं मिले हैं। हेमंत सोरेन को जमानत देते हुए हाईकोर्ट ने कहा है कि सोरेन पीएमएलए एक्ट के तहत जमानत की दोनों शर्तों को पूरा करते हैं। यह विश्वास करने का कोई कारण नहीं हो कि आरोपी ने कथित अपराध किया है। दूसरी शर्त है कि जमानत पर रहने के दौरान उस तरह का कोई अपराध नहीं करेगा। कोर्ट ने कहा कि सोरेन उन दोनों शर्तों को पूरा करते हैं।

# सरकार नई, पर तेवर वही

### विपक्ष को डिप्टी स्पीकर का भी पद नहीं देगा एनडीए

### विपक्ष की मांग के बाद दोनों ही खेमों में नहीं बनी सहमति

नई दिल्ली (एजेंसी)। 18वीं लोकसभा के लिए ओम बिरला को अध्यक्ष बनाया गया है। उन्होंने ध्वनि मत से यह चुनाव जीत लिया है। स्पीकर के बाद अब उपसभापति की बारी है। पिछली लोकसभा में यह पद रिक्त था। इस चुनाव में विपक्षी गठबंधन को 2019 की तुलना में शानदार जीत मिली है इस वजह से सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच यह विवाद का विषय बन गया है। आपको बता दें कि विपक्ष ने अध्यक्ष के चुनाव से पहले सत्तारूढ़ भाजपा नीत एनडीए गठबंधन के अध्यक्ष उम्मीदवार को समर्थन देने के बदले उपसभापति पद की मांग की थी। विपक्ष की इस मांग के बाद दोनों ही खेमों में सहमति नहीं बनी। अध्यक्ष पद के चुनाव हुआ। कोटा ले भाजपा सांसद और पूर्व लोकसभा स्पीकर ओम बिरला और कांग्रेस सांसद कोडिकुन्निल सुरेश के बीच मुकाबला था। ओम बिरला को ध्वनि मत से अध्यक्ष चुना गया। विपक्ष ने मत विभाजन के लिए दबाव नहीं डाला। आपको बता दें कि 17वीं लोकसभा में उपसभापति का पद खाली थी। 16वीं लोकसभा में तत्कालीन भाजपा सहयोगी एआईएडीएमके के एम थंबीदुरई उपसभापति थे। पिछली दो लोकसभाओं के विपरीत भाजपा के पास सदन में बहुमत नहीं है। यही कारण है कि उपसभापति पद की मांग तेज हो गई है। सूत्रों ने कहा कि



18वीं लोकसभा में उपसभापति होगा। अध्यक्ष के साथ-साथ सरकार की भी यही राय है। टीडीपी जैसे भाजपा के किसी सहयोगी दल को यह पद मिल सकता है। विपक्षी खेमे में यह पद नहीं जाने की संभावना है। आपको बता दें कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के दौरान उपसभापति का पद भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के पास था।

## एमपी में मोहन कैबिनेट का जल्द होगा विस्तार!

- कांग्रेस से आए दो बड़े चेहरों को मिल सकती जगह
- अमरवाड़ा उपचुनाव के बाद विस्तार की है संभावना



भोपाल (एजेंसी)। मध्य प्रदेश में एक बार फिर से कैबिनेट विस्तार की अटकलें तेज हो गई हैं। अमरवाड़ा उपचुनाव के बाद कैबिनेट विस्तार संभव है। अभी मोहन कैबिनेट में चार जगह खाली है। सीएम समेत अभी कैबिनेट में 30 लोग हैं। एमपी में मंत्रियों की संख्या 34 तक हो सकती है। अभी चार लोगों को कैबिनेट में एडजस्ट करने की संभावना है। ऐसे में चर्चा है कि कांग्रेस से आए दो कद्दावर चेहरों को कैबिनेट में जगह मिल सकती है। ये दोनों चेहरे लोकसभा चुनाव से पहले बीजेपी में शामिल हुए हैं। इनके आने के बाद उनके क्षेत्रों में कांग्रेस को बड़ा नुकसान हुआ था। दरअसल, लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस के सीनियर विधायक रामनिवास रावत बीजेपी में शामिल हो गए थे। हालांकि विधायक पद से उन्होंने इस्तीफा अभी तक नहीं दिया है। अब चर्चा है कि विधायक पद से इस्तीफे के पहले उनको कैबिनेट में शामिल किया जा सकता है। कैबिनेट में शामिल होने के बाद रामनिवास रावत विधायकी से इस्तीफा देंगे। इसके बाद वहां उपचुनाव होंगे। वहीं, अमरवाड़ा से कांग्रेस विधायक कमलेश शाह ने लोकसभा चुनाव से पहले इस्तीफा दिया था। शाह बीजेपी में शामिल हो गए थे। उनके बीजेपी में आने के बाद अमरवाड़ा में उपचुनाव की घोषणा हो गई है। बीजेपी ने कमलेश शाह को ही अमरवाड़ा से टिकट दिया है।

## कर्नाटक में वैन और लॉरी की टक्कर, 13 लोगों की मौत

- 4 घायल,गाड़ी में 17 लोग सवार थे, ड्राइवर को झपकी आने से हादसा हुआ



हावेरी (एजेंसी)। कर्नाटक के हावेरी जिले में वैन और लॉरी की टक्कर में दो बच्चों सहित 13 लोगों की मौत हो गई। चार घायल हैं। वैन में 17 लोग सवार थे। पुलिस ने बताया, हादसा सुबह 3.45 पर हुआ। जब वैन हावेरी जिले के बयादागी में हाईवे किनारे खड़ी एक लॉरी से टकरा गई। चार घायलों में से दो आईसीयू में एडमिट हैं। हावेरी एसपी अंशु कुमार श्रीवास्तव के मुताबिक, वैन में सवार सभी लोग चिंचोली मयम्मा देवस्थान से आ रहे थे और शिवमोग्गा लौट रहे थे। तभी वैन ने लॉरी को पीछे से टक्कर मार दी। शुरुआती जांच में सामने आया कि ड्राइवर को झपकी आने के कारण यह हादसा हुआ। पुलिस ने कहा कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि, कुछ शव वैन के टूटे हिस्सों में फंस गए थे।

## एनडीए के घटक सांसदों से मिले प्रधानमंत्री मोदी

### चिराग से बोले-आपने खुद को साबित किया है

नई दिल्ली (एजेंसी)। पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को चिराग पासवान की पार्टी लोजपा (रामविलास) के सांसदों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने चिराग पासवान की तारीफ करते हुए कहा कि मुझे खुशी है कि उन्होंने खुद को योग्य साबित किया है और अपने पिता के सपनों को पूरा कर रहे हैं। चिराग पासवान लोजपा (रामविलास) के अध्यक्ष हैं और पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान के बेटे हैं। समाजवादी नेता रामविलास पासवान ने लोजपा का गठन किया था और उनके निधन के बाद पार्टी दो धड़ों में विभाजित हो गई थी। एक धड़े का नेतृत्व पूर्व केंद्रीय मंत्री व रामविलास पासवान के भाई पशुपति कुमार पारस कर रहे हैं।






# केन्द्र सरकार ने शुरू की जनता को खुश करने की बड़ी तैयारी

### अधिकारियों संग जल्द बैठक कर सकते हैं प्रधानमंत्री मोदी

### आखिरी व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर फोकस

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस सप्ताह ही अपने आला अफसरों के साथ बड़ी बैठक करके जनहित के कार्यों की समीक्षा कर सकते हैं। लोकसभा चुनाव के परिणाम आने से पहले ही पीएम मोदी ने अधिकारियों को पहले 100 दिन का एजेंडा तैयार करने का काम सौंप दिया था। अब बारी है सरकार को काम करके दिखाने की। अधिकारियों के साथ बैठक में जनहित की योजनाओं और आखिरी व्यक्ति तक योजनाओं को पहुंचाने को लेकर चर्चा हो सकती है। वहीं सूत्रों का कहना है कि प्रधानमंत्री मोदी विभागवार भी 125 दिनों के एजेंडे की समीक्षा कर सकते हैं। इसमें



अंत्योदय के सिद्धांत पर विशेष तौर पर ध्यान दिया जा सकता है। मामले से जुड़े एक शख्स ने बताया, अधिकारियों के साथ बैठक में पांच साल के रोडमैप पर भी चर्चा हो सकती है कि इस कार्यकाल में भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए क्या कदम उठाने होंगे। बता दें कि नरेंद्र मोदी के दो कार्यकाल में भारत पांचवीं अर्थव्यवस्था बन गया है। वहीं 2014 से पहले इसका 11वां स्थान था। प्रधानमंत्री मोदी अक्सर अधिकारियों के साथ बैठक करके जानने की कोशिश करते हैं कि प्रमुख योजनाओं को लागू करने में क्या समस्याएं आ रही हैं। 2014 में पहली बार केंद्र की सत्ता संभालने के बाद पीएम मोदी ने 4 जून को अधिकारियों के साथ पहली बैठक की थी।

# राज्य के सरकारी स्कूलों में संचालित बाल संसद में हो रहा स्कॉलरशिप मंत्री का चयन




**रांची :** राज्य के सरकारी स्कूलों में संचालित बाल संसद में स्कॉलरशिप मंत्री पद का सृजन किया जा रहा है।अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री दीपक बिरुआ के आदेश के उपरांत उपरोक्त पदों का सृजन हो रहा है, ताकि बच्चे छात्रवृत्ति को लेकर जागरूक हो सकें।

पूर्वी सिंहभूम के सरकारी स्कूल में पढ़ने वाली जानकी अब बच्चों को छात्रवृत्ति के लिए जागरूक कर रही है।वह यह सुनिश्चित करती है कि उसके विद्यालय के सभी बच्चों को छात्रवृत्ति प्राप्त हो। ऐसे ही सभी सरकारी विद्यालयों में जानकी जैसे बच्चों को छात्रवृत्ति मंत्री पद पर नियुक्त किया जा रहा है। इससे पूर्व मंत्री दीपक बिरुआ ने जिला के उपायुक्तों को स्कूल स्तर पर कैंप लगाकर मिशन मोड में सभी छात्र-छात्राओं का आधार कार्ड बनाने, आधार कार्ड को बैंक खाता से जोड़ने, केवाईसी कराने, ऑनलाइन जाति और आय प्रमाण पत्र बनाने का कार्य संपन्न करने का निर्देश दिया है। विभिन्न विद्यालयों में बनाए जा रहे स्कॉलरशिप मंत्री को सभी छात्रों के लिए पात्रता मानदंड, आवेदन की अंतिम तिथि और आवश्यक दस्तावेजों के बारे में सटीक और अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराना होगा। उन्हें यह सुनिश्चित करना है कि उनके स्कूल के सभी छात्रों के लिए छात्रवृत्ति आवेदन पूरा हो। प्रधानाचार्यों से भी फॉलोअप करना होगा, ताकि किसी अस्वीकृति के बारे में पता चल सके और फिर सुधारात्मक उपाय किए जा सकें। योग्य छात्रों की पहचान करने और यह सुनिश्चित करने के लिए शिक्षकों और स्कूल प्रशासन के साथ मिलकर काम करना है, ताकि विद्यार्थी छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करें। आवेदन प्रस्तुतियों का ट्रैक रिकॉर्ड रखना और छात्रों के साथ फॉलोअप कर प्रक्रिया को पूरा करना भी कार्य दायित्व में शामिल है।

# बोलेरो ने मोटरसाइकिल को मारी टक्कर, एक की मौत



**टंडवा :** टंडवा-केरेडारी थाना क्षेत्र के सीमावर्ती डाम्हाबागी बाईपास मोड़ में तेज रफ्तार बोलेरो वाहन और बाईक में हुई टक्कर में बाईक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल व्यक्ति इलाज के लिए टंडवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए हजारीबाग रेफर कर दिया गया। वहीं घटना में बाइक सवार एक अन्य युवक की मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर टंडवा-केरेडारी मुख्य पथ को जाम कर दिया। घटना में मृतक युवक की पहचान थाना क्षेत्र के कुमरांगकला गांव निवासी 25 वर्षीय राजेन्द्र साव पिता-ढुबा साव के रूप में की गई। बताया कि राजेंद्र अपने बहनोई के साथ बाईक पर सवार होकर बहनोई की बहन के शादी का कार्ड बांटने बड़कागांव की ओर जा रहा था। इसी दौरान बाईपास मोड़ के समीप कोल वाहन के चकमे से अनियंत्रित हो बोलेरो वाहन ने टक्कर मार दिया। खबर लिखे जाने तक सड़क जाम ही था।

## झारखंड हाई कोर्ट में सत्य की हुई जीत : अनिता यादव

**रांची :** राजद की प्रदेश उपाध्यक्ष अनीता यादव ने कहा कि हेमंत सोरेन को हाई कोर्ट से जमानत मिलने पर न्याय और लोकतंत्र पर लोगों का भरोसा बढ़ा है । झारखंड हाई कोर्ट में सत्य की जीत हुई है। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि ईडी और सीबीआई केंद्र सरकार के इशारे पर काम कर रही है। आदिवासी और पिछड़े नेताओं पर झूठे आरोप लगा जबरन उन्हें जनता से दूर रखने के लिए जेल की सलाखों के पीछे रखा जा रहा है। ताकि समाजवाद की लड़ाई सामाजिक न्याय की लड़ाई कमजोर हो जाए। उन्होंने कहा कि झारखंड में केंद्र सरकार का षड्यंत्र सफल नहीं हो सका।

# हेमंत सोरेन को जमानत मिलने पर प्रदेश कांग्रेस ने मनाया जश्न

**रांची :** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जमानत मिलने पर शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस ने प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर नेताओं और कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया और इसे न्याय की जीत बताया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जनता ने अपना फैसला लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ सुना दिया। ठाकुर ने कहा कि जांच एजेंसी के जरिये केंद्र के इशारे पर जमानत नहीं होने देने की पूरी कोशिश की गई लेकिन न्यायालय द्वारा उन्हें जमानत की सुविधा प्रदान की गई और हमें पूरा



राजेश ठाकुर ने भी हेमंत सोरेन को जमानत मिलने पर प्रसन्नता व्यक्ति की और कहा कि न्यायपालिका पर अभी भी जनता का विश्वास कायम है। साजिश कितनी भी गहरी हो न्यायपालिका दूध का दूध पानी का पानी कर देती है। हेमंत सोरेन को झूठे मामले में फंसा कर जेल भेजा गया और झारखंड में सरकार गिराने और लोकसभा चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश केंद्र सरकार के जरिये की गई थी लेकिन महागठबंधन की एकजुट से सरकार स्थिर रही और भरोसा है कि वो आगे दोष मुक्त भी होंगे। उन्होंने कहा कि इस फैसला का झारखंड में बड़ा प्रभाव पड़ेगा और इंडिया गठबंधन और अधिक मजबूती से आगामी विधानसभा चुनाव लड़ेगा। इस दौरान मुख्य रूप से संगठन महासचिव अमूल्य नीरज खलको, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, निरंजन पासवान, सोनाल शांति, ऋषिकेश सिंह, कुमार राजा, जगदीश साहु, नेलीनाथन, गुलजार अहमद, प्रभात कुमार, अजय सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## टुटीटांड गांव में पहुंचेगी बिजली व पेयजल की व्यवस्था

**टंडवा :** खबर का एक बार फिर असर हुआ। शुक्रवार को प्रखंड के पदमपुर पंचायत के टुटीटांड गांव में व्याप्त सड़क, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं को दैनिक अखबार खबर प्रकाशित किया गया था। खबर के प्रकाशित होने के बाद प्रशासन तुरंत हरकत में आई। प्रखंड के बीडीओ देवलाल उरांव ने गांव में व्याप्त बिजली और पानी की समस्या के तत्काल समाधान को लेकर काफी गंभीर हैं। उन्होंने खबर प्रकाशित होने के बाद शुक्रवार को ही एक टीम भेजकर गांव में व्याप्त बिजली और सड़क की समस्या का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने दो-तीन दिनों के भीतर गांव में व्याप्त पेयजल की समस्या का निदान कराए जाने की बात कही। वहीं गांव में व्याप्त बिजली की समस्या को लेकर बिजली विभाग के अधिकारी भी गंभीर नजर आए। बिजली विभाग के अधिकारियों ने भी गांव में बिजली की समस्या के समाधान को लेकर एक टीम को भेजकर गांव तक बिजली पहुंचाने के पहलुओं का जायजा करवाया। जयजा लेने आए बिजली विभाग के कर्मियों का कहना है कि गांव में जल्द ही बिजली पहुंच जाएगी। पत्रकारों के इस पहल पर गांव के ग्रामीण आभार व्यक्त कर रहे हैं।

## सोशल मीडिया एक्स पर झामुमो ने लिखा 'जय संविधान'

**रांची :** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जमानत मिलने के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने दो शब्दों में प्रतिक्रिया दी है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पार्टी ने लिखा 'जय संविधान' लिखा है। इस कमेंट के साथ हेमंत सोरेन की बड़ी दाढ़ी वाली फोटो है, जिसके पीछे एक शेर दहाड़ रहा है। झारखंड सरकार के मंत्री दीपक बिरुवा ने भी एक्स पर लिखा है सत्यमेव जयते! जय जोहार मेरे भाई हेमंत सोरेन। आपकी लड़ाई रंग लाई! मंत्री हफीजुल हसन ने ट्वीट कर हेमंत सोरेन की रिहाई पर प्रसन्नता जताई है।


## कार्यालय, नगर पंचायत, बुण्डू (राँची)

पता– ब्लॉक रोड, बुण्डू, पिन – 835204 **Email Id-** nagarpanchayatbundu@gmail.com

पत्रांक –     दिनांक –

### आम – सूचना

नगर पंचायत बुण्डू क्षेत्र अंतर्गत सभी Septic Tank Operators को सूचित किया जाता है कि दिनांक – 08-07-2024 तक नगर पंचायत बुण्डू कार्यालय मे आकर अपना निबंधन (Registration) कराना सुनिश्चित करें अन्यथा बिना पंजीकरण के यदि कोई संचालनकर्ता द्वारा Septic Tank Cleanning का कार्य किया जाता है तो उस स्थिति में विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी ।

प्रशासक,
नगर पंचायत, बुण्डू

PR 328013 Urban Development(24-25)D

## हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० 07/2024–25

**Head :- Civic Amenities**

| Group No. | Name of work | Estimated Cost (Rs.) | Earnest Money (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Completion period for construction |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of R.C.C Drain from the H/o Nita Kumari to Barkagaon Road Via H/o Chandan Gupta, Rajkishor Yadav in Ward No. 33 Under Municipal Corporation, Hazaribag | 9,98,000/- | 20,000/- | 5,900/- | 30 Days |
| 2. | Construction of R.C.C Drain from Govt. Bus stand to Post Office Chowk in Ward No. 13 Under Municipal Corporation, Hazaribag | 7,50,000/- | 16,000/- | 5,900/- | 30 Days |

1. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान
   तिथि एवं समय : नगर निगम कार्यालय, हजारीबाग
   दिनांक 13.07.2024 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 2.00 बजे अपराह्न तक
2. निविदा प्राप्ति का स्थान
   तिथि एवं समय : नगर निगम, हजारीबाग
   दिनांक 15.07.2024 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 2.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा खोलने का स्थान
   तिथि एवं समय : नगर निगम, हजारीबाग
   दिनांक 15.07.2024 को 2.00 बजे अपराह्न से अंतिम निविदा खुलने तक
4. विज्ञापनदाता का पदनामःनगर आयुक्त–सह–प्रशासक, नगर निगम, हजारीबाग।

**नोट** :– निविदा से संबंधित शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालय अवधि में नगर निगम कार्यालय में देखा जा सकता है।

ह० /–
**नगर आयुक्त–सह–प्रशासक**
**नगर निगम, हजारीबाग।**

PR 328118 (Urban Development and Housing) 24-25 (D)

## प्रपत्र VI 'क'

## समाहरणालय, गढ़वा (जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार प्रारंभिक अधिसूचना (अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)

अधिसूचना संख्या 467/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 18.06.2024

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–गौरगरा, थाना नं0–103, थाना–रंका, अंचल–रंका, जिला–गढ़वा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना रंका–रमकण्डा पथ (कुल लम्बाई 20.925 कि0मी0) का चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण का कार्य अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–गौरगरा, थाना नं0–103, थाना–रंका, अंचल–रंका, जिला–गढ़वा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश– **0.894** एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | पूरा पता सहित वर्त्तमान रैयत का नाम | सीमा (भूखंड सं) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प0 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 158 | 482 | रैयती | टाड़ दो | 0.008 | बुधन यादव पिता–सुखदेव यादव | 482 | 481 | रास्ता | 469 |
| 2 | 61 | 481 | रैयती | टाड़ दो | 0.029 | विशुन देव यादव वगैरह | 482 | 480 | रास्ता | 469 |
| 3 | 61 | 485 | रैयती | टाड़ दो | 0.026 | पेहटु पासवान वगैरह | 485 | 486 | 488 | रास्ता |
| 4 | 32 | 607 | रैयती | टाड़ दो | 0.039 | छटुन सिंह पिता–जगदयाल सिंह | 607 | रास्ता | रास्ता | 608 |
| 5 | 32 | 609 | रैयती | टाड़ दो | 0.002 | छटुन सिंह पिता–जगदयाल सिंह | 609 | रास्ता | रास्ता | 610 |
| 6 | 112 | 604 | रैयती | टाड़ दो | 0.036 | राम देव सिंह वगैरह | 605 | 603 | रास्ता | 602 |
| 7 | 138 | 603 | रैयती | टाड़ दो | 0.035 | समुन्द्री कुँवर पिता गिरवर सिंह | 604 | 599 | रास्ता | 602 |
| 8 | 27 | 599 | रैयती | टाड़ दो | 0.040 | चन्द्रिका सिंह पिता–नारायण सिंह | 603 | 597 | रास्ता | 600 |
| 9 | 27 | 597 | रैयती | टाड़ दो | 0.030 | दिपक सोनी,वगैरह | 599 | 596 | रास्ता | 594 |
| 10 | 52 | 596 | रैयती | टाड़ दो | 0.041 | दुबराज सिंह पिता–तुलसी सिंह वगैरह | 597 | 580 | रास्ता | 580 |
| 11 | 52 | 580 | रैयती | टाड़ दो | 0.043 | प्रेम साव वो माकुन्द साव | 596 | 579 | रास्ता | 581 |
| 12 | 75 | 578 | रैयती | टाड़ दो | 0.026 | विशुन देव यादव वगैरह पिता नकछेदी यादव | 580 | 577 | रास्ता | 585 |
| 13 | 112 | 577 | रैयती | टाड़ दो | 0.015 | राम देव सिंह वगैरह | 578 | 575 | रास्ता | 576 |
| 14 | 79 | 573 | रैयती | टाड़ दो | 0.035 | बुधन यादव पिता–सुखदेव यादव | 575 | 568 | रास्ता | 574 |
| 15 | 15 | 568 | रैयती | टाड़ दो | 0.063 | गनौरी महतो वगैरह पिता–भजु कुम्हार | 573 | 567 | रास्ता | 571 |
| 16 | 48 | 496 | रैयती | टाड़ दो | 0.003 | अज्ञात | 496 | 497 | 496 | रास्ता |
| 17 | 32 | 497 | रैयती | टाड़ दो | 0.0147 | छठन सिंह पिता–जगदेयाल सिंह | रास्ता | 498 | 496 | रास्ता |
| 18 | 73 | 504 | रैयती | टाड़ दो | 0.046 | विश्वनाथ सिंह वगैरह पिता–गिरवर सिंह | 503 | 505 | 503 | रास्ता |
| 19 | 73 | 505 | रैयती | टाड़ दो | 0.039 | विश्वनाथ सिंह वगैरह पिता–गिरवर सिंह | 504 | 506 | 504 | रास्ता |
| 20 | 138 | 506 | रैयती | टाड़ दो | 0.014 | समुन्द्री कुँवर पिता–कुँवर सिंह | 505 | 507 | 505 | रास्ता |
| 21 | 27 | 507 | रैयती | टाड़ दो | 0.082 | चन्द्रिका सिंह पिता–नारायण सिंह वगैरह | 506 | 513 | 508 | रास्ता |
| 22 | 27 | 513 | रैयती | टाड़ दो | 0.004 | चन्द्रिका सिंह पिता–नारायण सिंह | 507 | 514 | 514 | रास्ता |
| 23 | 52 | 514 | रैयती | टाड़ दो | 0.066 | दुबराज सिंह महाराज सिंह पिता–तुलसी सिंह वगैरह | 513 | 520 | 515 | रास्ता |
| 24 | 75 | 521 | रैयती | टाड़ दो | 0.044 | विशुन देव यादव वगैरह पिता–नकछेदी यादव | रास्ता | 524 | 523 | रास्ता |
| 25 | 112 | 524 | रैयती | टाड़ दो | 0.035 | रामदेव सिंह पिता–प्रताप सिंह वगैरह | 521 | 537 | 525 | रास्ता |
| 26 | 147 | 539 | रैयती | टाड़ दो नई परती काबिल आबाद | 0.003 | विशुनदेव सिंह पिता–ब्रहमदेव सिंह वगैरह | 538 | 861 | 540 | रास्ता |
| 27 | 15 | 562 | रैयती | टाड़ दो | 0.008 | गनौरी महतो पिता परमेश्वर सिंह वगैरह | रास्ता | 563 | 561 | रास्ता |
| 28 | 15 | 563 | रैयती | टाड़ दो | 0.067 | शिवचन्द साव वगैरह | 562 | 564 | 560 | रास्ता |
| कुल :– | | | | | **0.894** | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम,2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा और उनके अमीन फैजुल्लाह अंसारी, को प्राधिकृत करता हूँ।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

झारखण्ड सरकार, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, (भू–अर्जन निदेशालय) राँची, झारखण्ड की अधिसूचना संख्या सं0सं0–08ढ0/भू0अ0नि0(अधिनियम)–129/2017/नि0रा, दिनांक 09.10.2018 के आलोक में यह परियोजना सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन की कार्यवाही से मुक्त है।

PR 328018 District(24-25)D

उपायुक्त,गढ़वा।

## JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED

(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, Kutchery Road, Ranchi-834001, Jharkhand.

Ph No.: +91-651-2225878; e-mail Id-; pdt.juidco@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752 Date: 28/06/2024

### Advertisement

All prospective bidders are hereby informed that a ***Market Consultation Workshop for 3 Urban Water Supply Projects for the towns Lohardaga, Gumla and Kapali under World Bank Aided JMDP*** is going to be organised on 1st of July 2024 from 15:00 Hrs onwards.

The workshop will be organized through virtual mode and for the same google meet link has been created. Please use this link to join –
https://calendar.app.google/XR61u5XMuoLzhuYF9 or meet.google.com/jwt-zkbm-qmc

The primary purpose of this workshop is to discuss and showcase the 3 urban Water supply schemes for Lohardaga, Gumla and Kapali under World Bank aided JMDP. During the workshop, we will cover various aspects of the pipeline projects undertaken by JUIDCO and the procurement guidelines associated with them.

To ensure comprehensive coverage, we will discuss all the qualification criteria which will be used during evaluation of the submitted proposals.

Sd/-
Project Director (Technical)
JUIDCO Ltd., Ranchi

PR 328027 Urban Development and Housing(24-25)D

## जिला खेल पदाधिकारी का कार्यालय, गुमला

(जिला पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकुद एवं युवाकार्य शाखा)
E-mail Id: sportsgumla@gmail.com

### आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गुमला जिलान्तर्गत सांस्कृतिक मेला/महोत्सव/प्रदर्शनी कार्यक्रम इत्यादि जो राज्य के कला एवं संस्कृत्ति के दृष्टि से उसकी विशेषता एवं ऐतिहासिकता है, जिसके संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए मेला, महोत्सव एवं प्रदर्शनी इत्यादि के आयोजन के लिए सांस्कृतिक निदेशालय से आवंटन उपलब्ध कराया जाना है। आयोजन के लिए **DTPC,** गुमला से अनुशंसा के उपरान्त कार्य योजना तैयार कर प्रस्ताव निदेशालय को भेजा जाना है। जिले के सभी सांस्कृतिक मेला/महोत्सव/प्रदर्शनी कार्यक्रम इत्यादि के आयोजक/समिति/क्लब द्वारा प्रस्ताव निम्नवत् प्रपत्र में उपलब्ध कराया जा सकता है–

| क्र0 | आयोजन का नाम एवं विवरणी | आयोजन स्थल | आयोजन माह/तिथि | आयोजन का ऐतिहासिक/सांस्कृतिक महत्व | आयोजन का उद्देष्य | आयोजन की रूप रेखा | आयोजक के संबंध में जानकारी (जिला प्रषासन/अन्य समिति | आयोजन हेतु वांछित राषि। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | | | | | | | | |

उक्त प्रपत्र में विस्तृत विवरणी (सामाचार पत्र कतरन, आयोजन हेतु अनुमानित व्यय संबंधित कागजात सहित) भर कर जिला खेल कार्यालय, गुमला, नया समाहारणालय भाग–1, कमरा न0– 05 में दिनांक–05.07.2024 तक उपलब्ध कराया जा सकता है।

ह0/–
जिला खेल पदाधिकारी–सह–
जिला संस्कृति नोडल पदाधिकारी,गुमला।

PR 328041 District(24-25)D

## कार्यालय : मत्स्य अनुसंधान केन्द्र, शालीमार,राँची

### रंगीन मछली पालकों के लिए आम सूचना

एतद् द्वारा राँची जिला के शहरी क्षेत्रो में एक्वेरियम शॉप/रंगीन मछली दुकान सज्जा हेतु इस कार्य से जुड़ी महिलाओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में ''मत्स्य विपणन योजना'' के विभागीय स्वीकृत्यादेश संख्या 07 रा0 (वि0) दिनांक 19.06.2024 द्वारा निम्नलिखित रूप से भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य प्राप्त है जिसके लिए इच्छुक रंगीन मछली पालकों/महिलाओं से दिनांक 25.07.2024 तक आवेदन आमंत्रित किए जाते है :–

| योजना/कार्यक्रम का नाम एवं विवरणी | भौतिक लक्ष्य (संख्या में) | आवेदन हेतु आर्हताएँ |
|---|---|---|
| "A" एक्वेरियम शॉप/रंगीन मछली दुकान सज्जा के लिए उपकरण हेतु अनुदान<br>"B" एक्वेरियम शॉप/रंगीन मछली दुकान सज्जा के लिए राज्यादेश के आलोक में प्रति लाभुक उपकरण हेतु मो0 1.00 लाख रूपया मात्र अनुदान निर्धारित है (मो0 1.00 लाख से अधिक राशि के लागत पर लाभुक का अंशदान समाहित होगा) | लघु शीर्ष 101 – 02<br>लघु शीर्ष 796 – 03<br>लघु शीर्ष 789 – 02<br>कुल 07 | (क) आवेदक रंगीन मछली पालन/एक्वेरियम शॉप संचालन हेतु विशेष रूप से प्रशिक्षित हो। (प्रशिक्षण प्रमाण–पत्र संलग्न करें)।<br>(ख) रंगीन मछली पालन में प्रशिक्षित महिलाओं को प्राथमिकता दी जायेगी (प्रशिक्षण प्रमाण–पत्र संलग्न करें)।<br>(ग) आवेदक अपना अंशदान लगाने में सक्षम हों।<br>(घ) दिव्यांग आवेदक को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जायेगी (आवदेन के साथ असैनिक शल्य चिकित्सक द्वारा निर्गत दिव्यांगता प्रमाण–पत्र संलग्न करें)।<br>(ङ) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन–जाति वर्ग के आवेदक जाति प्रमाण–पत्र की छायाप्रति संलग्न करें।<br>(च) आवेदन–पत्र के साथ आधार की छायाप्रति, बैंक पासबुक की छायाप्रति एवं एक्वेरियम दुकान का आवेदक के साथ फोटाग्राफ सलंग्न करें।<br>(छ) लाभुकों का चयन जिला स्तर पर इस प्रयोजनार्थ गठित समिति द्वारा सुयोग्य लाभुकों का चयन किया जायेगा जो अंतिम होगा। |

नोट :– आवेदन–पत्र मत्स्य अनुसंधान केन्द्र शालीमार, राँची से प्रत्येक कार्य दिवस को प्राप्त किया जा सकता है जिसे निर्धारित अंतिम तिथि 25.07.2024 तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा किया जा सकता है।

ह0/–
सहायक मत्स्य निदेशक (अनु0)
मत्स्य अनुसंधान केन्द्र, राँची

PR 328095 Fish(24-25).D

## Office of the Municipal Commissioner

Hazaribagh Municipal Corporation,
Mobile no. 9835901896 email ID: municipality_08@rediffmail.com

Tender Notice No. :- UDD/HMC/HZB/07/2024-25 Date: 27.06.2024

### Short e-Tender Notice

The Municipal Commissioner, Hazaribagh Municipal Corporation, Jharkhand invites online tender from the individual Manufactures/Authorized Dealers/Suppliers or a consortium of maximum two such suppliers for supply of below mentioned materials.

| Sr. No | Particulars | Estimated Cost | (E.M.D.) Earnest Money Deposit | Tender Fees (Non-Refundable) | e-Tender ID No. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | "Purchase of Aerobic Toilet (02 for Male & 02 for Female each) with complete solar sysem " | 46,17,340.00 | 93,000.00 | 10,000/- | UDD/HMC/HZB/07/2024 - 25 |

Bid document downloading Start Date : 01.07.2024
Bid document downloading End Date : 17.07.2024
Last Date & Time for receipt of Bid : 17.07.2024
Technical & Financial Bid Opening Date : 18.07.2024 at 12:00 PM

Bidders have to submit Technical Bid and Price Bid in Electronic format only on www.jharkhandtenders.gov.in website till the last date and time for submission. Technical Bid and Price Bid in Physical format shall not be accepted in any case.

Bid submission should be done along with tender Fees and EMD in original by R.P.A.D./Speed Post or to be deposited in the tender box kept in the office of the undersigned. However, Tender Inviting Authority shall not be responsible for any postal delay. Tenders can be downloaded from www.jharkhandtenders.gov.in

1. The EMD and Tender Fees should not be forwarded by cash.

2. The Tender Fees and EMD will be accepted in only on Online mode in website of www.jharkhandtenders.gov.in

The tender inviting authority reserves the right to accept or reject any or all the tender to be received without assigning any reasons thereof. In case bidder needs any clarification on the process of bidding for participating in online tender for further details, correspondence can be made on E-mail: municipality_08@rediffmail.com Mobile No: 9431370243 Website: www.jharkhandtenders.gov.in

**Municipal Commissioner**
**Hazaribagh Municipal Corporation.**
**Jharkhand**

PR 328068 (Urban Development and Housing) 24-25 (D)

## 14वीं पुण्यतिथि पर याद किये गए युवराज

**रातू :** हटिया के पूर्व विधायक युवराज गोपाल शरण नाथ शाहदेव की 14वीं पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार को रातू पैलेश मे श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमे महाराजा की पुत्री माधुरी मंजरी देवी, कल्पना देवी, कुमार आदित्येंद्र नाथ शाहदेव, अनुप शाहदेव, राजेश शाहदेव, अजय नाथ शाहदेव, अभिरीत सिंह देव, अखौरी नीरज कुमार, चंद्रशेखर चौरसिया, दामोदर मिश्रा, विजय सिंह, संजय गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर युवराज की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। वहीं युवराज चौक काठीटांड़ में दुकानदार संघ, बुद्धीजीवियों ने युवराज के चित्र पर श्रद्धा सुमन



अर्पित कर दो मिनट का मौन रख कर उनके आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया। मौके पर पृथ्वी नाथ शाहदेव, अरविंद पांडेय, कुशल उरांव, सुधीर सिंह, महावीर विश्वकर्मा, कमरुल हक, अशोक तिर्की, रमेश दयाल, बाबू साहु, जयगोविंद मुंडा, सुनील सिंह, जितेश्वर मुंडा, बेलाल अंसारी, गाजे नगार्ची, देवा सहित अन्य लोग उपस्थित थे। वहीं फन कैसल पार्क में उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया।

## अषाढ़ी बथान पूजा का आयोजन

**रातू :** सामाजिक व धार्मिक संस्था मारुति मंगल परिवार के जन्मस्थली ग्राम तिगरा टिकरा टोली में शुक्रवार को अषाढ़ी बथान बाबा का पूजा धुमधाम के साथ मनाया गया। मुख्य पुजारी बलदेव महतो ने पूजा अर्चना कर गछित 101 बकरा का बलि प्रदान किया। मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष विक्रम महतो, मुकुंद महतो, सुमेश कुमार, कपिल महतो, मदन कुमार, रिकेश महतो, संजय महतो सहित रांची जिला के विभिन्न प्रखंडों से दर्जनों सदस्य उपस्थित थे।

## हेमंत के जेल से रिहा होने पर कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटी

**रातू :** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जेल से बाहर निकलने पर झामुमो कार्यकताओं ने शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अंसारी के नेतृत्व में आतिशबाजी व मिठाई बांट कर जश्न मनाया। वहीं झामुमो नेता महावीर विश्वकर्मा ने कहा कि हाई कोर्ट द्वारा बेल मिलने पर हेमंत सोरेन के जेल से बाहर आने पर कहा कि सच्चाई की जीत हुई है तथा भाजपा के षडयंत्र का पदार्फाश हुआ है। मौके पर शमीम मंसूरी, असलम अंसारी, शरीफ अंसारी, मुंतज़िर खान, सफीक अंसारी, आशिक मंसूरी, कलीम अंसारी, अमन कुमार साहू, जाबिर अंसारी, इरशाद अंसारी, सुभान अंसारी, इरशाद अंसारी, मुदस्सर खान, सचिन उरांव सहित अन्य उपस्थित थे।

# बीएलओ सुपरवाइजर मतदाता सूची का करेंगे घर-घर भौतिक सत्यापन : सीईओ

**रांची :** राज्य में चल रहे मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के सफलतापूर्वक कार्यान्वयन के लिए सभी विधानसभा क्षेत्रों के ईआरओ एवं उप निर्वाचन पदाधिकारियों के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में शुक्रवार को दो दिवसीय क्रमागत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दो दिनों तक चलने वाले इस प्रशिक्षण सत्र में पदाधिकारियों को मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि हाल ही में बीते लोकसभा चुनाव के अनुभवों से सीखते हुये आगामी विधानसभा चुनाव के लिए त्रुटि रहित मतदाता सूची बनाये जाने



की दिशा में सभी से बेहतर प्रयास अपेक्षित हैं। उन्होंने कहा कि सभी घरों तक बीएलओ सुपरवाइजर के स्तर से मतदाता सूची के पुनरीक्षण के कार्य का सत्यापन कराया जाना है।

रवि कुमार ने कहा कि बीएलओ सुपरवाइजर घर-घर सत्यापन के उपरांत विभाग द्वारा प्रदत्त स्टिकर को सत्यापित घरों पर अपने हस्ताक्षर के साथ अनिवार्य रूप से लगाएंगे। इसे संबंधित ईआरओ और एईआरओ फील्ड विजिट के क्रम में भौतिक निरीक्षण करेंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में 80 प्रतिशत से कम मतदान वाले सभी मतदान केंद्रों का संबंधित ईआरओ अपने स्तर से निरीक्षण करते हुए वहां कम मतदान होने के पीछे जिम्मेदार कारणों को जांचते हुए उनके यथासंभव निराकारण का कार्य करेंगे।

संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार ने प्रशिक्षण में आये सभी पदाधिकारियों से अपील किया कि वे अपने विधानसभा क्षेत्रवार कार्ययोजना तैयार कर निर्वाचन कार्यों का ससमय दक्षतापूर्वक निष्पादन करना सुनिश्चित करेंगे। सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देवदास दत्ता ने स्वीप विशेषकर चुनावी साक्षरता क्लब एवं मतदाता जागरुकता फोरम आदि के बारे में विस्तार से बताया।

ओएसडी गीता चौबे ने ई-रोल, उप निर्वाचन पदाधिकारी मुख्यालय संजय कुमार ने मतदाताओं से प्राप्त शिकायतों के निवारण संबंधी पोर्टल, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह ने मतदान केंद्रों के रेशनलाईजेशन, सिस्टम एनालिस्ट एसएन जमील ने ईआरओ-नेट 2.0 के बारे में पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया।

इस अवसर पर विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के ईआरओ एवं संबंधित जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारियों सहित मुख्य निर्वाचन पादधिकारी कार्यालय के पदाधिकारी मौजूद थे।

## झारखंड हाई कोर्ट ने जेनेटिक अस्पताल के अमानवीय कृत्य का लिया संज्ञान

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट ने रांची के बरियातू-बूटी रोड स्थित जेनेटिक अस्पताल में बिल जमा नहीं करने पर अस्पताल प्रबंधन द्वारा एक मां को उसके नवजात से 23 दिन तक अलग रखकर बंधक बनाए जाने के मामले को गंभीरता से लिया है। कोर्ट ने शुक्रवार को मामले का संज्ञान लेते हुए मुख्य सचिव से जवाब मांगा है। कोर्ट ने रांची सिविल सर्जन को अस्पताल के रजिस्ट्रेशन की जांच करने का निर्देश दिया है। कोर्ट में मौजूद स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव ने आश्वस्त किया कि जांच कर जेनेटिक अस्पताल प्रबंधन पर कार्रवाई की जाएगी। मामले की अगली सुनवाई 18 जुलाई को होगी। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया कि जेनेटिक अस्पताल ने पेशेंट के साथ अमानवीय व्यवहार किया है। कोर्ट को बताया गया कि रनिया के बनावीरा नवाटोली निवासी सुनीता कुमारी को 28 मई को प्रसव पीड़ा होने पर खूंटी सदर अस्पताल ले जाया गया था। वहां से उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। यहां आते ही एक ऑटो चालक महिला के पति मंगलू को झांसा देकर जेनेटिक अस्पताल ले गया, जहां महिला ने बच्चे को जन्म दिया। अस्पताल प्रबंधन ने मंगलू से चार लाख रुपये मांगे। जमीन बेचकर दो लाख उसने दे दिए। शेष दो लाख देने में उसने असमर्थता जतायी। इसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने सुनीता को बंधक बना लिया। सूचना मिलने पर सीआईडी की टीम ने 27 जून को सुनीता को अस्पताल से मुक्त कराया था। कोर्ट को यह भी बताया गया कि जब अस्पताल प्रबंधन ने महिला के पति को नवजात शिशु के साथ घर भेज दिया तो उसने बकरी का दूध पिलाकर शिशु को जिंदा रखा।

## नेशनल इंटर स्कूल इंटर-डिसिप्लिनरी आर्ट्स कॉन्क्लेव के दूसरे संस्करण प्रतिध्वनि का उद्घाटन

**रांची :** सरला बिरला पब्लिक स्कूल रांची में 28 से 30 जून, 2024 तक आयोजित नेशनल इंटर स्कूल इंटर-डिसिप्लिनरी आर्ट्स कॉन्क्लेव के दूसरे संस्करण प्रतिध्वनि का शानदार उद्घाटन हुआ। यह कॉन्क्लेव श्रीमती सरला बिरला की जन्म शताब्दी को समर्पित है। इस शानदार कार्यक्रम में पूरे भारत के 35 स्कूलों के 500 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों और प्रतिभागियों के स्वागत के साथ हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बीबीएमकेयू, धनबाद के पूर्व कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) अंजनी कुमार श्रीवास्तव उपस्थित थे। अन्य गणमान्य अतिथियों में सरला बिरला विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रोफेसर (डॉ) वी.के. सिंह, जेवीएम, श्यामली के प्राचार्य श्री समरजीत जाना, और गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल, कमड़े की प्राचार्या सुश्री शालिनी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम को सफल बनाया। निर्णायक मंडल में कला एवं संस्कृति क्षेत्र के विशेषज्ञ शामिल थे। दीप प्रज्ज्वलन से शुभ दिन की शुरूआत हुई इसके बाद स्वागत नृत्य हुआ। प्राचार्या ने भाग लेने वाले स्कूलों को संबोधित करके कार्यक्रम का उद्घाटन किया। प्रतिभागी स्कूलों को प्रतियोगिता के सामान्य नियमों से अवगत कराया गया। तीन दिवसीय कार्यक्रम में सामान्य प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, क्वार्टेटः अंग्रेजी में प्रायोगिक थिएटर प्रोडक्शन, फ्रेम्स- कैमरे के लिए पश्चिमी नृत्य, टॉर्क- एकीकृत नृत्य संवाद, संदर्भ- गीतों और शब्दों के माध्यम से एक यात्रा, सेमियो टेक्स्ट विजुअल आर्ट जैसी प्रतियोगिताओं की एक श्रृंखला तथा बहु-प्रारूप वाद-विवाद और रचनात्मक लेखन जैसी प्रतियोगिताएं शामिल की गई हैं। प्रथम दिन आयोजित प्रतियोगिताएँ पुरस्कार वितरण के साथ समापन हुई।

मुख्य अतिथि प्रोफेसर (डॉ.) अंजनी कुमार श्रीवास्तव ने इस भव्य कार्यक्रम में आमंत्रित करने के लिए स्कूल को धन्यवाद दिया। उन्होंने श्री जी. डी. बिरला से जुड़ी अपनी यादें साझा की और सभी को उनके दूरदर्शी व्यक्तित्व के बारे में बताया। उन्होंने समाज में श्रीमती सरला बिरला के योगदान और पूरे भारत में 45 स्कूलों की स्थापना में उनके प्रयासों के बारे में भी बात की। उन्होंने आयोजन की सफलता के लिए सभी को शुभकामनाएं दीं।

## सब जूनियर एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक विजेता को शुभकामनाएं दी

**रांची :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय में अंडर-17 सब जूनियर एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक विजेता रेसलर विकास कच्छप ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य के उभरते हुए रेसलर विकास कच्छप को उनकी इस उपलब्धि के लिए अपनी ओर से उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री को रेसलर विकास कच्छप ने जोर्डन में आयोजित हुए अंडर-17 सब जूनियर एशियन कुश्ती चैंपियनशिप प्रतियोगिता में



भाग लेने से लेकर कांस्य पदक जीतने तक की यात्रा एवं अनुभव से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने उनसे कहा कि आप आगे भी इसी तरह मेहनत करते रहें और देश-दुनिया में राज्य का नाम रोशन करते रहें। आप जैसे खिलाड़ियों पर राज्यवासियों को गर्व है। उल्लेखनीय है कि रेसलर विकास कच्छप झारखंड राज्य खेल प्रोत्साहन सोसाइटी में रहकर प्रक्षिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। रेसलर विकास कच्छप राज्य के पहले खिलाड़ी बने, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित अंडर-17 कुश्ती प्रतियोगिता में पदक जीता है। इस अवसर पर मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की और रेसलर विकास कच्छप की माता सुखमनी तिर्की सहित उनके अन्य परिजन उपस्थित थे।

## बिजली के टावर से चुराए गए एंगल के साथ पकड़े गए नौ आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

**मांडर :** बिजली के टावर से चुराये गये एंगल के साथ हातमा जंगल से पकड़े गये नौ आरोपियों को मांडर पुलिस ने शुक्रवार को जेल भेज दिया है. डीएसपी आरएन चौधरी ने शुक्रवार को मांडर थाना में प्रेस वार्ता में बताया कि आरोपियों ने बुढ़मू से एंगल चोरी कर उसे बाइक से अन्यत्र ले जाकर बेचने की बात स्वीकारी है साथ ही बताया है कि चोरी के एंगल को छह बाइक से अन्यत्र ले जाने के क्रम में सुबह हो जाने के कारण उन्होंने उसे हातमा जंगल मे छुपाकर रखा था. और वह खुद भी वहीं पर रुके हुये थे. पकड़े गये आरोपियों की निशानदेही पर दो और बाइक बरामद किया गया है. जिसका कोई भी वैध कागजात उनके पास नहीं है. मालूम है कि गुरुवार को टावर से चुराये गये पांच क्विंटल लोहे के एंगल व चार बाइक के साथ हजारीबाग बड़कागांव के सिमलतरी निवासी विनोद कुमार महतो, बड़कागांव महूदी के मेघु राणा, बुढ़मू के माशूक अंसारी, बुढ़मू ईचापीड़ी के इजहार मलिक, साहिल मलिक व सरथु मुंडा, चकमे गांव निवासी गुलजार खान, मक्का गांव के दीपक साहू एवं हिसरी काशीटोला के रामनाथ लोहार को मांडर के हातमा जंगल से पकड़ा गया था।

# 80 सीएम उत्कृष्ट विद्यालयों एवं 325 आदर्श विद्यालयों का साल में दो बार होगा योगात्मक मूल्यांकन

**रांची :** राज्य सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के प्रभारी सचिव उमाशंकर सिंह ने झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद में आयोजित स्कूली शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यक्रमों की रूपरेखा (एनसीएफएसई) के लिए शुक्रवार को राज्य संचालन समिति के बैठक की अध्यक्षता की।

उमाशंकर सिंह ने इस दौरान राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन एवं अन्य राज्यस्तरीय पदाधिकारियों को नियुक्तियों, आईटी सेल के गठन या बेस्ट प्रैक्टिसेज के डॉक्यूमेंटेशन की प्रक्रिया को डेढ़ से तीन महीने में पूरा करने का लक्ष्य दिया। उन्होंने जेसीईआरटी में पाठ्यक्रम डिजाईन और रिसर्च के कार्यो को प्राथमिकता देने का आदेश दिया। साथ ही ग्राफिक्स, डिजाइनिंग, प्रिंटिंग आदि के कार्यो को जेईपीसी से संचालित करने का निर्देश दिया।

शिक्षा सचिव ने कहा कि जेसीईआरटी केवल अनुशंधान और पाठ्यक्रमों पर केंद्रित होकर कार्य करें। बुक प्रिंटिंग से लेकर उसकी डिजाइनिंग और ग्रफिकिंग के लिए झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद अंतर्गत चार टीम बनेंगी, जो बुक की क्वालिटी, उसमे कंटेंट, ग्राफिक डिजाइनिंग, फोटोग्राफी आदि का कार्य पूर्ण करेंगी।

उमाशंकर सिंह ने झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद कैंपस में 500 लोगों की क्षमता वाला बड़ा ऑडिटोरियम बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में केवल झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) के पास बड़ा हॉल है। ऐसे में जेसीईआरटी में राज्यभर से शिक्षक अतिथि के रूप में प्रशिक्षण के लिए आते है। वर्तमान में बना हॉल पर्याप्त क्षमता वाला नहीं है। उन्होंने हॉल और ऑडिटोरियम के लिए प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया। साथ ही जेईपीसी के वार्षिक मैगजीन पंख के लिए एसओपी बनाने का निर्देश भी दिया।

उमाशंकर सिंह ने शिक्षा विभाग अंतर्गत हो रहे उत्कृष्ट अभ्यासों के डॉक्यूमेंटेशन पर जोर देते हुए इसपर कार्य शीघ्र शुरू करने का आदेश दिया। उन्होंने जेईपीसी



अंतर्गत विद्या समीक्षा केंद्र बनाने का निर्देश दिया। इसके लिए मानव बल के सृजन पर जोर देते हुए जल्द से जल्द इस कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया। विद्या समीक्षा केंद्र के माध्यम से राज्य के स्कूलों एवं शिक्षा के विभिन्न संकेतकों की मॉनिटरिंग होगी। साथ ही संकेतकों के अनुरूप कार्य संतोषजनक ना होने की स्थिति में कार्रवाई के लिए साप्ताहिक रिपोर्ट तैयार की जाएगी। साप्ताहिक रिपोर्ट के समीक्षा के बाद एक्शन रिपोर्ट भी बनेगा।

### स्कूल रिपोर्ट कार्ड बनेगा स्कूलों की ग्रेडिंग का आधार

प्रभारी सचिव ने प्रोजेक्ट इंपैक्ट अंतर्गत स्वतः मूल्यांकन के लिए जारी 'स्कूल रिपोर्ट कार्ड' को स्कूलों की ग्रेडिंग प्रक्रिया में शामिल करने का निर्देश दिया। 1500 अंकों के स्कूल रिपोर्ट कार्ड में जिस विद्यालय का प्रदर्शन बेहतर होगा, उन्हें गोल्ड ग्रेड सर्टिफिकेट मिलेगा। स्कूलों की ग्रेडिंग दो आधार पर होगी। पहला गोल्ड और दूसरा सिल्वर। गोल्ड श्रेणी के विद्यालयों को वरीयता के आधार पर अतिरिक्त सुविधाएं और शिक्षा में उत्कृष्ट प्रयासों के लिए अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराई जायेगी। स्कूलों में ₹प्रयास-सह-प्रोजेक्ट परियोजना प्रभाव-एनईपी₹ के तहत हो रहे कार्यो की समीक्षा के लिए झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की टीमे लगातार फील्ड अनुश्रवण करेंगी। राज्य के 35000 स्कूलों की पहली रिपोर्ट कार्ड 15 अगस्त से 30 अगस्त के बीच जारी होगी। तदोपरांत विद्यालयों द्वारा मूल्यांकन की पड़ताल कर स्कूल ग्रेडिंग की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। राज्य के 80 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों अथवा 325 प्रखंडस्तरीय आदर्श विद्यालयों का जैक द्वारा वर्ष में दो बार योगात्मक मूल्यांकन भी कराया जायेगा।

### प्रभारी सचिव ने किया जेसीईआरटी का निरीक्षण

राज्य संचालन समिति की बैठक के बाद स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के प्रभारी सचिव ने झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, रातू का समग्र निरिक्षण किया। उमाशंकर सिंह ने जेसीईआरटी के निदेशक आदित्य रंजन एवं जेईपीसी, जेसीईआरटी के अन्य पदाधिकारियों की मौजूदगी में जेसीईआरटी के भवन निर्माण, मॉडल लैब इकाई, प्रशिक्षण कक्षों, जनजातीय भाषा प्रयोगशाला, कैंटीन, हॉस्टल आदि का अनुश्रवण किया।

उन्होंने झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद में नवनिर्मित साइंस, इंटीग्रेटेड मैथ्स और साइंस लैब, सोशल साइंस लैब, जनजातीय भाषा लैब, ईसीसीई-एफएलएन-टीएलएम लैब, वोकेशनल लैब, आईसीटी लैब, पुस्तकालय का निरीक्षण कर पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उमाशंकर सिंह ने ईसीसीई-एफएलएन प्रयोगशाला में स्थापित 'जादूई पिटारा' की जमकर तारीफ की। साथ ही प्रशिक्षण प्राप्त करने आये शिक्षकों से भी बात की और उनका फीडबैक लिया। प्रभारी सचिव ने कैंटीन में शाम के नाश्ते हुए तैयार हो रहे खाने की गुणवत्ता की भी जांच की अथवा अतिथियों के लिए बने हॉस्टल के कमरों का भी अवलोकन किया।

## आंधी तूफान से उजड़े घरों के मुआवजे की मांग को लेकर प्रभावि प्रखंड का करेंगें घेराव

**अनगड़ा :** ग्रामीणो की समस्याओं को लेकर गुरुवार को राजाडेरा पंचायत में आजसू पार्टी पंचायत प्रभारी प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक हुयी। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव ने कहा कि गत दिनों



आंधी और तूफान से 50 से ज्यादा गरीब परिवारों का छत और घर उजाड़ गया है जिसके चलते प्रभावित परिवारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उनके घरों में बारिश का पानी घुसना शुरू हो गया है। इन्हें तत्काल सरकारी सहयोग की आवश्यकता है। इन सभी समस्याओं का समाधान को लेकर ग्रामीणों ने 28 जून को प्रखंड का घेराव करेंगें एवं ग्रामीण का नुकसान की भरपाई जल्द से जल्द नही हुवा तो उग्र आंदोलन भी किया जायेगा। बैठक मे महाबीर महतो सम्भु सिंह नकुल सिंह ललिता देवी चोलो देवी पयासो देवी बसंती देवी कांति देवी राजेश लोहरा सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## मां के नाम एक पेड़ कार्यक्रम के तहत बाबूलाल मरांडी नेअनगड़ा में वृक्षारोपण किया

**अनगड़ा :** मां के नाम एक पेड़ कार्यक्रम के तहत भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्य मंत्री बाबूलाल मरांडी अनगड़ा के बरवा टोली गांव में वृक्षारोपण किया। झारखंड प्रदेश सह संयोजक भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यदेव मुंडा के नेतृत्व में आयोजित



इस वृक्षारोपण कार्यक्रम रोपण कार्यक्रम से पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री श्री मराडी के द्वार शाहीद नीलांबर पीतांबर के प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया गया। तत्पश्चात पौधा रोपण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी 110 पौधे लगाए गये। इस मौके पर पूर्व मुख्य मंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा की पेड़ है तो जान है हवा है पशु पक्षी जीव जंतु जल जमीन सब सुरक्षित है। पेड़ मानव जीवन से लेकर पशु पक्षी सभी का जीवन रक्षक है। पेड़ जीवन के लिए काफी उपयोगी है । इसलिए पेड़ लगाना और उसे बचाना हम सबों का परम कर्तव्य है । इस अवशर पर अनुसूचित जनजाति मोर्चा के महामंत्री बुधराम बेदिया ने वृक्षारोपण कार्य के लिए अपना एक एकड़ जमीन उपलब्ध कराया । और इसका संरक्षण का जिम्मेदारी भी लिया है। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सुरेंद्र महतो पूर्व विधायक रामकुमार पाहन मानकी राजेंद्र शाही अमरनाथ चौधरी सुनील महती नरेश साहू सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।

## नगड़ी थाना का घेराव प्रर्दशन किया

**पिस्का नगड़ी :** माकपा नेता सुभाष मुंडा हत्याकांड के बाकी अभियुक्तों की गिरफ्तारी की माँग और फोरेंसिंक जांच रिपोर्ट कोर्ट में समर्पित करने की मांग को लेकर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की नगड़ी लोकल कमिटी के तत्वाधान में नगड़ी थाना का घेराव प्रर्दशन किया गया। ज्ञातव्य हैं कि माकपा नेता सुभाष मुंडा की हत्या गोली मारकर पिछले साल 26 जुलाई को कर दी गई थी। जिसमें एसआईटी जांच के बाद कई अभियुक्तों की गिरफ़्तारी हुई और जो अभी जेल में बंद है। प्रदर्शन के पूर्व नारो बाजार टांड़ से जुलुस निकाला गया जो बाजार चौक होते हुए नगड़ी थाना पहुंचकर घेराव प्रदशन में तब्दील हो गया। जुलूस में सुभाष मुंडा के




बाकी हत्यारों व शूटरों को अविलम्ब गिरफ्तार करो, फोरेंसिंक जांच रिपोर्ट कोर्ट में समर्पित करो, हत्यारों से सांठ गांठ करने वाले जांच अधिकारी को बर्खास्त करो आदि अक्रोशपूर्ण नारे लगाए जा रहे थे। थाना परिसर में नगड़ी लोकल कमिटी के सचिव और प्रखंड प्रमुख मदुआ कच्छप की अध्यक्षता में हुई सभा पार्टी के राज्य सचिवमंडल सदस्य संजय पासवान, जिला सचिव सुखनाथ लोहरा, प्रभारी प्रकाश टोप्पो, सुभाष मुंडा की पत्नी कीर्ति सिंह मुंडा, पिता ललित मुंडा, माता छोटन देवी, अमित मुंडा, बिरसा मुंडा, नीमा तिर्की, कपिल महतो, बुधराम उरांव, मंगेश्वर टाना भगत, सम्मीउल्ला मंसूरी, अशोक मिंज, राजू मुंडा, शंकर उरांव, अमर उरांव, प्रदीप महतो आदि ने संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि 26 जूलाई 2024 को शहादत के एक वर्ष पूरा होने के पूर्व यदि फोरेंसिक जांच रिपोर्ट कोर्ट में नही भेजा जाता है और फरार हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं होती है तो पार्टी बड़े और उग्र आंदोलन की घोषणा करेगी। मौके पर डीजीपी और वरीय पुलिस अधीक्षक रांची को संबोधित 4 सूत्री मांग पत्र इंस्पेक्टर और नगड़ी थाना प्रभारी को सौंपा गया। जिसमें सुभाष हत्याकांड की तेजी से जांच व सभी अपराधियों को जल्द से जल्द सजा दिलाने, उपरोक्त केस के जांच अधिकारी द्वारा आरोपियों को मदद पहुंचाने के कारण उसे बर्खास्त करने, हत्याकांड के फरार दो शुटरों को अविलम्ब गिरफ्तार करने और पीड़ित परिवार के सदस्यों को सुरक्षा की व्यवस्था करने की मांग शामिल है।

## मां काली मंदिर का दरवाजा तोड़कर अज्ञात चोरों ने दानपेटी की चोरी की

**रातू :** रातू थाना क्षेत्र के पाली ग्राम में शिव मंदिर परिसर में अवस्थित मां काली मंदिर का दरवाजा तोड़कर गुरुवार की रात तीन अज्ञात चोरों ने दानपेटी की चोरी कर ली। ग्रामीणों के अनुसार चोरी की सूचना शुक्रवार की सुबह में ही रातू थाने को दे दी गई। कई बार फोन भी किया गया, किन्तु शुक्रवार शाम 6 बजे तक थाना कोई भी अधिकारी घटनास्थल पर नहीं पहुंचा । इससे ग्रामीणों में तीव्र आक्रोश व्याप्त है। मंदिर के प्रधान पुजारी राम अवतार तिवारी ने बताया कि गुरुवार की रात्रि में 10 बजे तीन लोग मंदिर परिसर में आए थे। वे तीनों आपस में बातचीत कर वापस चले गए। पुनः थोड़ी देर बाद वे तीनों आए तथा चोरी की घटना को अंजाम दिया। शुक्रवार की सुबह जब ग्रामीणों को चोरी की जानकारी हुई तो दानपेटी की खोज बिन शुरू हुई। मंदिर से लगभग 1000 फीट की दूरी पर ग्रामीणों को टूटा हुआ दानपेटी मिला। जिससे रुपए गायब थे। प्रधान पुरोहित ने बताया कि दानपेटी को पिछले वर्ष सावन महीना में खोला गया था। उसके बाद से उसे अब तक नहीं खोला गया था। बताया गया कि दानपेटी में लगभग 50 हजार रुपए थे। समाचार लिखे जाने तक इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई है।

## अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बने रंजीत राम

बरकाकाना। अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार प्रदेश अध्यक्ष राकेश राम ने नया नगर बरकाकाना



निवासी सह भाजपा नेता रंजीत राम को अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ ट्रेड यूनियन झारखण्ड प्रदेश का कार्यकारी अध्यक्ष के पद पर नव मनोनीत किया गया है। जिनके मनोनयन पर एससी-एसटी ओबीसी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष बृज किशोर पासवान, बुन्देलाल राम, जीवन,राम, आर.पी.सिंह, शहानी राम, तमन्ना राम अन्य संघ के नेताओं ने रंजीत राम को बधाई और शुभकामनाएं दिया। इस मौके पर रंजीत राम ने कहा कि संघ कि ओर से जो जिम्मेवारी हमें दिया गया है निश्चित रुप से मैं खरा उतरुंगा और पूरे राज्य में सफाई कर्मचारीयो का समस्याओं का निदान हेतु सम्बंधित विभागो से पहल कराने में अपना मजबूत योगदान दुंगा। साथ ही राज्य में संघ को मजबूती प्रदान करने में अहम भूमिका निभाऊंगा।

## दो चिकित्सीय संस्थानों का क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट रद्द, एक का हुआ स्थगित

### नियमों का अनुपालन नहीं करने वाले स्वास्थ्य संस्थानों पर की जायेगी कार्रवाई:डीसी

रामगढ़। राज्य स्तर से प्राप्त निरीक्षण प्रतिवेदन में की गई अनुशंसा के आलोक में डीसी चंदन कुमार ने कार्रवाई करते हुए बीएम सेवा सदन गोला का क्लीनिकल रजिस्ट्रेशन एक सप्ताह के लिए स्थगित करते हुए




10 हजार रुपए का आर्थिक दण्ड का जुमार्ना लगाया है। वहीं अदिति नर्सिंग होम गोला एवं वरदान हॉस्पिटल को 50 हजार रुपए का जुमार्ना लगाते हुए दोनो संस्थानों का क्लीनिकल रेजिस्ट्रेशन तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। साथ ही डीसी ने सभी अस्पताल संचालकों को चिकित्सक की उपस्थिति, योग्य स्टाफ, मेडिकल रिकॉर्ड का सही रख-रखाव, जैविक कचरे, फायर एनओसी से संबंधित प्रोटोकोल का अनुपालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। डीसी ने कहा है कि चिकित्सीय संस्थानों के संचालन के लिए निर्धारित दिशा निदेर्शों व नियमों का अनुपालन सुनिश्चित नहीं करने वाले स्वास्थ्य संस्थानों पर कार्रवाई की जायेगी। गौरतलब हो कि क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट अन्तर्गत 14 जून को राज्य एवं जिला स्तरीय टीम के द्वारा संयुक्त रूप से चिकित्सीय संस्थानों का निरीक्षण किया गया था।

## यदि कोई व्यक्ति स्वच्छ नहीं है तो वह स्वस्थ नहीं रह सकता है : आशीष झा




रजरप्पा। रजरप्पा कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में सीसीएल रजरप्पा द्वारा मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को स्वच्छता पर आधारित निबंध, पेंटिंग व क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नवम से बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। बच्चों ने व्यक्तिगत स्वच्छता से स्वस्थ भारत विषय पर निबंध लिखे एवं क्विज के माध्यम से खुद सीखा और बड़ों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। प्रतियोगिता में आराध्या, साधना, तन्नु, पूजा, रूही, जनिशा, कुमारी मानशी, मनीता, रागिनी, नूतन, अनुष्का, स्पर्श, अनुराग, राज रंजन, अंकित, निखिल, प्रियंशु, प्रेम प्रकाश, नीरज, आयुष, अमन, दुर्गेश आदि ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र के नोडल पदाधिकारी आशीष झा ने कहा कि स्वच्छता को अपने आचरण में इस तरह बसा लें कि वो आपकी एक आदत बन जाए। यदि कोई व्यक्ति स्वच्छ नहीं है तो वह स्वस्थ नहीं रह सकता है। सबकी भागीदारी सुनिश्चित करना स्वच्छता पखवाड़ा का उद्देश्य है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद एवं विकास कुमार उपस्थित थे। इस प्रतियोगिताओं को सफल बनाने में आचार्या गायत्री पाठक, बच्चूलाल तिवारी, अनिल त्रिपाठी, गायत्री कुमारी, शेखर कुमार, शशिकांत आदि की प्रमुख भूमिका रही।

## आजसू पार्टी प्रखंड कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान तिवारी ने कहा

कुजू। मुरपा स्थित आजसू प्रखंड कार्यालय में मांडू प्रखंड मुख्यालय में आयोजित हल्ला बोल कार्यक्रम को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से आजसू केंद्रीय



महासचिव सह मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो नउपस्थित थे। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश के भ्रष्टाचार के खिलाफ आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो व गिरीडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के निर्देश पर 5 जुलाई को पार्टी द्वारा हल्ला बोल कार्यक्रम किया जा रहा है। जिसके तहत आगामी 5 जुलाई को पार्टी द्वारा 11 सूत्री मांग को लेकर मांडू प्रखंड मुख्यालय में भी हल्ला बोल कार्यक्रम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आम जनता को न्याय दिलाने के लिए जिला से लेकर प्रखंड मुख्यालय, सीसीएल के परियोजना व महाप्रबंधक कार्यालय सहित थाना में भ्रष्टाचारियों के खिलाफ हल्ला बोल कार्यक्रम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अभी भी कई जगहों पर बीडीओ, सीओ सहित सीसीएल के जीएम व पीओ के द्वारा आम जनता व मजदूरों के साथ अच्छा व्यवहार नहीं करते। जिसको लेकर आजसू पार्टी द्वारा कार्यक्रम के तहत चेतावनी देने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने मांडू विधानसभा के सभी कार्यकताओं को उक्त कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

**पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत जिला सलाहकार एवं जिला निरीक्षण व अनुश्रवण समिति की बैठक**

## भ्रूण हत्या रोकने के लिए नियमित तौर पर हो अल्ट्रासाउंड केंद्रों की जांच:डीसी

**रामगढ़।** जिले में भ्रूण हत्या रोकने के लिए नियमित तौर पर अल्ट्रासाउंड केंद्रों की जांच होनी चाहिए। जिले के सभी प्रखंडों में मौजूद अल्ट्रासाउंड केंद्रों में भी औचक निरीक्षण आवश्यक है। उक्त बातें शुक्रवार को पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत जिला सलाहकार एवं जिला निरीक्षक व अनुश्रवण समिति की बैठक में डीसी चंदन कुमार ने कही। डीसी ने कहा कि गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान-तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम,1994 के तहत लिंग जांच कानून अपराध है। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद से जिले के अलग-अलग प्रखंडों में संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों की जानकारी ली।



**गाइडलाइन के अनुसार संचालित हो अल्ट्रासाउंड केंद्र :** बैठक में डीसी ने कहा कि अल्ट्रासाउंड केंद्रों के संचालन हेतु सरकार द्वारा दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। सिविल सर्जन को नियमित रूप से जिले के अलग-अलग प्रखंडों में चल रहे अल्ट्रासाउंड केंद्रों, अस्पतालों का औचक रूप से जांच करने का आदेश दिया गया है। साथ ही संबंधित प्रतिवेदन जिला स्तर पर उपलब्ध कराने, अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों को सील करने तथा नियमों का अनुपालन नहीं कर रहे अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश डीसी ने दिया।

**रिपोर्ट नहीं देने वाले अल्ट्रासाउंड संचालकों पर होगी कार्रवाई :** बैठक के दौरान डीसी ने सिविल सर्जन से अल्ट्रासाउंड केंद्रों के संचालन के दौरान संधारित की जाने वाली जानकारी ली। साथ ही जिला स्तर पर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के लिए संचालकों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। वैसे संचालक जो नियमित रूप से प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं करा रहे हैं, उनको सूचीबद्ध करने एवं उनपर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने सिविल सर्जन सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों को जांच के दौरान अल्ट्रासाउंड से संबंधित ऑनलाइन तथा ऑफलाइन एंट्री का मिलान करने एवं उनमे भिन्नता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**अल्ट्रासाउंड मशीन की स्थापना में पूरी हो सारी प्रक्रिया :** बैठक के दौरान डीसी ने सिविल सर्जन को अल्ट्रासाउंड मशीनों का नवीनीकरण एवं नए अल्ट्रासाउंड मशीनों के स्थापन के संबंध में सम्पूर्ण जाँच प्रक्रिया पूर्ण कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही अल्ट्रासाउंड केंद्र में प्रतिनियुक्त चिकित्सकों के रोस्टर की जांच करते हुए केंद्रों का संचालन नियम अनुसार सुनिश्चित करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। वहीं उन्होंने अलग-अलग अस्पतालों में कार्य कर रहे चिकित्सकों की समय सारिणी के साथ प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति अनिवार्य रूप से बायोमेट्रिक के माध्यम से दर्ज करने का निर्देश दिया।

**किसी परिस्थिति में नहीं हो लिंग जांच :** बैठक में डीसी ने सिविल सर्जन को किसी भी स्थिति में गर्भावस्था के दौरान लिंग जांच न हो यह सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। साथ ही कोई भी सरकारी चिकित्सक अपने ड्यूटी के दौरान किसी अन्य गैरसरकारी संस्था में कार्य ना करे यह भी सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने रिन्यूवल के लिए विभिन्न संस्थानों से आये आवेदनों से शपथ पत्र प्राप्त करने के उपरांत ही आगे की करवाई करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही बैठक के दौरान डीसी ने अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर आने वाले मरीज के जांच के क्रम में भर जाने वाले फॉर्म एफ से संबंधित प्रतिवेदनों की भी जांच की।

## जिला परिषद सदस्य जलेश्वर महतो के पिता का निधन, सांसद-विधायक सहित कई लोगों ने जताया शोक

**गोला।** गोला प्रखंड के कामता निवासी आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सह गोला मध्य क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य जलेश्वर महतो के पिता नन्हकू महतो (100 वर्ष) का गुरूवार की रात्रि 11:15 बजे आकस्मिक निधन हो गया। वह अपने पीछे तीन पुत्र बालेश्वर महतो, जलेश्वर महतो, रमेश कुमार महतो एवं एक पुत्री निराशो देवी सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। शुक्रवार को बड़की कोईया गांव के भैरवी नदी के तट पर स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि छोटे पुत्र रमेश महतो ने दी। अंतिम संस्कार में समाजसेवी चंदर महतो एवं धीरेन प्रसाद उर्फ ब्रजेश कुमार, आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सह पूर्व जिप अध्यक्ष ब्रह्मदेव महतो, जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश महतो, केंद्रीय सदस्य अशोक कुमार महतो व बीनू महतो, प्रखंड अध्यक्ष अंगद महतो, प्रखंड सचिव नित्यानंद महतो, पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो, गौरीशंकर महतो, पूर्व पार्षद कपिलदेव मुंडा व गोपाल चौधरी, मुन्ना कुशवाहा, वीरेंद्र सिन्हा उर्फ बाबू, ममता सोनी, उमेश सोनी, सुबोध दांगी सहित काफी संख्या में लोग शामिल हुए। सभी ने दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इधर, जिप सदस्य जलेश्वर महतो के पिता स्व. नन्हकू महतो के निधन पर पूर्व मंत्री सह गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, जिप अध्यक्ष सुधा चौधरी, आजसू के बड़कागांव प्रभारी रोशनलाल चौधरी, जिप सदस्य सरस्वती देवी, गोला प्रमुख गीता देवी, उपप्रमुख विजय ओझा, मुखिया संघ के अध्यक्ष कुलदीप साव, बरियातू मुखिया



राजकुमार साव, पंसस सुशीला देवी, उपमुखिया रूबी देवी, पूर्व ग्राम अध्यक्ष मंगल सिंह महतो, रामसेवक महतो, गोपाल महतो, लखन महतो, महेश महतो, जगतू महतो, गोपाल महतो, पंचानन पाठक, दयानंद महतो, तारो महतो, महादेव महतो, दिनेश महतो, प्रदीप कुमार भारती (अधिवक्ता), प्रदीप महतो (डीलर), राजेश कुमार सिन्हा, आरएनसी कॉलेज सिरू के अध्यक्ष गंगाधर महतो, कोषाध्यक्ष राजकिशोर महतो, प्राचार्य लोचन राम महतो सहित कई लोगों ने गहरी शोक-संवेदना व्यक्त की है।

**सीपीसी इंटर कॉलेज में शोकसभा का हुआ आयोजन :** कामता स्थित चंद्रप्रकाश चौधरी इंटर महाविद्यालय में शुक्रवार को शोकसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों ने महाविद्यालय के अध्यक्ष जलेश्वर महतो के पिता स्व. नन्हकू महतो के निधन पर दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। शोकसभा में महाविद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार महतो, उपप्राचार्य राजीव रंजन सिंह, शिक्षक प्रतिनिधि नीलकमल सूर्य नारायण, रविंद्र महतो, ज्ञानी महतो, अशोक कुमार महतो, अनिरूद्ध कुमार, स्नेहलता सिंह, उगनी कुमारी, आशा शर्मा, प्रियंका केशरी, पुष्पा कुमारी, अनिता कुमारी, प्रधान लिपिक चंद्रशेखर राम, शिवनंदन महतो, संजय कुमार महतो, दीपक कुमार, मनसू महतो, शीला देवी, भिखनी देवी आदि शामिल थे।

## श्री अग्रसेन स्कूल में लगा मधुमेह जांच शिविर, 70 लोगों ने उठाया लाभ




**भुरकुंडा।** रोटरी क्लब रांची के तत्वावधान में पटेलनगर स्थित श्री अग्रसेन स्कूल में शुक्रवार को मधुमेह व रक्तचाप जांच शिविर सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। शिविर का उद्घाटन चिकित्सक सह रोटरी क्लब रांची के अध्यक्ष डॉ विनय कुमार ढांढनिया, रोटरी क्लब रांची के निदेशक अमित अग्रवाल व स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में 70 लोगों की मधुमेह व रक्तचाप की निःशुल्क जांच की गई। जांचोपरांत डॉ ढांढनिया ने मरीजों को आवश्यक परामर्श दिया। इससे पूर्व बच्चों और अभिभावकों के लिए आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में डॉ ढांढनिया ने मधुमेह की रोकथाम और इसकी जटिलताओं पर चर्चा की। डॉ ढांढनिया ने कहा कि डाइबिटीज से बचने के लिए स्वस्थ जीवनशैली को अपनाना आवश्यक है। स्लीप और वेकअप टाइम का पालन करें। कम से कम आठ घंटे की नींद अवश्य लें। नींद का पूरा नहीं होना इस बीमारी का पहला बड़ा कारण है। खाने के मामले में क्वालिटी और क्वांटिटी का ध्यान रखें। फास्ट फूड व जंक फूड से परहेज कर हेल्दी फूड हैबिट को अपनाएं। डॉ ढांढनिया ने कहा कि डाइबिटीज एक नॉन कम्युनिकेबल बीमारी है। भय और तनाव भी इसका बड़ा कारण है। इसलिए जीवन मे सोशल और व्यवहारिक बनने की कोशिश करें। इससे मन-मस्तिष्क पर पॉजिटिव असर होगा, जिससे तनाव से बच पाएंगे। नियमित स्पोर्ट्स और योग का अभ्यास करें। उन्होंने बच्चों से पढ़ाई को तनाव के रूप में नहीं लेने की बात कहते हुए एक बेहतर रूटीन के साथ सारी चीजें करने की सलाह दी। शिविर में करुणा राजगढ़िया, निदेशक एकाडमिक एसके चौधरी, प्राचार्य विवेक प्रधान, मुख्तार सिंह, एचके सिंह सहित स्कूल के शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद थे।

## 14 पेटी अवैध शराब से भरा टेम्पो जब्त, एक गिरफ्तार







**रामगढ़।** शहर के सुभाष चौक पर 14 पेटी अवैध शराब से लदा हुआ एक टेम्पो को पुलिस ने जब्त किया है। शुक्रवार को हुई इस कार्रवाई के दौरान शराब तस्कर को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस संबंध में रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू ने बताया कि टेम्पो पर रॉयल ब्लू की 14 पेटी शराब लादी गई थी। 750 एमएल का 160 बोतल पुलिस ने बरामद किया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तस्कर जसीम अंसारी रांची जिले के ओरमांझी चौक हरचंदा का रहने वाला है। वह अपने टेम्पो जेएच 01 सीआर 0791 से शराब की तस्करी कर रहा था। यह शराब रांची से रामगढ़ जिले के बरकाकाना के लिए भेजा गया था। गिरफ्तार तस्कर से पुलिस पूछताछ कर रही है। पूछताछ के बाद कई बड़े शराब माफियाओं का नाम सामने आ सकता है।

**बड़े पैमाने पर बिक रही नकली शराब**

रामगढ़ जिले में बड़े पैमाने पर नकली शराब बिकने की सूचना भी पुलिस को मिली है। शराब तस्करों के द्वारा बाहर से नकली शराब लाई जाती है और उससे कई बोतलों का निर्माण किया जा रहा है। छोटे मार्केट से लेकर बड़े मार्केट तक में मौजूद होटलों और घरों में नकली शराब को छुपाया जाता है और वहीं से ग्राहकों को दिया जाता है। पुलिस इस पूरे मामले को लेकर जांच कर रही है।

## एनएच 33 पर कोठार के समीप अधूरे लिंक रोड को लेकर ग्रामीणों ने किया बवाल

**पक्का नाला और सर्विस रोड नहीं बनने से धान की फसल होगी बरबाद : जयंती देवी**

**रामगढ़।** राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर कोठार ओवर ब्रिज के समीप एनएचएआई के द्वारा सर्विस रोड का निर्माण कार्य पूरा नहीं किया गया है। इस जगह पर सर्विस रोड बनाया जा रहा है। उसके आसपास ग्रामीणों की जमीनी मौजूद हैं। उन जमीनों में धान की फसल को भारी नुकसान होने की संभावना है। शुक्रवार को इसी मुद्दे को लेकर वार्ड पार्षद जयंती देवी के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों ने बवाल किया। इस दौरान जयंती देवी ने कहा कि 14 दिन पहले ही रामगढ़ डीसी को नगर परिषद के वार्ड नंबर 29 बायपास फोरलेन के किनारे पक्का नाला और सर्विस रोड का निर्माण पूर्ण करने हेतु आवेदन दिया गया था। लेकिन 14 दिन बीत जाने के बाद भी पहल नहीं हुई। अब बारिश शुरू हो गई है और किसान धान लगाने के लिए खेतों में जा रहे हैं। लेकिन पक्का नाला नहीं बनने की वजह से फसल



को नुकसान होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 33 के लिए यहां सर्विस रोड बनाया गया है। साथ ही उसमें पक्का नाला का निर्माण किया जाना था। जून महीने से पहले ही इसका निर्माण कार्य पूरा हो जाना चाहिए था। लेकिन ठेकेदारों के द्वारा सिर्फ आश्वासन मिला और उस पर पहल नहीं हो पाई। यहां तक कि विभागीय स्तर पर भी कोई जानकारी नहीं दी जा रही है। ग्रामीणों को इस बात की चिंता और घबराहट है कि नाला एवं सर्विस रोड नहीं बना तो फसल को भारी नुकसान होगा। आंदोलन करने वालों में पुषण महतो, दिनेश मुंडा, मनोज महतो, सुरेश महतो, शंभू नाथ महतो, मुरलीधर कोठारी, माधव महतो, कुंज लाल महतो, राजू महतो, किशुन चौधरी, राजीव रंजन, ललकु महतो, गिरधारी महतो, नामधारी महतो, रंजीत कुशवाहा, नारायण महतो, अनिल कुमार, उज्जवल कुमार, राजेश महतो, पंकज कुमार महतो आदि शामिल थे।

## तीन दिवसीय 63वीं प्री अंतरराष्ट्रीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

### ● मुकाम को हासिल करने के लिये मेहनत एक मात्र मार्ग है:कुमारी नीलम

रामगढ़।।स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के तत्वाधान में रामगढ़ जिला के कैथा मैदान में तीन दिवसीय 63वीं प्री अंतरराष्ट्रीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। तीसरे दिन बालिका वर्ग अंडर-17 का फाइनल मुकाबला खेला गया। फाइनल मुकाबला जनता प्लस टू उच्च विद्यालय चैनपुर मांडू प्रखंड बनाम उत्क्रमित उच्च विद्यालय पाली पतरातु प्रखंड के बीच खेला गया। जिसमें जनता प्लस टू उच्च विद्यालय चैनपुर मांडू प्रखंड की टीम ने 1-0 से पतरातू का हराकर शील्ड पर कब्जा जमाया। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम व विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार थे। अतिथियों ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर फाइनल मैच की




शुरूआत की। मौके पर प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि ज़िला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम ने कहा कि यह प्रतियोगिता अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का बहुत बड़ा प्लेटफार्म हैं। कहा कि इस मुकाम को हासिल करने के लिये मेहनत एक मात्र मार्ग है। कहा कि प्रमंडल में बेहतर तैयारी के साथ खेले रामगढ़ जिला सहित अपने माता-पिता का नाम का नाम रौशन करे।

**बेटियां खेल के क्षेत्र में कर रही है नाम रौशन:संजीत कुमार:** विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार ने दोनों बालिका टीम को बधाई दिया। कहा कि आज बेटियां भी खेल के क्षेत्र में नाम रौशन कर रही है। विभाग भी हर संभव सहायता कर रही हैं। प्रमंडल से देश स्तर पर मैच खेलकर राज्य व जिला का नाम रौशन करे।

**विजेता व उप विजेता टीम के खिलाडियों को किया गया सम्मानित:** इस प्रतियोगिता में अंडर 17 बालिका वर्ग से गोला, मांडू, दुलमी, पतरातु, चितरपुर व रामगढ़ प्रखण्ड की टीम ने भाग लिया। विजेता व उप विजेता टीम के खिलाडियों को शील्ड, मेडल व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर जिला सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी आनंद कुल्लू, प्रधानाध्यापिका शिक्षक डॉ सुनील कुमार कश्यप, संजय कुमार राय सहित अनेक शिक्षक मौजूद थे।

# 50 साल पहला आपातकाल याद रहा लेकिन मणिपुर और किसानों पर ज्यादती भूल गई राष्ट्रपति !



श्रीगोपाल नारसन

लोकसभा के पहले सत्र के दौरान जब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने अभिभाषण के दौरान आपातकाल का मुद्दा उठाया तो विपक्ष के सदस्य आक्रोशित हो गए। ऐसा उस समय भी हुआ था,जब लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कुर्सी संभालते ही अपने पहले भाषण में आपातकाल का मुद्दा उठाकर स्वयं विवाद को जन्म दे दिया।वही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जैसे ही आपातकाल का जिक्र किया, संसद में हंगामा मच गया।

राष्ट्रपति को 50 साल पहला आपातकाल तो याद रहा लेकिन मणिपुर और किसानों पर हुई ज्यादती ,चरम पर व्याप्त मंहगाई तथा रोजगार को तरस रहे युवाओं की पीड़ा अपने अभिभाषण में याद नही आई।अपने अभिभाषण के रूप में केंद्र की मोदी सरकार का महिमा मंडन तो हुआ ही ,साथ ही राजशाही का प्रतीक राजदण्ड का संसद में हुआ प्रदर्शन भी दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को चिढ़ाता रहा।इन सब मुद्दों पर विपक्ष ने आवाज भी उठाई लेकिन सत्ता पक्ष वह सब करता रहा जिसमे उसे राजनीतिक फायदा नजर आ रहा था।

लोकसभा के पहले सत्र के दौरान जब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने अभिभाषण के दौरान आपातकाल का मुद्दा उठाया तो विपक्ष के सदस्य आक्रोशित हो गए। ऐसा उस समय भी हुआ था,जब लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कुर्सी संभालते ही अपने पहले भाषण में आपातकाल का मुद्दा उठाकर स्वयं विवाद को जन्म दे दिया।वही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जैसे ही आपातकाल का जिक्र किया, संसद में हंगामा मच गया। हर तरफ विपक्ष के हंगामे की आवाज गूंजने लगी। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि आज 27 जून है, 25 जून 1975 को लागू हुआ आपातकाल,जो संविधान पर बड़े और सीधे हमले का काला अध्याय था।उस दौरान पूरे देश में हाहाकार मच गया था। लेकिन ऐसी असंवैधानिक ताकतों पर देश ने जीत हासिल करके दिखाई है क्यों कि भारत के मूल्य में गणतंत्र की परंपराएं रही हैं। राष्ट्रपति के ऐसा बोलते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेज थपथपाकर उनकी इस बात का समर्थन किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि दो साल तक देश में आपातकाल लागू रहा, इस दौरान लोगों के सभी अधिकार छीन लिए गए थे, उन्होंने कहा कि हम सभी संविधान की रक्षा करने का संकल्प लेते हैं। उनके इतना बोलते ही भड़के विपक्ष के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। विपक्ष का हंगामा तब भी हुआ था,जब लोकसभा अध्यक्ष



ओम बिरला ने आपातकाल का जिक्र अपने भाषण में किया था । विपक्ष इतना भड़क गया कि मल्लिकार्जुन खरगे समेत अन्य नेताओं ने यहां तक कह दिया कि पिछले 10 सालों का मोदी सरकार का शासन अघोषित आपातकाल ही है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि आज लोकतंत्र पर हमले किए जा रहे हैं,इसे लांछित करने वाले आरोप लगाए जा रहे हैं।उन्होंने ईवीएम की निष्पक्षता का भी मुद्दा उठाया और कहा कि ईवीएम जनता की कसौटी पर खरा उतरने में सफल रही है। उन्होंने कहा कि कुछ दशक पहले तो मतदान के दौरान बैलेट पेपर ही लूट लिए जाते थे,इस तरह से राष्ट्रपति के अभिभाषण के जरिए सरकार ने विपक्ष को संविधान के मुद्दे पर घेरने की कोशिश की। विपक्ष ने सरकार पर संविधान को बदलने का गंभीर आरोप लगाया था ।राष्ट्रपति ने बताया कि कैसे केंद्र सरकार समाज के सभी लोगों के हितों को प्राथमिकता में रखकर काम कर रही है। अपने अभिभाषण की शुरूआत करने से पहले राष्ट्रपति ने सभी नवनिर्वाचित सांसदों को बधाई दी।उन्होंने हाल ही में लोकसभा चुनाव संपन्न कराने को लेकर निर्वाचन आयोग की भी तारीफ की,जिसकी निष्पक्षता पर विपक्ष उंगली उठाता रहा है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर को लेकर कहा कि इस बार घाटी में दशकों का रिकॉर्ड टूटा है।काफी संख्या में लोगों ने वहां मतदान किया है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 18वीं लोकसभा में दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में मोदी सरकार के अगले 5 वर्षो का विजन सामने रखा।राष्ट्रपति का अभिभाषण सरकार की उपलब्धियों का रिपोर्ट कार्ड और वर्क प्लान ही कहा जा सकता है। राष्ट्रपति के जरिए संसद में रखे गए मोदी सरकार की कार्य योजना में महिलाओं, युवाओं, रक्षा, विदेश, खेती-किसानी के प्रति सरकार की सोच का संकेत मिलता है।उन्होंने अपने अभिभाषण में कहा कि आज का भारत, दुनिया की चुनौतियां बढ़ाने के लिए नहीं बल्कि दुनिया को समाधान देने के लिए जाना जाता है।विश्व-बंधु के तौर पर भारत ने अनेक वैश्विक समस्याओं के समाधान को लेकर पहल की है।जलवायु परिवर्तन से लेकर खाद्य सुरक्षा तक, पोषण से लेकर सस्टेनबल एग्रीकल्चर तक हम अनेक समाधान दे रहे हैं।हमारे मोटे अनाज श्री अन्न की पहुंच सुपरफूड के तौर पर दुनिया के कोने-कोने में हो, इसके लिए भी अभियान चल रहा है।भारत की पहल पर, पूरी दुनिया ने वर्ष 2023 में इंटरनेशनल मिलेट्स इयर मनाया है।आपने देखा है, हाल ही में पूरी दुनिया ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस भी मनाया है।भारत की इस महान परंपरा की प्रतिष्ठा विश्व में लगातार बढ़ रही है।योग और आयुष को बढ़ावा देकर भारत एक स्वस्थ विश्व के निर्माण में मदद कर रहा है।द्रौपदी मुर्मू ने स्पष्ट किया कि मेरी सरकार ने रिन्यूएबल एनर्जी की क्षमता भी कई गुना बढ़ाई है।हम जलवायु से जुड़े लक्ष्यों को निर्धारित समय से पहले प्राप्त करके दिखा रहे हैं।नेट जीरो के लिए आज भारत के प्रयास कई दूसरे देशों को प्रेरित कर रहे हैं।इंटरनेशनल सोलर अलायंस जैसी पहल पर आज रिकॉर्ड संख्या में दुनिया के देश हमारे साथ जुड़े हैं।उन्होंने भरोसा दिया कि भारत की विकास गति को तेज किया जाएगा। जिसके लिए आने वाले बजट में ऐतिहासिक कदम दिखेंगे। उन्होंने किसानों को ज्यादा से ज्यादा आत्मनिर्भर बनाने की बात भी कही।कुलमिलाकर राष्ट्रपति का अभिभाषण मोदी सरकार की कार्यशैली का प्रतिबिंब कहा जा सकता है।

## संपादकीय

### राहुल की दोहरी भूमिका

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी 18वीं लोक सभा में विपक्ष के नेता हो गए हैं। वह करीब दो दशक से सक्रिय राजनीति में हैं। पहली बार उन्हें संवैधानिक पद की जिम्मेदारी संभालने का अवसर मिला है। राजनीति उन्हें विरासत में मिली है। वह आजादी की विरासत वाली राजनीतिक पार्टी कांग्रेस के अध्यक्ष जैसा मह'वपूर्ण पद संभाल चुके हैं, लेकिन 2019 के लोक सभा चुनाव में पार्टी की हार के बाद उन्होंने इस पद को त्याग दिया था। इसके बाद से उन्होंने पार्टी के किसी भी पद को संभालने में दिलचस्पी नहीं दिखाई। कहा जा रहा है कि विपक्ष का नेता पद संभालने के लिए वह तैयार नहीं थे। लेकिन अंततः पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं के दबाव में उन्हें यह पद स्वीकारना पड़ा।



नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी संभालने के बाद राहुल के बारे में बनाई गई यह धारणा टूट गई कि वह बड़ी जिम्मेदारी को संभालने से ड़रते हैं। राहुल ने नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद अपने पहले संबोधन में ही संकेत दे दिया कि भाजपा की अगुवाई वाली एनड़ीए सरकार को संसद से सड़क तक विपक्ष की कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। राहुल ने ओम बिरला को दूसरी बार लोक सभा अध्यक्ष चुने जाने पर कहा कि निस्संदेह सरकार के पास राजनीतिक सत्ता की शक्ति है लेकिन विपक्ष भी भारत के लोगों की आवाज का प्रतिनिधित्व करता है। राजनीति में राहुल 'एंगरी यंगमैन' की भूमिका का निवर्हन करते दिखाई देते हैं। नेता प्रतिपक्ष सीबीआई निदेशक, मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष आदि को चुनने वाली समितियों का हिस्सा होता है। राहुल के आक्रामक तेवरों को देखते हुए कहा जा सकता है कि इन नियुक्तियों में प्रधानमंत्री मोदी को राहुल के साथ तालमेल बैठाने में परेशानियों का सामना करना पड़.सकता है। राहुल ने हाल के दिनों में कुछ काम ऐसे किए हैं। देश में हजारों किलोमीटर की पदयात्राएं कीं और इस दौरान जनता के साथ सीधे संवाद कायम किया। नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद राहुल गांधी को सदन में विपक्षी नेता के साथ-साथ विपक्षी दलों के गठबंधन को एकजुट रखने की जिम्मेदारी का निवर्हन भी करना है। अपेक्षा की जाती है कि वह इस दोहरी भूमिका का सही से निवर्हन करेंगे। सदन में सरकार के साथ सार्थक संवाद होगा और हर बात पर सदन का बहिष्कार करने के चलन पर रोक लगेगी।

## चिंतन-मनन

### जीवन में दर्द अस्थायी होता है

एक राजा ने अपने सभी सलाहकारों को बुलाया और कहा, मैं चाहता हूं कि मैं अंदर से स्थिर बना रहूं। जीवन के उतार-चढ़ाव मेरा संतुलन बिगाड़ देते हैं। तुम कोई ऐसी चीज बताओ जिससे दुख की अवस्था से गुजरते हुए मैं खुशी पा सपूं और जब मैं आनंद की अवस्था में होऊं, तो वह चीज मुझे दुखों की याद दिलाती रहे। ऐसी चीज खोजो जो मैं अपने पास रख सपूं ताकि मेरे चारों ओर कुछ भी घटता रहे, पर मैं शांत-स्थिर रह सपूं। सभी सलाहकार मिलकर बैठे और उन्होंने विचार-विमर्श किया। अंत में वे एक बक्सा लेकर राजा के पास गए- महाराज, आप इस बक्से को खोलें। राजा ने उसे खोला तो उसमें एक छोटी अंगूठी मिली। उन्होंने राजा से कहा, इस पर जो लिखा है,उसे पढ़ें। अंगूठी पर लिखा था- यह समय भी बीत जाएगा। इन पांच सादे लफ्जों से राजा को बड़ी मदद मिली। हमें भी संतुलन बनाए रखने में इनसे मदद मिल सकती है। जब हम बहुत आनंद में हों, तब याद रखने की जरूरत है कि चीजें हर समय ऐसी नहीं रहेंगी और जब खुशहाल वक्ति गुजर जाए तो हमें निराश या हतोत्साहित नहीं होना चाहिए। हमें ये पांच सादे लफ्ज याद दिला सकते हैं कि दर्द अस्थायी है और खुशहाली फिर लौट आएगी। सभी जीवन में उतार-चढ़ाव का सामना करते हैं। ये जीवन के अभिन्न अंग हैं। इनसे बचा नहीं जा सकता। प्रश्न यह है कि जीवन-पथ पर जब हम ऊंच-नीच का सामना करेंगे तो क्या हम मन की शांति खोकर अस्थिर हो जाना चाहेंगे ? अगर हम खुद को जिंदगी में घटने वाली हर घटना से प्रभावित होने देंगे तो हम आनंद की ऊंचाइयों से घोर निराशा की गहराइयों में पहुंच जाएंगे लेकिन अगले ही क्षण वापस आनंद की अवस्था में होंगे। इस लगातार बदलाव से अक्सर भय, तनाव और आतंक पैदा होता है क्योंकि हमें कभी यह पता नहीं होता कि आगे क्या होगा। समय के साथ, भय और तनाव की यह अवस्था हमारे स्वभाव का हिस्सा बन जाती है और हम शांत या तनाव रहित नहीं हो पाते। ध्यान और प्रार्थना के द्वारा हम शांत स्थान पर पहुंच सकते हैं। हमारे अंतर में समस्त दैवी खजाने हैं। हम मात्र शरीर और मन नहीं हैं, बल्कि हम आत्मा हैं। आत्मा ज्योति, प्रेम और आनंद से भरपूर है। यह हर समय प्रभु से जुड़ी रहती है। सृजनात्मक शक्ति यानी प्रभु और आत्मा एक ही तत्त्व के बने हैं। अगर हम प्रतिदिन अपना कुछ समय अंतरात्मा की शांति में व्यतीत करें तो हम आनंद के एक स्थान से जुड़ जाएंगे। तब बाहरी परिस्थितियां प्रभावित नहीं करेंगी। अगली बार हमें दुख-दर्द हो तो हम याद रखें, यह समय भी बीत जाएगा।

# भगवान श्री राम को राजनीति में घसीटना ठीक नहीं है



संजय गोस्वामी

आज अयोध्या को लेकर चुनाव जितने पर जय श्री राम बोलने पर जय अवधेश बोलना गलत है क्योंकि भगवान श्री राम अयोध्या में नहीं बल्कि पूर्ण संसार में एक मात्र ईश्वर स्वरूप है जिसे स्वामी विवेकानंद ने भी ईश्वर का दर्जा दिया है चुनाव आएंगे जायेंगे लेकिन प्रभु राम अनंत शक्ति और पूर्ण संसार का एक मात्र मालिक है क्योंकि उनका जीवन संघर्ष से भरा रहा कभी महलो में पालने वाले प्रभु राम को 14साल जंगल में बिताना पड़ा और राम मंदिर पर सियासत करना सही नहीं नहीं तो आपके मन में त्याग के बदले रावण रूपी विचारों का प्रवेश हो जायेगा यदि कोई भगवान राम से बड़ा मानता है तो उसकी भयंकर भूल है इन सब बातों से ऊपर उठते हुए एक आदर्श व्यक्तित्व हमारे सामने नजर आते और वे है प्रभु श्री राम के रूप में जब बात आदर्श की हो तब सबको भगवान श्री राम ही दिखते हैं। ऐसा कोई पुरुष नहीं हुआ जो अपने आज परिवारों में भाई से भाई का प्रेम कही नजर नहीं आ रहा। श्री राम से यहां हम सीख सकते हैं कि किस प्रकार उन्होंने व उनके भाइयों ने अपने संपूर्ण जीवन में अपने आपसी बंधुत्व का परिचय दिया।भगवान राम भगवान विष्णु के अवतार थे भागवत कथा के अनुसार विष्णु ने इन्द्र का देवलोक में अधिकार पुनः स्थापित करने के लिए यह अवतार लिया। देवलोक असुर राजा बलि ने हड़प लिया था। बलि विरोचन के पुत्र तथा विष्णु भक्त प्रह्लाद के पौत्र थे और एक दयालु असुर राजा के रूप में जाने जाते थे। यह भी कहा जाता है कि अपनी तपस्या तथा शक्ति के माध्यम से बलि ने त्रिलोक पर आधिपत्य पा लिया था।वामन, एक बौने ब्राह्मण के वेष में बलि के पास गये और उनसे अपने रहने के लिए तीन पग भूमि देने का आग्रह किया। उनके हाथ में एक लकड़ी का छत्र (छाता) था। गुरु शुक्राचार्य के चेताने पर भी बलि ने वामन को वचन दे डाला।राजा बलि से जल स्वीकारते हुए भगवान वामन ने अपना आकार इतना बढ़ा लिया कि पहले ही पग में पूरा भूलोक (पृथ्वी) नाप लिया। दूसरे पग में देवलोक नाप लिया। इसके पश्चात ब्रह्मा ने अपने कमण्डल के जल से वामन के पाँव धोये। इसी जल से गंगा उत्पन्न हुयीं। तीसरे पग के लिए कोई भूमि बची ही नहीं। वचन के पक्के बली ने तब वामन को तीसरा पग रखने के लिए अपना सिर प्रस्तुत कर दिया। वामन बलि की वचनबद्धता से अति प्रसन्न हुये अतः जो पूर्ण ब्रह्माण्ड पर नियंत्रण है अतः जो पूर्ण पृथ्वी को नाप सकता है वो पूर्ण ब्रम्ह का स्वामी है ऐ तो बहुत प्राचीन बातें हैं लेकिन यदि 500-600साल पीछे जाते हैं जब हिन्दू धर्म पर अत्याचार हो रहें थे तो उसे बचाने के लिए गुरुनानक जी आएं और धर्म की रक्षा की ओर अग्रसर किया जब मुगलों का अत्याचार बढ़ता जा रहा था उसी कड़ी में सिखों के दसमें गुरू श्री गुरुगोविन्द सिंह भगवान श्री राम के अवतार में अवतरित हुए जो पटना साहिब के कंगन घाट गुरूद्वारा में ऊपर ही चित्रित किया हैजी हाँ धर्म की रक्षा हेतु सिखों के दसमें गुरु गोविन्द सिंह भगवान श्री राम के रूप में अवतरित हुए थे नहीं यकीन होता तो आप पटना सिटी के कंगन घाट पर जाए वहाँ ये इतिहासीक घटना घटी थी जब बालक गोविन्द पटना सिटी के कंगन घाट हमेशा नहाने के लिए जाते थे वही पंडित शिवदत्त भगवान राम की पूजन में प्रसाद चढ़ाया करता था लेकिन हर दिन ध्यान लगाने के क्रम में प्रसाद गायब हो जाता था एक दिन जब बालक गोबिंद जब गुरूजी की आयु महज 5वर्ष थी गुरु जी पंडित शिवदत्त के पास प्रसाद लेने गए थे तो जैसे ही प्रसाद उठाने लगे तो पंडित शिवदत्त ने कहा आप प्रसाद क्यों उठा लेते हो तब गुरु गोविन्द सिंह ने कहा आप प्रसाद किसे चढ़ाते हो उन्होंने कहा भगवान राम को तब बालक गोविन्द ने उत्तर दिया मैं आपका प्रसाद गरीबों को बाँट देता हूँ फिर उन्होंने पंडित शिव दत्त को बालक गोविन्द ने आँखे बन्द कर भगवान राम का ध्यान करने को कहा जैसे उन्होंने आंखे खोली उन्हें बालक गोविन्द भगवान राम के रूप में दिखी और फिर वो उनके भक्त हो गए गुरु गोविन्द सिंह सिक्खों के दसवें और अन्तिम गुरु थे। उनका जन्म पौष, सुदी सप्तमी, संवत 1723 विक्रमी, तदनुसार सन 1666 ई० में पटना (बिहार) में हुआ था। उनके पिता सिक्खों के नवें गुरु तेगबहादुर तथा माता गूजरी थीं। उनका आरंभिक नाम गोविन्दराय था। उनकी शिक्षा-दीक्षा पटना में ही हुई। माँ ने गुरुमुखी और पिता गुरु तेग बहादुर ने उन्हें शस्त्र-शास्त्र दोनों की शिक्षा प्रदान की। भगवान श्री राम हैं दया के सागर थे और गुरु गोविन्द सिंह जी भी भगवान राम सभी मयार्दा का पालन किया गुरु ने भी सभी मयार्दा का पालन किया भगवान राम महान तीरंदाज थे वही प्रतिभा गुरु गोविंद सिंह जी में भी थी गुरु गोविन्द सिंह में बचपन से ही अलौकिकता दिखायी देती थी। कश्मीरी पण्डितों को औरंगजेब ने जब मुसलमान बनाना चाहा, तो सब मिलकर गुरु तेगबहादुर के पास आनन्दपुर गये और उन्हें अपनी करुण कहानी सुनायी। उनकी बातों से गुरु तेगबहादुर मौन, उदास और दुखी हो गये। उसी समय नववर्षीय गोविन्दराय उनके पास आये। उन्होंने पिता से उनकी उदासी का कारण पूछा। पिता ने बताया, ह्लपण्डितों पर घोर संकट है। औरंगजेब उन्हें मुसलमान बनाना चाहता है। गोविन्दराय ने पूछा, इससे बचने का उपाय क्या है।? गुरु तेगबहुदर ने उत्तर दिया, औरगजेब की प्रचण्ड धर्म की द्वेषाग्नि में किसी महान धर्मात्मा की आहुति ही इससे बचने का उपाय है। गोविन्दराय तुरन्त बोल उठे, आपसे बढ़कर कौन धर्मात्मा भारतवर्ष में होगा? आप ही उस अग्नि की आहुति बनिए। गुरु तेगबहादुर ने समझ लिया कि मेरा पुत्र मेरे न रहने पर गुरु-गद्दी का भार वहन कर लेगा। 1775 ई० में गुरु तेगबहादुर हँसते-हँसने दिल्ली में शहीद हुए। भगवान श्री राम जैसे आसक्त मन वाला होना गुरू गोविन्द में दिखती है। क्योंकि त्याग और बलिदान की भावना जो भगवान राम में थी वही गुरु गोविन्द सिंह जी में भी थी और बन्दा वैरागी उनके हनुमान थे जब भी गुरू पर संकट आता बन्दा वैरागी उसका हल तुरंत कर देते थे वो भी आध्यात्मिक थे बीजेपी को इस चुनाव में मुद्दा नहीं बनाना चाहिए था क्योंकि भगवान श्री राम बिन बोले सब कुछ जानते है जिसे अन्तयार्मी भी कहते हैं चुनाव में हुआ कुछ इस तरह कि मैंने राम मंदिर बनाया अतः मुझे वोट दीजियेगा लेकिन एक बात गौर करने वाला है दिए को जलाने बस एक चिंगारी बहुत है और वातावरण में ऑक्सीजन के कारण जल उठता है लेकिन आप पंखा चला देंगे तो बुझ जाता है यानि प्राकृतिक में जरूरत से ज्यादा हवा देने पर बुझ जाता है यहीं चुनाव में हुआ जहाँ शांत रहकर दीपक को जलते देना चाहिए वहाँ आपने अपना हवा चला दिया जो जल रह था वो बुझ गया लेकिन यदि आप अपने इतिहास पर नजर डालेंगे तो भारत में जितने भी महात्मा हुए वो सभी भगवान श्री राम को भज भज कर अंतःकरण को शुद्ध किया और शांति में ही राम की कृपा से महान पुरुष बने यदि किसी नेताओं को ऐ लगता है मैं ही सबकुछ हूँ तो यह उसके अज्ञानता के कारण है उसे इतना भी मालूम नहीं कि भगवान श्री राम ने पत्थर की अहिल्या को जीवित कर दिया था यदि आप ऐसा कर पाते हैं तो नामुमकिन है जो राम का असली भक्त है वो सभी मयार्दा को पालन करता है केवल राम का नाम लेकर नेता होटलो क्लबों या किसी आलीशान बंगले में नजर आते हैं और वे ही बर्षाति मेढकों की तरह टर्र टर्र करते नजर आएंगे जो सच्चा भक्त होगा वो माता पिता की सेवा करते नजर आएंगे इतना होने के बाद भी लोग यह भी नहीं जानते कि अंत में राम नाम सत्य होने वाला है ऐ चिंता की बात है।..

# मुद्दाः संसद में बेमतलब के नारे



रजनीश कपूर



लोकसभा की सदस्यता की शपथ लेते समय हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने एक ऐसा नारा लगाया जिस पर पूरा देश चौंक गया। उन्होंने 'जय भीम', 'जय मीम', 'जय तेलंगाना' और 'जय फिलिस्तीन' का नारा लगाया। जहां तक 'जय भीम' और 'जय तेलंगाना' जैसे नारों की बात है तो ये देश की सीमाओं के दायरे में आते हैं। पर एक दूसरे देश की जयकार बोलना, वो भी संसद के भीतर, किसी के गले नहीं उतरा। ओवैसी ने बहुत ही गलत परंपरा की शुरू आत की है। आने वाले वर्षों में कोई सांसद 'जय अमेरिका', 'जय पाकिस्तान' या 'जय चीन' का भी नारा लगा सकता है। इसलिए इस खतरनाक प्रवृत्ति पर लोक सभा और राज्य सभा के अध्यक्षों को फौरन रोक लगानी चाहिए।

सब जानते और मानते हैं कि भारत धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है। धर्मनिरपेक्ष का मतलब नास्तिक होना नहीं है, बल्कि इसका भाव है, सर्व धर्म समभाव, यानी हर धर्म के प्रति सम्मान का भाव। पर देखने में आया है कि भारत में रहने वाले मुसलमानों और हिन्दुओं के कुछ नेता सांप्रदायिकता को भड़काने के उद्देश्य से धार्मिक उन्माद बढ़ाने वाले नारे लगवाते हैं ताकि उनके वोटों का ध्रुवीकरण हो सके। जहां एक तरफ बरसों से मुसलमानों को अल्पसंख्यक बता कर उनके पक्ष में ऐसे काम किए गए जो संविधान की मूल भावना के विरुद्ध थे। जैसे रमजान में सरकारी स्तर पर इफ्तार की दावतें आयोजित करना। ऐसी दावतें अन्य धर्मों के उत्सवों पर भी की जातीं तो किसी को बुरा नहीं लगता। पर ऐसा नहीं हुआ। नतीजा यह हुआ कि हिन्दुत्व की राजनीति करने वालों को अपने समर्थकों को उकसाने का आधार मिल गया। शायद इसी का परिणाम है कि पिछले दस वर्षों में भाजपा के सांसदों और विधायकों ने संसद और विधानसभाओं में जोर-जोर से और सामूहिक रूप से धार्मिक नारे लगाना शुरू कर दिया। इसका परिणाम यह हो रहा है कि अब मुसलमानों के बीच भी उत्तेजना और आक्रामकता पहले से कहीं ज्यादा बढ़ गई है जबकि यह खतरनाक प्रवृत्ति है, जिसे सख्ती से रोका जाना चाहिए वरना समाज में गतिरोध और हिंसा बढ़ेगी।

वैसे इस तरह का वातावरण असली मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए भी तैयार किया जाता है। इसलिए समझदार हिन्दू और मुसलमान अपने धर्म के प्रति आस्थावान होते हुए भी इस हवा में नहीं बहते। हिन्दुत्व का समर्थक कोई पाठक मुझसे तर्क कर सकता है कि हिन्दुस्तान में भाजपा के सांसदों और विधायकों को हिन्दुवादी नारे लगाने से रोका जाएगा तो क्या हम फिलिस्तीन में जा कर ये नारे लगाएंगे? मेरा उत्तर है कि मैं सनातनधर्मी हूं और मेरा परिवार और पूर्वज शुरू से ही आरएसएस से जुड़े रहे हैं। लेकिन पिछले 30 वर्षों में हिन्दुत्व की राजनीति का जो चेहरा मैंने देखा है उससे मन में कई सवाल खड़े हो गए हैं। जब देश की आबादी 141 करोड़ है, इनमें से 97 करोड़ वोटर हैं। उसमें से 36.6 प्रतिशत वोटरों ने ही इस चुनाव में भाजपा को वोट दिया है। मतलब यह कि कुल 111 करोड़ हिन्दुओं में से केवल 35 करोड़ हिंदुओं ने बीजेपी को वोट दिया। तो भाजपा सारे हिन्दू समाज के प्रतिनिधित्व का दावा कैसे कर सकती है? चूंकि देश की आबादी में 78.9 प्रतिशत हिन्दू हैं, और उनमें से एक छोटे से हिस्से ने बीजेपी को वोट दिया है। मतलब बहुसंख्यक हिन्दू भाजपा की नीतियों से सहमत नहीं हैं। हम सब मानते हैं कि हमारा धर्म सनातन धर्म है, जिसका आधार हैं वेद, पुराण, गीता, भागवत, रामायण आदि ग्रंथ। क्या भाजपा इनमें से किसी भी ग्रंथ के अनुसार आचरण करती है? अगर नहीं तो कैसे हिन्दू धर्म के पुरोधा होने का दावा करती है?

हमारे धर्म के चार स्तंभ हैं-चारों पीठों के शंकराचार्य जिन्हें आदि शंकराचार्य जी ने सदियों पहले भारत के चार कोनों में स्थापित किया था। क्या भाजपा चारों शंकराचार्यों को यथोचित सम्मान देती है और इनके ही मार्गनिर्देशन में अपनी धार्मिक नीति बनाती है? अगर नहीं तो फिर बीजेपी हिन्दू धर्म की पुरोधा कैसे हुई? सनातन धर्म में साकार और निराकारङ्क दोनों ब्रह्म की उपासना स्वीकृत हैं। इस तरह उपासना के अनेक मार्ग और अधिकृत संप्रदाय हैं। इसलिए पूरे देश में व्याप्त सनातन धर्म का कोई एक झंडा या जयघोष नहीं होता। जैसे 'जय श्री राम' किसी अधिकृत संप्रदाय का जयघोष नहीं है। प्रभु श्री राम को लोग 'जय सिया राम', 'राम-राम' 'जय रामजी की' आदि अनेक संबोधनों से पुकारते हैं। 'जाकी रही भावना जैसी हरि मूरत देखी तिन तैसी'। फिर केवल 'जय श्री राम' धार्मिक उदघोष कैसे हुआ? ऐसी तमाम अन्य बातों को भी देख-सुन कर स्पष्ट होता है कि भाजपा का हिन्दुत्व सनातन धर्म नहीं है। यह इनकी राजनीति के लिए अस्त्र मात्र है। इसका अर्थ हुआ कि संसद में चाहे 'श्री राम' का नारा लगे और चाहे 'अल्लाह हो अकबर' का, दोनों ही राजनैतिक उद्देश्य से लगाए जाने वाले नारे हैं, जिनका उद्घोष संसद में नहीं होना चाहिए। जय फिलिस्तीन का नारा तो और भी खतरनाक प्रवृत्ति है। संसद के दोनों सदनों के अध्यक्ष गंभीरता से विचार करके संविधान और संसद की गरिमा बचाने का काम करें।

## शख्स ने नासा पर ठोका 80,000 डॉलर का मुकदमा, घर पर अंतरिक्ष से गिरा मलबा, छत से लेकर फर्श तक कर दिया छेद

वाशिंगटन । अमेरिका में एक शख्स को नासा बड़ा सदमा दे गया, जिसके बाद उक्त शख्स ने अंतरिक्ष एजेंसी के खिलाफ मुकदमा ठोक दिया है। यह शख्स अमेरिका के फ्लोरिडा स्थित नेपल्स का रहने वाला है। उसने नासा से 80,000 डॉलर यानी करीब 67 लाख रुपये मुआवजे की मांग की है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह घटना इस साल 8 मार्च की है। नेपल्स में एलेयांद्रो ओटेरो के घर पर अंतरिक्ष से एक बड़ा सा मलबा आ गिर गया। इस मलबे ने उनके घर की छत से लेकर फर्श तक में छेद कर दिया। इस घटना के वक्त एलेयांद्रो अपने परिवार के साथ छुट्टी मनाने गए हुए थे। घर पर सिर्फ उनका बेटा डैनियल मौजूद था, जिसने उन्हें फोन करके इसके बारे में बताया। ओटेरा ने बताया, 'मैं यह सुनकर कांप रहा था। मैं पूरी तरह से हैरान था। मैं सोच रहा था कि आखिर हमारे घर पर इतनी ताकत से कौन सी चीज गिर गई, जिससे इतना नुकसान हो गया।' एलेयांद्रो ने घर पहुंचकर देखा तो उन्होंने 41.6 इंच का एक सिलेंडर दिखा, जिसका वजन करीब 1.6 पाउंड यानी करीब 700 ग्राम था। वह सोच रहे थे कि आखिर ये चीज़ कहां से आई, जिसने उनके घर को तबाह कर दिया। नासा ने बाद में पुष्टि की कि यह सिलेंडर उसके स्पेस स्टेशन से निकला था। उसने बताया कि इसका इस्तेमाल कार्गो पैलेट पर पुरानी बैटरियों को माउंट करने के लिए किया जाता था। इसे 2021 स्पेस स्टेशन से छोड़ा गया था। ऐसी चीज़े के पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करते ही पूरी तरह से जल जाती है, हालांकि यह एक टुकड़ा बच गया और अंतरिक्ष में करीब 3 साल मंडराने के बाद ओटेरो परिवार की प्रॉपर्टी पर गिर गया। वहीं ओटैरा परिवार के वकील मीका गुयेन वर्थी ने इस मुद्दे की गंभीरता पर जोर देते हुए कहा, 'मेरे मुवक्किल इस घटना से उनके जीवन पर पड़ने वाले तनाव और प्रभाव के लिए पर्याप्त मुआवजे की मांग कर रहे हैं। वे शुक्रगुजार हैं कि इस घटना से किसी को भी शारीरिक चोट नहीं लगी, लेकिन इस तरह की स्थिति भयावह हो सकती थी। अगर मलबा दूसरी दिशा में कुछ फीट दूर गिरता, तो गंभीर चोट या मौत हो सकती थी।' वर्थी ने यह भी बताया कि इस केस का मकसद निजी और सार्वजनिक दोनों क्षेत्रों में अंतरिक्ष मलबे के दावों के लिए एक मिसाल कायम करना है। वहीं नासा को इस मामले ओटेरो परिवार की तरफ से मांगे गए मुआवजे का जवाब देने के लिए छह महीने का समय दिया गया है। बता दें कि अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के नाम पर कई रिकॉर्ड दर्ज हैं। अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में इस एजेंसी का नाम लोग बड़े सम्मान से लेते हैं।

## प्रेमी ने तोडा वादा तो कोर्ट पहुंची लडकी, प्रेमी पर लगाया 'वर्बल कॉन्ट्रैक्ट' के उल्लंघन का आरोप

क्राइस्टचर्च । एक लडकी के ब्वॉयफ्रेंड ने उससे किया गया वादा नहीं निभाया, तो वह कोर्ट पहुंच गई और प्रेमी पर 'वर्बल कॉन्ट्रैक्ट' के उल्लंघन का आरोप लगाया। न्यूज़ीलैंड की रहने वाली एक प्रेमिका ये बर्दाश्त नहीं कर पाई कि उसके प्रेमी ने उससे जो वादा किया, वो पूरा नहीं किया। अब ये प्रॉमिस कोई शादी को लेकर नहीं था बल्कि बात इतनी सी थी कि उसने लड़की को एयरपोर्ट छोड़ने के लिए कहा था, लेकिन वो नहीं गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक न्यूज़ीलैंड की रहने वाली एक लड़की ने अपने लॉन्ग टाइम ब्वॉयफ्रेंड पर 'वर्बल कॉन्ट्रैक्ट' का उल्लंघन करने का केस ठोका है। पढ़ने में ये बात जितनी भारी-भरकम है, मामला उतना ही मज़ेदार है। दरअसल हुआ यूं कि लड़की को एक म्यूज़िक कॉन्सर्ट के लिए दूसरे शहर में जाना था। प्रेमी ने कहा था कि वो उसे एयरपोर्ट तक छोड़ देगा और उसकी गैर हाजिरी में दो दिन तक उसके दो पेट डॉग्स का भी ख्याल रखेगा। हालात ऐसे बने कि लड़का उसे छोड़ने नहीं आ सका और लड़की की फ्लाइट छूट गई। लड़की ने डिस्प्यूट ट्रिब्यूनल को बताया कि वो साढ़े 6 साल से रिलेशनशिप में है। ऐन वक्त पर ब्वॉयफ्रेंड ने मैसेज का रिप्लाई नहीं दिया और उसे अपनी ट्रिप कैंसिल करनी पड़ी। अगले दिन जाने पर उसके काफी पैसे खर्च हो गए और इसकी वजह सिर्फ उसका वादा न पूरा करना थी। मामले में अदालत ने फैसला सुनाते हुए कहा कि जब तक आप कानूनी रूप से बाध्यकारी किसी रिश्त में नहीं हैं, तब तक इस तरह का दबाव नहीं डाला जा सकता यानि लड़की को निराश होना पड़ा। बता दें प्रेमी-प्रेमिका का रिश्ता ही नोकझोंक से भरा होता है। कभी प्यार तो कभी तकरार से ही ये रिलेशनशिप आगे बढ़ता है।

## ब्रिटेन में 4 जुलाई को वोटिंग

लंदन। ब्रिटेन में भारतवंशी पीएम ऋषि सुनक और उनकी कंजरवेटिव पार्टी का जल्द चुनाव का दांव फेल होता दिख रहा है। एक सप्ताह बाद 4 जुलाई को होने वाली वोटिंग से पहले अधिकांश सर्वे में कंजरवेटिव पार्टी के सफाए की भविष्यवाणी कर रहे हैं। सर्वे में सुनक की पार्टी को सबसे ज्यादा 117 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। वहीं, सावंता-गार्जियन के सर्वे में दावा किया गया है कि कंजरवेटिव पार्टी 53 सीटों पर ही सिमट सकती है। जो 2019 के चुनाव की 365 सीटों की तुलना में बेहद कम है। वहीं, 650 सीटों वाले सदन में कीर स्टारमर की लेबर पार्टी को सबसे कम 425 और अधिकतम 516 सीटें मिलने का अनुमान है। 7 सर्वे के औसत में भी सुनक को 95 और स्टारमर को 453 सीटें मिलती दिख रही है।

## रहने के हिसाब से सबसे खराब शहर में शामिल हुआ कराची

नई दिल्ली । पाकिस्तान के शहर कराची को दुनिया के सबसे कम रहने योग्य 5 शहरों में से एक का दर्जा मिला है। हाल ही में हुए वैश्विक सर्वे में कराची को बेहद खराब रैंकिंग मिली है। पाकिस्तान का बंदरगाह शहर कराची कभी अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और आधुनिक शिक्षा के लिए मशहूर था लेकिन अब पाकिस्तान की तरह ही इसकी हालत भी बदतर हो गई है। रिपोर्ट के अनुसार, सर्वे एजेंसी ने स्वास्थ्य देखभाल, संस्कृति और पर्यावरण, स्थिरता, इंफ्रास्ट्रक्चर और शिक्षा सहित कई महत्वपूर्ण कारकों पर दुनिया भर के 173 शहरों की रैंकिंग की है। इस सूची में कराची 169वें स्थान पर है। कराची को कुल 42.7 स्कोर मिला है। स्थिरता संकेतक में कराची ने बेहद खराब प्रदर्शन करते हुए 100 में से महज 20 अंक हासिल किए। कराची को स्वास्थ्य के लिए 54.2, संस्कृति और पर्यावरण के लिए 35.9, शिक्षा के लिए 75 और इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 51.8 अंक मिले। सर्वे में कराची को दुनिया के सबसे कम रहने योग्य 5 शहरों में रखा गया है। सीरिया की राजधानी दमिश्क को दुनिया में सबसे कम रहने योग्य शहर माना गया है। नीचे से दूसरे स्थान पर लीबिया की राजधानी त्रिपोली, तीसरे पर अल्जीरिया का शहर अल्जीयर्स, चौथे पर नाइजीरिया का लागोस और पांचवें स्थान पर कराची है। वहीं ऑस्ट्रिया की राजधानी पिछले कई सालों की तरह इस बार भी दुनिया का सबसे ज्यादा रहने योग्य शहर है। 98.4 अंकों के साथ यह लिस्ट में शीर्ष पर कायम है। डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन ने भी अपना दूसरा स्थान कायम रखा है, जबकि स्विट्जरलैंड का ज्यूरिख पहले छठे स्थान पर था जो अब तीसरे स्थान पर पहुंच गया है।

## खून देखकर मिलती है खुशी......10 साल की उम्र में कर दिया मर्डर

लंदन । आप क्राइम थ्रिलर और मर्डर से जुड़ी खबरों में दिलचस्पी रखतें हैं, तब ये खबर आपके लिए है। इंग्लैंड की रहने वाली मैरी बेल ने 10 साल की उम्र में, चार साल की मार्टिन ब्राउन का गला घोंटकर हत्या कर दी थी और अपने परिवार को एक नोट लिखकर इसकी जानकारी दी।

इस मर्डर के दो माह बाद मैरी बेल ने तीन साल की ब्रायन होवे को मार डाला। मैरी ने कई अन्य बच्चों का गला घोंटने का प्रयास कर अपने नोट्स में हत्या जारी रखने की इच्छा व्यक्त की। लगातार कई हत्याओं में दोषी होने के बाद मैरी पर केस दर्ज हुआ और मुकदमा चला और ये माना गया कि मैरी सिर्फ अपनी खुशी के लिए खून करती है। जिसके बाद मैरी को 12 साल की सजा हुई। मैरी की मां बेट्टी मैकक्रिकेट एक 16 साल की सेक्स वर्कर थी। वे अक्सर मेरी बैल को छोड़कर घूमने निकल जाती थी। तब मैरी बैल के साथ किस तरह का बर्ताव होता था ये कहा नहीं जा सकता। उसकी मां ने ये कोशिश की थी कि कोई उसे कोई एडोप्ट कर ले। लेकिन बात नहीं बन सकी। बताया जाता है बचपन में ठीक से परवरिश न मिलने के कारण मैरी का व्यवहार ऐसा हुआ है। हत्या के मामले में मैरी और नोर्मा को स्कूल के बाहर पकड़ा गया था, लेकिन तुरंत रिहा कर दिया गया। मार्टिन की हत्या के बारे में मैरी के दावों को शुरू में ध्यान आकर्षित करने वाला बताकर खारिज कर दिया गया था। लेकिन मैरी की तरफ से हत्या की घटनाएं बंद नहीं हो रही थीं। इसके बाद मैरी के खतरनाक स्वभाव और बच्चों के प्रति उसके खतरे को देखते हुए, मैरी बेल को अनिश्चितकालीन कारावास की सजा सुनाई गई थी।



ताइवान की सैना में शामिल नये सैनिक निशाना लगाने का अभ्यास करते हुए।

## अंतरिक्ष में अचानक टूटा सैटेलाइट, अंतरिक्ष यात्रियों ने स्पेसक्राफ्ट में छिपकर बचाई जान

मॉस्को। रूस का एक ऑब्जरेशन सैटलाइट अंतरिक्ष में अचानक टूटकर सैकड़ों टुकड़ों में बिखर गया। इसके मलबे से बचने के लिए इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) के अंतरिक्षयात्रियों ने स्पेसक्राफ्ट में छिपकर अपनी जान बचाई। हालांकि सैटलाइट के टूटने की वजह का पता नहीं चल पाया है। वहीं इस घटना पर रूस की अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कोसमोस ने भी कोई टिप्पणी नहीं की है। अमेरिका के स्पेस कमांड का कहना है कि सैटलाइट के मलबे से फिलहाल किसी दूसरे सैटलाइट को नुकसान पहुंचने की आशंका नहीं है। बता दें कि रूस के इस रीसर्स पी-1 सैटलाइट को 2022 में ही मृत घोषित कर दिया गया था। अमेरिका की एक स्पेस ट्रैकिंग फर्म लियोलैब्स ने देखा था कि अंतरिक्ष में अचानक मृत सैटलाइट कम से कम 100 टुकड़ों में टूट गया। अब इसके बड़े-बड़े टुकड़े पृथ्वी की कक्षा में घूम रहे हैं। पृथ्वी की कक्षा में बढ़ते सैटलाइट और फिर उनकी वजह से बढ़ने वाला मलबा चिंता का कारण बन रहा है। साल 2021 में रूस ने अपने एक सैटलाइट को एंटी सैटलाइट मिसाइल द्वारा अंतरिक्ष में ही नष्ट कर दिया था। इसके बाद पश्चिमी देशों ने रूस की कड़ी आलोचना की थी। मिसाइल से सैटलाइट को नष्ट करने के बाद इसके हजारों बड़े-बड़े टुकड़े पृथ्वी की कक्षा में फैल गए। वहीं रीसर्स पी-1 को लेकर अभी इस तरह की बात पता नहीं चली है। रूस द्वारा किसी तरह के एंटी मिसाइल लॉन्च की खबर सामने नहीं आई है। दरअसल जब किसी सैटलाइट का आखिरी समय आता है तो या तो वह धीरे-धीरे पृथ्वी के वातावरण में प्रवेश करने लगता है और फिर जलकर राख हो जाता है। वहीं कई सैटलाइट पृथ्वी की ग्रेवयार्ड ऑर्बिट में चले जाते हैं। यह पृथ्वी से 36 हजार किलोमीटर की ऊंचाई की कक्षा है जिसमें दूसरे सैटलाइट से टकराने का खतरा कम हो जाता है।

## कजाकिस्तान में एससीओ शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे पीएम मोदी, जयशंकर करेंगे भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विदेश मंत्रालय ने पुष्टि की है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 3-4 जुलाई को कजाकिस्तान में आगामी शंघाई सहयोग संगठन (एससी) शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे और विदेश मंत्री एस जयशंकर बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे, जहां रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन होंगे। चीन के शी जिनपिंग के भाग लेने की उम्मीद है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने गुरुवार को नई दिल्ली में अपनी साप्ताहिक प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि एससीओ में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विदेश मंत्री करेंगे। यह एससीओ शिखर सम्मेलन 3 से 4 जुलाई के बीच होना है। इसलिए विदेश मंत्री वहां हमारे प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे।

इससे पहले, कई रिपोर्टों में अनुमान लगाया गया था कि पीएम मोदी एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे, जबकि नई लोकसभा का पहला संसदीय सत्र चल रहा है। जयशंकर के शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करने की उम्मीद थी जहां पुतिन, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ के भाग लेने की संभावना है।

पिछले साल, भारत ने वस्तुतः एससीओ शिखर सम्मेलन की मेजबानी की थी, जहां विदेश मंत्री जयशंकर ने तत्कालीन पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो की उपस्थिति में आतंकवाद पर चिंता





व्यक्त की थी। पुतिन ने शिखर सम्मेलन के आयोजन के लिए पीएम मोदी को धन्यवाद दिया और आतंकवाद, उग्रवाद और नशीली दवाओं की तस्करी से निपटने के लिए आपसी सहयोग पर नई दिल्ली घोषणा का समर्थन किया।

### एससीओ क्या है?

शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) का गठन 2001 में चीन द्वारा किया गया था। इसके सदस्यों में भारत, रूस, चीन, पाकिस्तान और चार मध्य एशियाई देश - कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान शामिल हैं। 2017 में भारत और पाकिस्तान इसके स्थायी सदस्य बने। भारत को 2005 में एससीओ में पर्यवेक्षक बनाया गया था और उसने आम तौर पर समूह की मंत्री-स्तरीय बैठकों में भाग लिया है, जो मुख्य रूप से यूरेशियन क्षेत्र में सुरक्षा और आर्थिक सहयोग पर केंद्रित हैं। एससीओ एक प्रभावशाली आर्थिक और सुरक्षा ब्लॉक है और सबसे बड़े अंतरक्षेत्रीय अंतरराष्ट्रीय संगठनों में से एक के रूप में उभरा है।

## भारतीय मजूदर की मौत पर...इटली की पीएम हुईं भावुक, खाई कसम



**रोम (एजेंसी)।** इटली में भारतीय नागरिक सतनाम की मौत से पूरे देश को हिलाकर रख दिया है। इस घटना से इटली को सबसे ज्यादा झटका लगा है। पूरी दुनिया में इटली की छवि धूमिल हुई है, क्योंकि देश में काम करने गए एक भारतीय मजदूर की मौत हो गई। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी को इस बात से बड़ा गुस्सा है। जॉर्जिया मेलोनी का मन अशांत है। संसद में सिंह का नाम लेकर जिस तरीके से जॉर्जिया मेलोनी भावुक हुईं। उसके बाद पूरी दुनिया की निगाहें मानों इटली पर आकर रूक गई। रूंधे गले से न सिर्फ उस शख्स का नाम मेलोनी ने लिया बल्कि कुछ ऐसा कहा कि संसद में मौजूद हर सांसद सीट से खड़ा हो गया। फिर पूरी संसद में केवल तालियों की गड़गड़ाहट सुनाई पड़ने लगी। मेलोनी ने अमानवीय वजहों से मौत का शिकार हुए भारतीय सतनाम को संसद में श्रद्धांजलि दी और दोषियों को सख्त सजा देने का भरोसा दिया। मेलोनी ने जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा, मामले में सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान मेलोनी काफी भावुक दिखाई दी। इतना ही नहीं, इटली के कई ट्रेड यूनियन ने घटना को क्रूर बताया है। वे सतनाम सिंह के परिवार को आर्थिक मदद देने की भी बात कह रहे हैं।

बता दें कि इटली उस वक्त सुर्खियों में आ गया जब पंजाब के भठिंडा जिले के रहने वाले सतनाम सिंह की इटली में मौत हो गई। सिंह का लातिना में स्ट्रॉबेरी की पैकिंग करने वाली मशीन से हाथ कट गया था जिसके बाद उनके नियोक्ता ने सिंह को बिना चिकित्सा उपचार के छोड़ दिया था।

भारत ने इटली से उस भारतीय श्रमिक की मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करने को कहा, जिसे भारी कृषि मशीनरी से उसका हाथ कट जाने के बाद उसके नियोक्ता ने उसे बिना चिकित्सकीय सहायता के सड़क पर फेंक दिया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी।

## चीन में दो पूर्व रक्षा मंत्रियों को चीनी कम्युनिस्ट पार्टी से निष्कासित किया गया

बीजिंग । चीन के दो पूर्व रक्षा मंत्री ली शांगफू और वेई फेंगहे को चीनी कम्युनिस्ट पार्टी से निष्कासित किया गया है। इन दोनों पर अवैध रूप से उपहार और पैसे लेने और रिश्वतखोरी का संदेह जताया गया है। ली शांगफू 12 मार्च 2023 से 24 अक्टूबर 2023 तक चीन के रक्षा मंत्री रहे। वहीं, वेई फेंगहे को 19 मार्च 2018 को रक्षा मंत्रालय की कमान सौंपी गई थी। वे 12 मार्च 2023 तक इस पद पर रहे। वेई फेंगहे पीएलए रॉकेट फोर्स के वरिष्ठ अधिकारी थे, जिनके कई शीर्ष कमांडरों को राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों में बर्खास्त कर दिया था।

## मंच पर हुए आमने-सामने : प्रेसिडेंशियल डिबेट में खूब बरसे ट्रंप

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप एक बार फिर एक ही मंच पर आमने-सामने हुए हैं। नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए ट्रंप और बाइडन के बीच प्रेसिडेंशियल डिबेट हुई है। वोटरों को अपने पक्ष में करने के लिए दोनों अमेरिकी जनता के सामने अपनी बातें रख रहे हैं। अटलांटा स्थित दफ्तर में पहली प्रेसिडेंशियल बहस के दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने जो बाइडन पर जमकर हमला बोला। डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि बाइडन चीन के साथ सौदा करने से डरते हैं क्योंकि उन्हें ड्रैनग से पैसा मिलता है। अब तक यह हमारे देश के इतिहास में सबसे बड़ा वित्तीय घाटा है। चीन के साथ हमारा सबसे बड़ा घाटा है। उन्हें चीन से पेमेंट मिलता है, वह एक मंचूरियन उम्मीदवार हैं।'

बता दें कि यहां कोई लाइव ऑडियंस नहीं है। जब बाइडन बोलते हैं तो ट्रंप का माइक म्यूट रहता है और जब ट्रंप बोलते हैं तो बाइडन का माइक म्यूट रहता है। जो बाइडन ने अपनी बहस की शुरुआत डोनाल्ड ट्रंप की तीखी आलोचना से की। हालांकि, बोलते वक्त वह कई बार लड़खड़ाए, जिसके बाद ट्रम्प ने तुरंत उनके शब्दों को पकड़ लिया। जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए अब तक के दो सबसे उम्रदराज उम्मीदवार हैं। डेमोक्रेटिक की ओर से जो बाइडन अपनी बातें रख रहे हैं तो वहीं रिपब्लिकन की ओर से डोनाल्ड ट्रंप। यहां बताना जरूरी है कि समय से पहले इस बार यह डिबेट हो रही है। अब तक दोनों पार्टियों ने आधिकारिक तौर पर अपना उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। लाइव डिबेट में दोनों एक-दूसरे पर वार-पलटवार कर रहे हैं।

## चीन की धमकी के बाद ताइवान ने उठाया बड़ा कदम, अपने नागरिकों से की ये अपील

**(एजेंसी)।** ताइवान सरकार ने चीन और हांगकांग की यात्रा करने के इच्छुक नागरिकों के लिए अपनी यात्रा चेतावनी बढ़ा दी है और उनसे कहा है कि जब तक बहुत जरूरी न हो तब तक न जाएं, पिछले हफ्ते बीजिंग द्वारा उन लोगों को फांसी देने की कथित धमकी के बाद, जिन्हें वह ताइवान की स्वतंत्रता के कट्टर समर्थक मानते हैं। चीन की धमकी, जो ताइवान को अपना क्षेत्र मानता है। देश और स्वतंत्रता की वकालत करने वाले ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते के बीच पहले से ही तनावपूर्ण तनाव को और बढ़ा दिया है। चीन ने 21 जून को देश को विभाजित करने और कानून के अनुसार अलगाव अपराधों को उकसाने और चीन की राष्ट्रीय संप्रभुता की रक्षा के लिए ÷कट्टर÷ ताइवान स्वतंत्रता अलगाववादियों के लिए चरम मामलों में मौत की सजा देने की धमकी दी। उत्तेजक टिप्पणियों की लाई और उनकी सरकार के साथ-साथ अमेरिका ने भी निंदा की। ताइवान के मुख्यभूमि मामलों की परिषद के प्रवक्ता लियांग वेन-चीह ने संवाददाताओं से कहा कि बढ़ी हुई यात्रा



चेतावनी चीन द्वारा संचालित शहरों हांगकांग और मकाऊ पर भी लागू होती है। उन्होंने कहा कि दिशानिर्देश चीन जाने वाले ताइवानी लोगों की सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा दर्शाते हैं, इसके अलावा चीन ने अपने राष्ट्रीय सुरक्षा कानूनों को मजबूत करने के लिए अन्य उपाय भी किए हैं। उन्होंने कहा कि अगर जाना ज़रूरी नहीं है, तो न जाएं। उन्होंने कहा कि यह यात्रा पर प्रतिबंध नहीं है और यह ताइवान के लोगों की रक्षा करने और उन्हें प्रति उपाय के बजाय जोखिम की याद दिलाने के बारे में है। चीन के ताइवान मामलों के कार्यालय ने टिप्पणी के अनुरोध का तुरंत जवाब नहीं दिया। इसने बुधवार को कहा कि दिशानिर्देश केवल बहुत कम संख्या में स्वतंत्रता के कट्टरपंथियों के बुरे शब्दों और कार्यों के लिए थे।

## इस साल का दूसरा सूर्य ग्रहण दो अक्टूबर को पड़ेगा

### -यह पूर्ण सूर्य ग्रहण नहीं होगा, आग के एक छल्ले के रुप आएगा नजर

**वॉशिंगटनसैंटफ्रांसिस्को (एजेंसी)।** इस साल हमें दो सूर्य ग्रहण देखने को मिलेंगे। पहला सूर्य ग्रहण एक पूर्ण सूर्य ग्रहण था, जो अमेरिका में अप्रैल महीने में देखा गया था। यह बेहद दुर्लभ नजारा था। वहीं अगले सूर्य ग्रहण का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। अगला सूर्य ग्रहण हमें 2 अक्टूबर को दिखाई देगा। लेकिन यह पूर्ण सूर्य ग्रहण नहीं होगा। दो अक्टूबर को लगने वाला सूर्य ग्रहण एक वलयाकार सूर्य ग्रहण होगा, जिसे रिंग ऑफ फायर भी कहा जाता है। आसमान में आग का एक छल्ला दिखाई देता है। इसका कारण यह है कि अंतरिक्ष में सूर्य स्थिर रहता है। वहीं पृथ्वी सूर्य की परिक्रमा करती है। चंद्रमा पृथ्वी की परिक्रमा करता है और इसके साथ चलते हुए सूर्य का चक्कर लगाता है। कई बार ऐसा होता है जब घूमते हुए चंद्रमा सूर्य और पृथ्वी के बीच में आ जाता है तब यह कुछ क्षण के लिए सूर्य के प्रकाश को रोक देता है, जो सूर्य ग्रहण कहलाता है। इस दौरान इसकी परछाई धरती पर पड़ती है। चंद्रमा जब धरती का चक्कर लगाता है तो इस दौरान उसकी दूरी भी बदलती रहती है। कभी वह पृथ्वी के नजदीक होता है तो कभी दूर। जब चंद्रमा पृथ्वी के करीब होता है तब इसका आकार बड़ा दिखता है। वहीं जब यह धरती से दूर होता है तो छोटा नजर आता है। सूर्य ग्रहण के दौरान अगर यह धरती के करीब होता है, तो आकार के कारण पृथ्वी से यह हमें सूर्य को पूरी तरह ढकता हुआ दिखाई देता है। लेकिन जब यह पृथ्वी से दूर होता है तो अपने छोटे आकार के कारण सूर्य के बीच के हिस्से को ही ढक पाता है। सूर्य का बाकी किनारा दिखाई देता है, जो आसमान में आग का छल्ले के रुप में नजर आता है। वलयाकार सूर्य ग्रहण को एन्यूलर सोलर इकलिप्स कहा जाता है। 2 अक्टूबर को लगने वाले सूर्य ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा। यह वलयाकार सूर्य ग्रहण दक्षिण अमेरिका महाद्वीप और प्रशांत महासागर में दिखाई देगा। चंद्रमा इस दौरान सूर्य के 93 फीसदी हिस्से को कवर करेगा। आसमान में एक पूर्ण आग की रिंग 7 मिनट 25 सेकंड का होगा। अर्जेंटीना और चिली के कुछ जगहों पर इस सूर्य ग्रहण को देखा जा सकता है। महाद्वीप के बाकी हिस्सों में यह आंशिक रूप से दिखाई देगा।



## मुखिया पिंकी देवी ने कन्या मध्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच किए पुस्तक का वितरण



चौपारण - प्रखंड के चौपारण पंचायत के मुखिया पिंकी देवी ने कन्या मध्य विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्षता में वर्ग एक से लेकर वर्ग आठ तक के सभी 140 विद्यार्थियों के बीच पुस्तक का वितरण किया। पुस्तक पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। ज्ञात हो कि बच्चों के बीच किताबें नहीं होने से उनकी पढ़ाई बाधित हो रही थी। मौके पर मुखीया पिंकी देवी ने बच्चों को पढ़लिख कर माता पिता और समाज का नाम रौशन करने को कहा। इस अवसर पर उपस्थित लोगों में स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष किरण कुमारी, स्कूल के प्रधानाध्यापिका सरोज कुमारी, शिक्षक दिलीप कुमार साव,बबलू कुमार राणा,शिक्षिका आरती कुमारी,लालमणि कुमारी ,आशा कुमारी संयोजिका पूनम कुमारी उपस्थित थे।

## नीट पेपर लिक मामले में सीबीआई पहुंचा चरही सीसीएल गेस्ट हाउस , प्राचार्य समेत दो लोगों को लिया गया रिमांड में



मकबुल अंसारी

चरही - नीट पेपर लिक मामले को लेकर सीसीएल चरही गेस्ट हाउस में चार दिनों से चल रहा शुक्रवार को सीबीआई के टीम चरही गेस्ट हाउस से लेकर पटना की चला गया है। टीम समेत तीन वाहनों में सुरक्षा के साथ 7 अभियुक्तों को ले गया मामला नीट प्रश्न पत्र पटना में जला मिला था। क्रमांक संख्या मिलान करने पर झारखंड की हजारीबाग ओएसीस स्कुल का सेंटर का मिलान हुआ था। मंगलवार को गठित टीम सीबीआई का दिल्ली से हजारीबाग पहूँचा स्कुल प्राचार्य डॉ0 एहसानूल हक समेत सात व्यक्तियों को रिमांड पर लेकर सीसीएल चरही गेस्ट हाउस पुछताछ चल रहा था। 60 घंटे से पूछताछ चल रहा था, घटना सम्बंधित मामले को पुछताछ चल रहा था। शुक्रवार 4—30 बजे पटना की ओर ले जाया गया है। इधर गेस्ट हाउस के बाहर मिडियाकर्मी का हुजूम लगा हुआ था, अभी भी स्पेंसर बना हुआ है कि इस नीट मामले में हजारीबाग से कितने लोगों का तार जूडा हुआ हैं खुलासा और भी हो सकता है।।

## प्राथमिक विद्यालय डुंगो में नई रसोईया का हुआ चयन

**पुराने रसोईया को सर्वपेंशन योजना से जोडा गया**



टाटीझरिया - प्रखंड के डुमर पंचायत अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय डुंगो में शुक्रवार को नई रसोईया का चयन प्रमुख संतोष मंडल, बीडीओ सह सीओ रश्मि खुशबू मिंज, मुखिया ममता देवी, विद्यालय प्रबंधन समिति और ग्रामीणों की उपस्थिति में किया गया। 60 वर्ष की उम्र पार कर चुकीं पुरानी रसोईया तरवा देवी को सर्वजन पेंशन से जोडते हुए उनके स्थान पर नई रसोईया बलवंती देवी का चयन किया गया। प्रमुख संतोष मंडल ने कहा कि विद्यालयों में मध्याह्न भोजन बनाने के दौरन अधिक उम्र की रसोइयों से सेवाएं लिए जाने के कारण दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। क्योंकि रसोई घर में आग के बीच उन्हें सैकड़ों स्कूली बच्चों का खाना बनाना पड़ता है। ऐसे में थोड़ी सी चूक विद्यालय प्रबंधन के लिए समस्या भी पैदा कर सकती है। नई रसोईया ने मध्याह्न भोजन बनाने व बच्चों को खिलाने का कार्य बखूबी निभाने की बात कही। मौके पर वार्ड सदस्या अंजू देवी, गणेश यादव, पवन यादव, सुरेश गंझू, नथू गंझू, हरिलाल गंझू, रिजवानिया बीबी, अनिता देवी, सरिता देवी, हुलसी देवी समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हा राव की 103 वी जयंती




हज़ारीबाग़ - पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हा राव की 103 वी जयंती हजारीबाग ज़िला कांग्रेस के अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव के अध्यक्षता में कृष्ण बल्लभ आश्रम कांग्रेस कार्यलय में कांग्रेसजन के उपस्थित में श्रद्धा सुमन, श्रद्धा फूल माला चढ़ाया गया और गगनभेदी नारों से वातावरण गूंज उठा और इस अवसर पर कांग्रेस ज़िला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा नरसिम्हा राव लगातार आठ बार चुनाव जीते और कांग्रेस पार्टी में 50 साल से ज्यादा समय गुजारने के बाद भारत के प्रधानमंत्री बने। राव को भारत की राजनीति का चाणक्य कहा जाता है। वे भारत में आर्थिक उदारीकरण के जनक माने जाते हैं।केंद्र सरकार ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव को मरणोपरांत देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न देने का एलान किया है। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, प्रदेश सचिव बिनोद सिंह, जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, अजय गुप्ता, गोविंद राम,कजरु साव, दिलीप कुमार रवि, बिजय सिंह ,सदरूल होदा, अनिल कुमार भुईया, दिलदार अंसारी, मुस्ताक अंसारी, अमृतेष रंजन, अमर सिंह यादव, सैयद अशरफ अली, कौशल कुमार सिंह आदि उपस्थित थे ।

# हादसों का दिन रहा गुरुवार, 12 घण्टे के अंतराल में चार सड़क दुर्घटना में एक का मौत



**चौपारण** – गुरुवार को प्रखण्ड में हादसों का दिन रहा। गुरुवार 12 घण्टे के अंतराल में प्रखंड में हुए चार विभिन्न सड़क हादसों में एक व्यक्ति की जान चली गई। वहीं कई घायल हो गए। पहली घटना दनुवा घाटी के सिरकोनी के पास घटी जहां पर एक गाड़ी ने आगे चल रही बाइक को टक्कर मार दी जिसमें सवार चाचा राजू पांडेय वजीर गंज बिहार और उसकी भतीजी घायल हो गए। जिसे एनएचएआई एम्बुलेंस के मदद से सामुदायिक अस्पताल पहुंचाया गया। दूसरी घटना बिगहा बाजार में घटी जहां एक बाइक सवार पैदल चल रहे एक ब्यक्ति को धक्का मार दिया। जिसमें बाइक सवार लाक्षो मुंडा,चतरा गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे चिकिसक डॉ एकलब्य ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया । तीसरी घटना पाण्डेयबारा के समीप में घटी जहां एक कार और एक कॉन्टेन्टर में आमने सामने से ज़ोरदार टक्कर हो गया। जिसमें कार चालक घायल हो गया। चौथी घटना चौपारण के बेढना बारा चौक के समीप घटी जहां एक अज्ञात वाहन ने एक बाइक सवार को धक्का मार फरार हो गया। जिसमें बाइक जेएच 02 बीसी 9780 सवार बरही थाना के रसोइया धमना पंचायत के छोटकी बरही गांव निवासी स्व. नारों साव का 39 वर्षीय पुत्र रामनारायण साव गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं बाइक चला रहें उनके भतीजे सोनू कुमार उम्र 28 वर्ष को मामूली चोट आई है। इधर आसपास के ग्रामीणों ने तुरत रामनारायण साव को चौपारण सामुदायिक अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर चौपारण पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेते हुवे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बरही भेज दिया। परिजनों ने बताया की मृतक चतरा में पोकलेन मशीन चलाने का कार्य करता था, गुरुवार को किसी काम से वह अपने घर आया था। शुक्रवार सुबह काम करने के लिए बाइक से चतरा जा रहा था, इसी दौरान चौपारण के बेढ़ना बारा मोड़ के पास अज्ञात वाहन ने चपेट में ले लिया। मृतक अपने पीछे पत्नी, दो बच्ची 8 वर्षीय रागिनी कुमारी, 5 वर्षीय रिया कुमारी व 3 वर्षीय पुत्र राजीव कुमार को छोड़ कर चला गया। मृतक की पत्नी समेत परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# अतिक्रमण की मार झेल रहा है विष्णुगढ़ का बड़की बांध और मौन है अंचल कार्यालय


**विष्णुगढ़** – अतिक्रमण से विष्णुगढ़ के ऐतिहासिक बड़की बांध का दायरा सिकुड़ता जा रहा। यह तालाब राजा रजवाड़े के जमाने का है। इसका निर्माण विष्णुगढ़ के तत्कालीन राजा विष्णुदेव सिंह ने कराया था। राजा विष्णुदेव सिंह रामगढ़ राजा के रिश्तेदार थे।

इस तालाब से कई कहानियां जुड़ी हैं। 13 एकड़15 डिसमिल का यह तालाब अतिक्रमण के कारण सात से आठ एकड़ में सिमट कर रह गया है। पहले से कई लोग तालाब की जमीन पर खेती कर रहे हैं। अब उसपर पक्का निर्माण हो रहा है। ग्रामीण डीएमएफटी मद से मांडू विधायक के करीबी खरकी के जय कुमार महतो द्वारा तालाब की जमीन पर बनाये जा रहे गार्डवाल का विरोध कर रहे हैं। वहीं उनके कुछ मदतकारों की नजर बगल की बची तालाब की जमीन पर है। मालूम हो कि इस गार्डवाल के निर्माण से दुर्गा पूजा में प्रतिमाओं के विसर्जन में परेशानी होगी। यही वह जगह है जहां से प्रतिमाएं तालाब में विसर्जित की जाती हैं। गार्डवाल के निर्माण के बाद तालाब में जाने का रास्ता ही बंद हो जाएगा। बीते बुधवार को कई ग्रामीण सीओ के नाम संबोधित ग्रामीणों के



हस्ताक्षर युक्त आवेदन लेकर अंचल कार्यालय निर्माण कार्य पर रोक लगाने की फरियाद लेकर पहुंचे, पर सीओ नहीं मिले। सीआई से मिलकर उन्हें आवेदन सौंपा गया।कहीं कोई खेल न हो जाये इसलिए पावती की मांग की गई। इस पर सीआई बिफर पड़े। अंततः ग्रामीणों को आवेदन की रिसीविंग दी गयी, मगर कार्रवाई तीन दिन बाद भी नहीं हो पाई है। किसी भी सरकारी निर्माण के लिए भूमि प्रतिवेदन आवश्यक होता है।यहां सवाल उठता है कि आखिर तालाब की जमीन पर निर्माण कार्य को हरी झंडी देने वाले राजश्व कर्मी ने भूमि प्रतिवेदन में स्वीकृति कैसे दी। मामला जन सरोकार के साथ साथ धार्मिक आस्था से जुड़ा है।बावजूद इसके विष्णुगढ़ का अंचल कार्यालय मामले पर चुप्पी साधे हुए है। आवेदन सौंपने वालों में खोसलाल राम, महेश कसेरा, संजय प्रजापति, संजय सोनी, नवल किशोर बर्मा, गोविंद शर्मा, शशि लहकार, विनोद सिंह, गौतम शर्मा, काशी कसेरा, अरविंद कुमार बरनवाल, संजय कसेरा, कारू प्रजापति, नागेश्वर प्रजापति और राज कुमार ठाकुर समेत कई अन्य शामिल थे।

## पांच दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट में सिरैय पंचायत की टीम बनी उप विजेता



विष्णुगढ़ - पंचायत स्तरीय पांच दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट में प्रखंड की सिरैय पंचायत की टीम तिरला में आयोजित पंचायत स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में उपविजेता रही । फाइनल मुकाबला गुरुवार को खेला गया था। टूर्नामेंट में कुल 32 पंचायतों की टीमें भाग ली थी। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला सिरैय और हेंसला पंचायत के बीच 6-6 ओवर का खेला गया। हेंसला की टीम पहले बैटिंग करते हुए 51 रन का लक्ष्य दिया, मगर सिरैय की टीम ने 35 रन ही बना सकी और उपविजेता रही। हेंसला की टीम 25 रनों से जीत हासिल कर विजेता बनी। सिरैय टीम की ओर से कप्तान रेखलाल महतो, उप कप्तान बासुदेव महतो, विनय महतो, संजय महतो, संदीप महतो, आशीष कुमार, आशीष महतो, शंकर सिंह, सेवाचंद कुमार, ताहिर अंसारी, रशीद खान खेल रहे थे। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता, सिकंदर अली, झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय संगठन मंत्री महेंद्र प्रसाद महतो उर्फ माही पटेल, ऑक्सफोर्ड स्कूल के संचालक डूमरचंद महतो, एंबिशन पब्लिक स्कूल के विवेक कुमार, हेंसला पंससश अमजद खान, मंजूर आलम समेत अन्य मौजूद थे।

# शहरी क्षेत्र में चला वाहनों का सघन जांच अभियान

**बिना वैध कागजात के चल रहे सैकड़ों टोटो,ऑटो रिक्शा को किया गया जब्त**

**हज़ारीबाग़** – उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देश पर हजारीबाग जिला में व्यापक वाहनों का जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान जिला मे ऑटो, टोटो और दुपहिया वाहनों का सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। शहर के विभिन्न हिस्सों में चले जांच अभियान में सैकड़ो टोटो चालको के वाहन को जब्त कर उनसे वाहनों के दस्तावेज की मांग की गई।इस अभियान मे जिला परिवहन पदाधिकारी,यातायात पुलिस तथा सडक सुरक्षा टीम शामिल रही। जांच के क्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि शहरी क्षेत्रों में बेहिसाब यत्र तत्र टोटो,ऑटो के परिचालन से जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है,जिसके कारण सुगम यातायात में व्यवधान हो जाता है। इस कारण आज वाहनों की सघन जांच की जा रही है, कई बिन हेलमेट वाले वाहनों से चालान भी काटे गए है तथा



बिना कागजात वाले वाहनों को जब्त किया गया है।

**अभियान के तहत इतने वाहनों पर हुई कारवाई:**

1.कुल टोटो वाहन जब्त - 95
2.अब तक कुल मोटर वाहन पर चालान की संख्या - 24
3.कुल राजस्व- 36000( अबतक )

## पूर्व विधायक की पहल से मिला नया ट्रांसफर, ग्रामीणों में खुशी



**विष्णुगढ़** – प्रखंड अंतर्गत मड़मों के गमहरिया टांड़ की रात अब रोशन हो गयी।बगोदर के पूर्व भाजपा विधायक नागेंद्र महतो ने ग्रामीणों की मांग पूरी करते हुए शुक्रवार को नया ट्रांसफर उपलब्ध करा दिया। ट्रांसफार्मर का उद्घाटन करने पहुंचे पूर्व विधायक का गांव वालों ने बाजे गाजे के साथ स्वागत किया और फूल मालाएं पहनाई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि गांव के ट्रांसफार्मर के खराब हो जाने की सूचना ग्रामीणों ने उन्हें दी थी। सूचना मिलने पर विभागीय अधिकारियों से संपर्क कर उन्होंने नया ट्रांसफार्मर दिलवाया। कहा कि भीषण गर्मी और रात के अंधेरे से ग्रामीणों को अब बहुत राहत मिलेगी। उन्होंने ग्रामीणों को भी बिजली का सही इस्तेमाल करने की नसीहत दी। कहा कि बिजली का अवैध उपभोग नहीं करना चाहिए। वहां मौजूद लोगों से मुखातिब होते हुए कहा कि ग्रामीणों की समस्यायों का समाधान उनकी प्राथमिकताओं में सर्वोपरि है। ग्रामीणों ने भी उनके प्रति आभार जताया।

इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि अजय मिर्धा, वार्ड सदस्य सरिता कुमारी, जगदीश महतो, कैलाश महतो, सुखदेव महतो, घनश्याम महतो, प्रेमचन्द कुमार, नारायण महतो, रामानंद सिंह, अरविंद सिंह जीवाधन महतो, संतोष कुमार, कैलाश महतो, झरीलाल महतो, सहदेव महतो, कारूलाल महतो, गणेश महतो, संजय महतो, राजेश महतो, राजेंद्र महतो, सावित्री देवी देवी,जयंती देवी, हेमंती देवी, कंचन देवी, पार्वती देवी, कौशल्या देवी, सरस्वती देवी, सुकरी देवी, कुंती देवी, आशा देवी, उगनी देवी सहित सैकड़ो ग्रामीण महिला पुरूष मौजूद थे।

## एंटी क्राइम व सड़क सुरक्षा को लेकर थाना प्रभारी के नेतृत्व में चला वाहन चेकिंग अभियान

**चौपरण** – प्रखण्ड अंतर्गत एन्टी क्राइम व सड़क सुरक्षा को लेकर चौपारण थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में चौपारण थाना के सामने गहन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान वाहन चालक के हेलमेट, कागजात एवं परिवहन नियम की जांच की।

इस दौरान पकड़े गए डेढ़ दर्जन से अधिक मोटरसाइकिल चालक को हेलमेट नहीं रहने एवं वाहन के इंश्योरेंस आदि में कमी पाए जाने पर जुर्माना लगाया गया। खबर लिखे जाने तक वाहन चेकिंग अभियान जारी था। वहीं थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने बताया कि जांच चल ही रही है, नियमतः जो प्रक्रिया है उसे पूरी करने के




बाद ही वाहन को छोड़ा जाएगा। बतादें कि मोटरसाइकिल वाहन जांच अभियान लंबे समय बाद शुरू की गई। पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर वाहन जांच अभियान चला। यह लगातार जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि शनिवार से और भी बड़े पैमाने पर वाहन चेकिंग अभियान चलेगा और ऑनलाइन चालान कटेगा।सभी वाहन चालको को परिवहन नियमों का पालन करते हुए हेलमेट, सीट बेल्टलगाकर वाहन चलाने वाहन का इंश्योरेंस आदि दस्तावेज दुरुस्त रखने का निर्देश दिया गया। थाना प्रभारी ने आगे बताया कि लगातार हो रहे सड़क दुर्घटना को देखते हुए वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कम उम्र के बच्चे के अभिभावक से अपील किया कि 18 साल से कम उम्र के बच्चों को बाइक नहीं दे। आए दिन दुर्घटना का शिकार नाबालिक ही ज्यादा हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस तरह के वाहन चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा।

## टाटीझरिया पुलिस ने चलाया सघन वाहन जांच अभियान

टाटीझरिया - टाटीझरिया थाना पुलिस ने एसपी के निर्देश पर थाना प्रभारी सुजीत कुमार ने थाना के बाहर वाहन जांच अभियान चलाया। जांच के क्रम में लोगों का हेलमेट,लाईसेंस,ओवर लोडिंग समेत अन्य कागजत का जांच किया गया। सुजीत कुमार ने बताया कि वरिय अधिकारी के निर्देश पर जांच चलाया जा रहा है ।इस तरह का जांच प्रतिदिन चलाया जायेगा। लोगों को वाहन निकालने से पहले हेलमेट पहन लेने का निर्देश दिया। लोगों को थाना प्रभारी समझाते भी नजर आये ताकि लोगों को समझ में आवे और नियम का पालन करें। जांच के बाद सभी वाहन का चालान के लिए थाना प्रभारी ने डीटीओ को अग्रसरित




किया। जांच में एएस आई सोना राम,बल के जवान अशोक सिंह,भोला शर्मा,भुनेश्वर यादव समेत थाना के सशस्त्र बल के पुलिस शामिल था।

# भ्रष्टाचार और लाल फीताशाही के खिलाफ आजसू का हल्लाबोल

**विष्णुगढ** – तयसुदा कार्यक्रम के तहत आजसू पार्टी की विष्णुगढ़ प्रखंड इकाई ने शुक्रवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय में हल्लाबोल का आयोजन किया। राज्य में व्यापत भ्रष्टाचार और प्रशाशनिक उदासीनता के खिलाफ पार्टी के केंदीय अध्यक्ष सुदेश महतो के निर्देश पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था।इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह मांडू विधानसभा के प्रभारी तिवारी महतो ने कहा कि भ्रष्टाचार पूरे राज्य में बड़े पैमाने पर व्याप्त है।बिना चढ़ावा सरकारी दफ्तरों में कोई काम नहीं होता है।भ्रष्टाचार संस्थागत हो चुका है।ऐसे अराजक माहौल में जनता पिस



रही है।निरंकुश व्यवस्था के विरुद्ध पार्टी राज्य स्तर पर हल्लाबोल कार्यक्रम चला रही है।इस दौरान बीडीओ और सीओ को अलग अलग ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में काफी दिनों से लंबित दाखिल खारिज के मामले निबटाने, अबुवा आवास के लाभुकों के चयन में पारदर्शिता लाने , मनरेगा से संबंधित योजनाओं को शीघ्र पूरा करने, छात्र छात्राओं के लिए विभिन्न प्रमाण पत्र बनाने में टालू रवैया छोड़ने, किसानो को समय पर खाद बीज की आपूर्ति करने, विधुत आपूर्ति व्यवस्था मे सुधार लाने, सरकारी कर्मियों की कार्यालय में समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने, झारखंड आंदोलनकारियों को सरकारी योजनाओं मे प्राथमिकता देने, पेंशन धारियों को नियमित भुगतान करने, राशन कार्ड धारियों को समय पर राशन आपूर्ति करने, खराब पड़े चापाकलों की शीघ्र मरम्मत करने एवं बिष्णुगढ प्रखंड को पूर्ण अनुमंडल की दर्जा देने की मांग की गई है।इस कार्यक्रम में रंजीत गुप्ता, महादेव देहाती, लिलो महतो, दीपु अकेला, गौतम वर्मा, सतीश कुमार, हितेंद्र पटेल, राजकुमार सिंह, दामोदर महतो, रवि कुमार, लकी कुमार, टेकलाल यादव,जय नारायण महतो, सुधीर कुमार, चुनिया देवी, अनिता देवी, सोनी देवी संगीता देवी, सुरेश कुशवाहा, विकास महतो, गोविंद महतो, धीरज साव, दिवाकर दिव्यदर्शी , राज यादव, राजेश साव, जागेश्वर महतो, समेत अन्य लोग शरीक थे।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल ने की।जबकि संचालन विनोद बिहारी महतो ने किया।

# समाजसेवी नरेश दास के निधन से कतरास में गम का माहौल



कतरास। छाताबाद निवासी समाजसेवी नरेश दास नहीं रहे. वे बोकारो के एक अस्पताल में ईलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली. बता दें कि नरेश दास डीसी रेल आंदोलन में सक्रिय नेतृत्वकारी भूमिका निभाई. छात्र आंदोलन में भी नरेश दास आगे रहे. बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को मानने वाले नरेश दास संविधान और बाबा साहब पर अक्सर कार्यक्रम करते थे. उनके निधन के बाद क्षेत्र में एवं उनके शुभचिंतकों में शोक की लहर फैल गई. देहांत की खबर सुनकर नरेश दास के निवास स्थान छाताबाद में कई लोग पहुँचे तथा अपनी शोक संवेदना प्रकट किए. राजेंद्र प्रसाद राजा, उमेश ऋषि ,विजय झा, परवेज अहमद, विनय पासवान आदि सैकड़ों लोगों ने उनके निधन पर शोक प्रकट किया.

# रंजीत महतो के पहल पर रामपुर में 24 घण्टे के भीतर लगा नया ट्रांसफार्मर, ग्रामीणों में खुशी



**कतरास।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति व झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के धनबाद जिला मिडिया प्रभारी युवा क्रांतिकारी रंजीत कुमार महतो के पहल पर टुंडी विधानसभा क्षेत्र के पूर्वी टुंडी रामपुर पंचायत के डोरवाडीह गांव में चौबीस घंटे के भीतर नया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया. बता दें कि डोरवाडीह गांव में ट्रांसफार्मर खराब हो जाने के कारण लगभग पंद्रह दिनों से वहाँ के ग्रामीण इस भीषण गर्मी में अंधेरे में रहने के लिए मजबूर थें. स्थानीय ग्रामीण के द्वारा कई बार विभागीय अधिकारियों को नया ट्रांसफार्मर लगाने का फरियाद किया गया था लेकिन नया ट्रांसफार्मर नहीं लगा. मामले की जानकारी जैसे ही धनबाद जिला मिडिया प्रभारी युवा क्रांतिकारी रंजीत कुमार महतो को मिली. उन्होंने मामले में त्वरित संज्ञान में लेते हुए झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के टुंडी सब डिवीजन के अधिकारियों और राज्य स्तर के विभागीय अधिकारियों को चौबीस घंटे के भीतर नया ट्रांसफार्मर लगवाने का अल्टिमेटम दिया. परिणाम स्वरूप एक दिन के भीतर डोरवाडीह गांव में नया ट्रांसफार्मर का विधिवत उद्घाटन किया गया. पंद्रह दिनों के बाद बिजली आपूर्ति होने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल देखने को मिला. गांव के लोगों ने इस कार्य के लिए जेबीकेएसएस के रंजीत महतो एवं अन्य नेताओं को तथा बिजली विभाग के पदाधिकारियों को हृदय से आभार प्रकट किया.

# राज्य की बेहतरी के लिए जयराम महतो एक बेहतर विकल्प - राहुल कुमार




मेदिनीनगर पलामू। डाल्टनगंज,हमारे भारत के संविधान में एक एक वयस्क व्यक्ति की पहचान 18 वर्ष बाद मिल जाता है ।वह भारतीय संविधान के अनुसार अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है परंतु बहुत बड़ी विडंबना है की हमारे राज्य को जन्म लिए हुए लगभग 24 वर्ष हो गए और इतने वर्ष होने के बावजूद भी इसको कोई विशेष पहचान नहीं मिल पाया है इसके पहचान के लिए इस राज्य के युवा दर-दर भटकते रह रहे हैं और अपनी संस्कृति सभ्यता भाषा आदि मुद्दों को पहचान दिलाने को लेकर लगातार संघर्षरत है । विदित हो की कल पलामू में टाइगर जयराम महतो का आगमन हुआ था । मुलाकात के बाद अंग्रेजी के प्रोफेसर राहुल कुमार ने कहा की आज के युवा पीढ़ी को उम्मीद दिलाने वाले माननीय टाइगर जयराम महतो से मिलकर हमने छात्र-छात्राओं की समस्या ,बेरोजगारी ,जल समस्या आदि से अवगत कराया है। जयराम महतो ने इन सभी बातों को अपने संज्ञान में रखा एवं युवाओं को एक ऊर्जा के साथ उम्मीद का किरण को बरकरार रखने को कहा । निश्चित तौर पर आने वाला समय युवाओं का है और झारखंड का सम्पूर्ण विकास एक दूरगामी सोच वाला युवा ही कर सकता है।

# जिप उपाध्यक्ष ने पुलिया निर्माण के लिए उपायुक्त को सौंपा पत्र



**बालूमाथ ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के भैसादोन ग्राम में पुलिया निर्माण कार्य कराने को लेकर लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह को जिला परिषद उपाध्यक्ष अनिता देवी ने आवेदन सौपा है ।जिप उपाध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान जानकारी मिली थी कि बालूमाथ प्रखंड के भैसादोन नीचे टोला में 30 से 35 घर हैं ।रास्ते में बड़की नदी पड़ती है ।जिस कारण बरसात में टोला अन्य गांवों से अलग-थलग पड़ जाता हैं ।बच्चे स्कूल नहीं जा पाते उनकी बरसात की छुट्टी हो जाती है ।और जानवरों के समक्ष चारे का संकट उत्पन्न हो जाता है ।और इसको लेकर उपायुक्त गरीमा सिंह से मुलाकात किया ।और आवेदन सौपकर वहां पर पुलिया निर्माण का अनुरोध किया ।इसके अलावा टोला में जल जीवन मिशन के तहत एक ही जलमीनार लगाया गया है ।जिसका बोरवेल भी धंस गया है ।जिस कारण किसी भी घर को पानी नहीं पहुंच पा रहा है ।जिसपर उन्होंने पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता दीपक कुमार से बात किया और पानी की सुविधा बहाल करने की बात कही।

# राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के अध्यक्ष एम. वेंकटेशन ने सफाई कर्मियों, धनबाद नगर निगम, चिरकुंडा नगर परिषद एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ की बैठक, दिया जरूरी दिशा - निर्देश




**धनबाद।** समाहरणालय सभागार में राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के अध्यक्ष एम. वेंकटेशन ने बैठक किया। इस दौरान नगर निगम धनबाद, नगर परिषद चिरकुंडा, आईआईटी, आईएसएम, सिंफर अंतर्गत कार्यरत सफाई कर्मियों की सुरक्षा और समस्याओं को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। बैठक में राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष एम. वेंकटेशन ने सफाई कर्मियों से सीधे संवाद किया। उन्होंने कार्यरत सफाई कर्मियों ङ्क बाह्यश्रोत के माध्यम से कार्यरत सफाई कर्मियों के मिलने वाले प्रतिदिन मानदेय, मासिक मानदेय, कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ), कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआइसी) सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। शहरी स्थानीय निकायों ने कहा कि लगभग सभी कर्मचारियों को ईपीएफ एवं ईएसआइसी की सेवा उपलब्ध है। बैठक में राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष ने महिलाओं की समस्याओं के लिए गठित कोषांग के पदाधिकारी/सदस्यों के नाम व मोबाइल नंबर प्रदर्शित करने की बात कहीं। उन्होंने शहरी स्थानीय निकायों को सभी कर्मचारियों को शतप्रतिशत कर्मियों को ईपीएफ (यूएएन) नंबर, ईएसआइसी कार्ड बनाने/उपलब्ध कराने को कहा। वहीं, सफाई कर्मियों को पोशाक (यूनिफार्म), साबुन एवं विंटर ड्रेस भी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष ने शहरी स्थानीय निकायों को कार्यरत सभी सफाई कर्मियों के लिए ग्रुप बीमा कराने का निर्देश दिया। इसे एक माह में सुनिश्चित करते हुए आयोग को सूचित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सफाई कर्मियों को संबोधित करते हुए अपनी समस्याओं को निःसंकोच रूप से रखने की बात कहीं, जिससे उनका निराकरण त्वरित गति से किया जा सके। आयोग अध्यक्ष ने सफाई कर्मियों को अपने कार्यालय का नंबर 01124648924 दिया, किसी तरह की बात रखने के लिए दूरभाष पर संपर्क करने को कहा। उन्होंने विभिन्न सफाई कर्मियों के संघ प्रतिनिधियों से भी संवाद किया। सफाई कर्मियों की समस्याओं को सुना और समाधान के दिशा में कार्य के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया। उच्चतम न्यायालय की गाइड लाइन के अनुसार सफाई कर्मियों को नियमानुसार सुविधाएं एवं मानदेय/भत्ता दिलवाने की बात कहीं। मौके पर उप विकास आयुक्त सादात अनवर, नगर आयुक्त रविराज शर्मा, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनिता कुजूर, सहायक श्रमायुक्त रंजीत कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी आलोक कुमार मिश्रा, समेत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह में दादा -दादी नाना -नानी सम्मान समारोह का आयोजन

## जहां बुजुर्गों का सम्मान होता है, वह घर स्वर्ग समान होता है-राकेश सिन्हा



**धनबाद।** विद्या विकास समिति, झारखंड द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह में शुक्रवार को दादा- दादी, नाना- नानी सम्मान समारोह आयोजित की गई। इसकी शुरुआत छात्र-छात्राओं द्वारा दादा -दादी, नाना-नानी का चरण प्रक्षालन, चंदन टीका एवं पुष्पार्चन कर उनके स्वागत से की गई। इसके उपरांत वंदना सभागार में मुख्य अतिथि श्री चरण महतो, विशिष्ट अतिथि विनोद सिंह, क्षेत्र के पतंजलि योग शिक्षक ललन यादव, विद्यालय के कोषाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, विद्यालय कार्यकारिणी के सदस्य उत्तम गायली, दादी प्रतिनिधि मंजू श्रीवास्तव, पूर्व आचार्य सतीश पांडे एवं विद्यालय के प्राचार्य राकेश सिन्हा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती, ? एवं भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन किया। इस दौरान विद्यालय के बच्चों द्वारा दादा - दादी, नाना- नानी का स्तुति गान किया गया। इस कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए विद्यालय के प्राचार्य राकेश सिन्हा ने कहां कि जहां बुजुर्गों का सम्मान होता है, वह घर स्वर्ग समान होता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं में भारतीय संस्कृति एवं संस्कार पक्ष को विकसित करना है। उन्होंने कहा कि दादा-दादी, नाना-नानी ईश्वर के प्रतिरूप होते हैं। उनका सदैव सम्मान होना चाहिए, क्योंकि बच्चों में असली संस्कार दादा-दादी एवं नाना-नानी ही भरते हैं।परंतु वर्तमान समय में ऐसा लग रहा है कि बुजुर्गों के प्रति हम उदासीन होते जा रहे हैं। पाश्चात्य संस्कृति हमारे ऊपर हावी होती जा रही है। तभी तो जगह-जगह पर हैप्पी होम एवं वृद्धाश्रम विकसित होते जा रहे हैं। परंतु हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि बुजुर्ग वट वृक्ष की तरह होते हैं, जिसकी छाया हमें शांति ,समृद्धि एवं सुरक्षा प्रदान करती है। इसी भाव को ध्यान में रखते हुए विद्या भारती ने अपने विद्यालयों मेंदादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोहकी शुरुआत की। अतः इस भाव को समझते हुए हमें बुजुर्गों के प्रति हमेशा सम्मान का भाव रखना चाहिए ,तभी तो समाज के साथ-साथ हमारे राष्ट्र का भी स्वरूप बदलेगा। मंच संचालन करते हुए विद्यालय के आचार्य श्री विश्वनाथ दास ने कहा कि भारतीय संस्कृति को पुनर्स्थापित करने के लिए विद्या भारती ने इस कार्यक्रम की शुरुआत की। बच्चों को संस्कारित करने? एवं भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने हेतु विद्या भारती के सभी विद्यालयों में यह समारोह प्रत्येक वर्ष आयोजित किया जाता है। दादा-दादी, नाना-नानी के निकट बच्चे अपने आप को सुरक्षित समझते हैं। आज के इस भाग -दौड़ वाली जिंदगी में यह कार्यक्रम समाज को एक संदेश देता है कि बुजुर्गों का सम्मान ही हमारी संस्कृति को बचा सकती है। इस सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि चरण महतो ने विद्यालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि मैं हर वर्ष इस विद्यालय में इस सम्मान समारोह में सम्मिलित होता हूं और अपने आप को गौरवान्वित महसूस करता हूं। वैसे तो इस क्षेत्र में कई विद्यालय हैं परंतु मैं अपने घर के सभी बच्चों को इसी विद्यालय में शिक्षित किया हूं जो आज भारत के विभिन्न क्षेत्रों में आत्मनिर्भर होकर कार्यरत हैं। अपने पोते -पोतियो को भी मैं किसी विद्यालय में शिक्षा दिला रहा हूं। दादी प्रतिनिधि मंजू श्रीवास्तव ने कहा कि मेरे तीन पोते और दो नाती इस विद्यालय में अध्यनरत हैं। मैं अपने आप को सौभाग्यशाली समझती हूं कि उन्हें यह अवसर इस विद्यालय ने दिया है। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य विधान चंद्र झा ने कहा कि विलुप्त होती जा रही यह परंपरा आज मन को आंदोलित कर रही है, परंतु विद्या भारती ने पुनः इस कार्यक्रम की शुरुआत करके भारतीय संस्कृति को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया है। अतः मैं हृदय से विद्या भारती एवं कार्यक्रम में आने वाले सभी बुजुर्गों को प्रणाम करता हूं एवं उनका आभार व्यक्त करता हूं। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का परिचय विद्यालय के आचार्य धर्मेंद्र तिवारी ने किया। मंच संचालन विद्यालय के आचार्य विश्वनाथ दास एवं प्रियंका बागची ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के आचार्य विकास गुप्ता, अशोक कुमार सिंह, निशा तिवारी, कुमारी नमिता, नवल किशोर झा, अनीता कुमारी, मुरारी दयाल सिंह, नमिता कुमारी, उषा कुमारी, जितेंद्र कुमार दुबे, सुतापा विश्वास, विनीता कुमारी, अनूप कुमार पांडे, सुलेखा कुमारी एवं पीयूष बेरा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# बाघमारा प्रखंड कार्यालय सभागार में मुखिया संघ की बैठक हुई।




**बाघमारा।** बाघमारा प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को मुखिया संघ की बैठक हुई। बैठक में 61 पंचायतों के मुखियागण मौजूद थे।बैठक में आर्थिक रूप से पिछड़ों के लिए पेंशन, जाति प्रमाण पत्र, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, अबुआ आवास योजना इत्यादि का मुद्दा छाया रहा। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ सुषमा आनंद ने प्रखंड के सभी मुखिया को सरकार की गाइडलाइन के तहत अधुरे पड़े जनकल्याण योजनाओं को पूरा करने का निर्देश दिए। बीडीओ ने विकास कार्यों में कोताही ना बरतने की सख्त हिदायत देते हुए कहा की प्रत्येक पंचायत भवन में प्रज्ञा केंद्र चलाने का सुनिश्चित किया जाए ।मनरेगा एंव 15 वें वित्त योजनाओं के कार्यो को पूरा करने के लिए प्रत्येक पंचायत भवन में पंचायत सेवक मौजूद रहेंग। पुराने योजनाओं को जल्द से जल्द पूरा करने या उसे बंद करने का आदेश दिए. 15 वी वित्त योजना का कार्य चुनाव के कारण जो काम रुका हुआ था उसे तेजी लाने की बात कही। अबुआ आवास के लाभुको का अंचल से जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने की बात कही। मौके पर एम ओ रघुवंश भारती, इंडल यादव, निरंजन कुमार गोप, आनंद महतो, पार्वती देवी, प्रेम लता, धनेश्वर महतो, बिनोद महतो, जीवनलाल महतो, बिनोद नापित आदि मौजूद थे।

# सोलर एनर्जी से लघु या कुटीर उद्योगों के संचालक पर कार्यशाला का आयोजन





**जरीडीह।** सोलर एनर्जी से लघु एवं कुटीर उद्योगों का संचालन करने से पर्यावरण संरक्षण एवं आर्थिक मदद मिलती है इसे हमें ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा देने की जरूरत है। यह बातें जैनामोड मारवाड़ी धर्मशाला में चैंबर ऑफ़ कॉमर्स तथा सहयोगिनी द्वारा स्विच ऑन फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित कार्यशाला के दौरान जरीडीह अंचल के पुलिस इंस्पेक्टर मुकेश कुमार पांडे ने कही। उन्होंने कहा कि सोलर पावर से सभी प्रकार के उद्योग धंधों को संचालित किया जा सकता है ।

इससे पारंपरिक ऊर्जा मिलती है जिससे छोटे-छोटे कल कारखानों को संचालित करने से व्यवसाययों को मदद मिल सकती है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जैनामोड़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने कहा कि भविष्य में ऊर्जा की पूर्ति के लिए सोलर पावर बहुत ही जरूरी है। व्यावसायिक उपयोग के साथ-साथ घरेलू काम के लिए सोलर एनर्जी हमें लगाना होगा। इसके लिए क्षेत्र के सभी लोगों को जागरूक किया जा रहा है। स्विच ऑन फाउंडेशन के सीनियर प्रोग्राम मैनेजर विवेक गुप्ता ने बताया कि सोलर एनर्जी का उपयोग कर हम बिजली के सभी उपकरण संचालित कर सकते हैं तथा लघु एवं कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहित कर सकते हैं। सरकार की विभिन्न योजनाओं से जुड़कर व्यवसायिगण इसका लाभ उठा सकते हैं। सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर ने कहा कि संस्था के द्वारा पर्यावरण संरक्षण तथा सोलर एनर्जी को लेकर बोकारो जिलों में जागरूकता का कार्य लगातार किया जा रहा है। तथा स्कूलों में सौर संचालित पंप के द्वारा जल सुविधा उपलब्ध करा कर शौचालय की सुविधा छात्र छात्राओं को दी जा रही है। कार्यक्रम को चेंबर के संरक्षक किसको भगत, संजय बरनवाल, पन्नालाल जायसवाल ,कवि शरण बरनवाल , धीरेन गोस्वामी आदि ने संबोधित किया। इस दौरान सहयोगिनी के रवि कुमार राय, प्रकाश कुमार महतो, विकास गोस्वामी, सुबोध मिश्रा ,माथुर सिंह ,राहुल कुमार नायक, अशोक यादव ,राजू तिवारी, अमित सिंह रंजीत कुमार ,निरंजन विश्वकर्मा ,सक्षम सिंह आदि उपस्थित थे।

# भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रियंका पाल ने किया पौधरोपण।

धनबाद। विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत की गई ।भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय नेतृत्व द्वारा डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस 23 जून से डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के जन्म जयंती 6 जुलाई तक यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है इसी निमित्त भाजपा प्रदेश के निर्देश अनुसार भूली मंडल अंतर्गत नावाडीह में प्रियंका पाल,प्रदेश कार्य समिति सदस्य ने भूली मंडल मे बूथ संख्या 41 मे ÷एक पेड़ मां के नाम÷ कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण किया।पेड़ लगाने के पश्चात पेड़ बड़े होने तक इसकी संरक्षण की व्यवस्था की गई,प्रियंका पाल ने कहा कि जिस तरह पूरे विश्व भर में आज हम गर्मी का मार झेल रहे हैं, हीट वेव एवं ग्लोबल वार्मिंग से पूरी दुनिया



लगभग प्रभावित है, उन्होंने कहा विज्ञान के आधार पर हर एक व्यक्ति के लिए आठ पेड़ों की आवश्यकता है लेकिन वर्तमान समय में यह उल्टा है ऐसे में हर एक व्यक्ति को अपने-अपने गांव,अपने-अपने मोहल्ले, अपने-अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक पेड़ लगाने की दिशा में पहल करनी चाहिए साथ ही पेड़ लगाने के पश्चात पेड़ को संरक्षण कर उसे बड़ा करने की भी जिम्मेदारी लेनी चाहिए । कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यक्रम के जिला संयोजक मिल्टन पार्थ सारथी , भाजपा नेता देवाशीष पाल,नावाडीह मुखिया तपन दत्ता,सुमन सिंह,बबलू सिंह, प्रयागराज, सूरज पासवान,जिला अख़बार होकर संगठन के सचिव अंकुर मंडल,रजनीश तिवारी जी, कमल किशोर,साधन पाल, सदानंद पाल,संजय मंडल, सोमेन पाल आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे ।

# पुलिस की बड़ी सफलता,बड़ी घटना को अंजाम देने जा रहे अपराधी को हथियार और कारतूस के साथ निरसा मे दबोचा

**एग्यारकुंड/निरसा।** शुक्रवार को अनुमंडल पुलिस पाधिकारी रजत माणिक वाखला ने निरसा थाना में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि वरीय पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थीं की बिहार से कुछ संगठित अपराधी पेशेवर अपराधी सफेद बोलेरो बीआर 52 डी 6450 से गिरिडीह होते हुए निरसा के रास्ते आसनसोल जा रहे थे। वह कोई बड़ी घटना को अंजाम देने जा रहे थे, सूचना मिलते ही हम लोगों ने एक टीम गठित कर डॉन बॉस्को स्कूल रामकनाली के पास वाहन चेकिंग लगाकर उक्त गाड़ी का इंतजार करने लगे जैसे ही वह गाड़ी पहुंचा हम लोग ने चारों तरफ से घेर कर लोगों को पकड़े,पकड़ने के क्रम में तीन अपराधी बगल मे झाड़ी के फायदा उठाकर जंगल के रास्ते भागने में सफल हो गए। जबकि दो अपराधी शिशुपाल कुमार उम्र 24 वर्ष पिता संत पासवान ग्राम रसूला,थाना पडरक जिला पटना एवं टमन कुमार 28 वर्षीय पिता पंकज कुमार,ग्राम माफो,थाना मेहुस,जिला शेखपुरा के रहने वाला है। इसके पास से एक देशी पिस्तौल,दो देसी कट्टा,23 पीस जिंदा कारतूस एवं 7 मोबाइल फोन सहित बोलोरो गाड़ी जप्त किया है।

# कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जमानत मिलने पर हाइकोर्ट का आभार जताया



**बोकारो।** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति द्वारा बोकारो बिरसा चौक में कार्यकर्ताओं के बीच लड्डू मिठाई बाटा गया, नेता कार्यकर्ता खुशी जाहिर किया पड़ाका फोड़ा गया। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जमानत मिलने पर हाईकोर्ट झारखंड का आभार जताया ,और कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बोकारो जिला अध्यक्ष हीरालाल मांझी ने कहा कि आज झारखंड मुक्ति मोर्चा एवं झारखंड के तमाम आदिवासी मूलवासी के लिए एक खुशी का दिन है ,जो बहुत दिनों से हम सबों का रहनुमा झारखंड के शेर झारखंड सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भाजपा केंद्र सरकार के द्वारा षड्यंत्र के तहत बिना कोई सबूत के मुकदमा दायर कर जेल भेजवाने का काम किया था, आज झारखंड हाई कोर्ट द्वारा उन्हें जमानत दी गई है, झारखंड के सभी जनता ने नारा लगा रहे थे जेल का ताला टूटेगा हेमंत सोरेन छूटेगा, सचमुच में आज जेल का ताला टूट गया अब आने वाला दिन झारखंड राज्य के लिए एक नया मोड आएगा, झारखंड के लिए एक नया इतिहास बनेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला सचिव जय नारायण महतो ने कहा कि जो हेमंत सोरेन ने झारखंड आदिवासी मूल वासियों के लिए यहां के बेरोजगारों के लिए झारखंड के तमाम प्लांट में 75 प्रतिशत नियुक्ति का कानून बनाए हैं, झारखंड के आदिवासी मूल वासियों के लिए आरक्षण नीति तय किए हैं स्थानीय नीति विधेयक केंद्र सरकार को भेजे हैं जैसे अनेकों झारखंड वासियों के लिए योजना तैयार कर रखे हुए हैं वह सभी साकार होगा, केंद्र सरकार को सारे विधेयक जो महामहिम राजपाल को मंजूरी हेतु रोकने का षड्यंत्र किए हैं, वह सारा षड्यंत्र फेल होगा ,और फिर झारखंड मुक्ति मोर्चा 1973 और 1975 के जैसा एक नया जोश खरोश के साथ हेमंत सोरेन के नेतृत्व में आगे बढ़ेगा। अगर केंद्र के बीजेपी मोदी सरकार षड्यंत्रकारी नीति के तहत काम करने का साहस करेगा तो उसे मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा । झारखंड मुक्ति मोर्चा बोकारो महानगर अध्यक्ष मंटू यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ने कहा कि बीते 2024 के लोकसभा चुनाव में जानबूझकर भाजपा के दबाव में ईडी द्वारा माननीय हेमंत सोरेन को जेल से निकलने नहीं दिया भाजपा को पता था अगर हेमंत सोरेन जेल से निकलेगा, तो झारखंड के 14 सीट इंडिया गठबंधन को मिलेगा ,और हमें बहुत भारी नुकसान होगा परंतु न्यायालय पर हम सभी झारखंडी को विश्वास था, की न्यायालय में दूध का दूध पानी का पानी होगा ,बीजेपी मोदी का बात नहीं चलेगा हम लोगों को न्याय मिलेगा ,और झारखंड के शेर जेल से रिहाई होगा, और आज सकार हो गया हम सभी जिला समिति उच्च न्यायालय के फैसले का सम्मान करते हैं आभार प्रकट करते हैं तथा झारखंड वासियों को जोहार करते हैं हम सभी एक जुटता से जिस तरह से बुलंद आवाज से नारा लगा रहे थे जेल का ताला टूटेगा हेमंत सोरेन छूटेगा इस तरह से आगे हम सभी एक रहे गोल बंद रहे और आने वाला 2024 के विधानसभा चुनाव में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड के 81 सीट पर जीत दर्ज कर भाजपा को झारखंड से खदेड़ने का काम करें यह मौका हम लोगों को बार-बार नहीं मिलेगा हम सभी अपने मत के द्वारा ही झारखंड से भाजपा को हटा सकेंगे ।कार्यक्रम मे मुख्य रूप से केंदीय सधस्य बी के चौधरी, हसन बिजय रजवार, अशोक मुर्मू, फेयाज खान, लालमोहन हेम्ब्रम, फिरदोस, अलोक सिंहज़ कन्हैया सिंह, कलाम के अलावा सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## जमीनी विवाद में चलाई गई गोली कांड में संलिप्त दो गिरफ्तार भेजे गए जेल

**पलामू।** पांकी थाना क्षेत्र के माड़न गांव में दो पक्षो मे जमीन विवाद को लेकर जमकर मारपीट एवं गोली चलाई गई थी। पांकी थाना प्रभारी



उत्तम तिवारी त्वरित कार्रवाई करते हुए दो व्यक्ति बुटारी सिंह उर्फ चम्पू पिता नन्हू सिंह व अनिल राम पिता चंद्रिका राम दोनो पांकी थाना क्षेत्र के ग्राम भवरदह को गिरफ्तार कर जल भेज दिया गया है! घटना के संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि बुधवार को माड़न गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में भीषण मारपीट हो रहा है सूचना मिलते ही दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे इसी बीच एक पक्ष की ओर से भाई का माहौल उत्पन्न करने के लिए फायरिंग भी किया जाता है जिसमें झगड़ा देख रहे तीसरा व्यक्ति हृदय तुला अंसारी पिता अल्ताफ अंसारी उम्र 15 वर्ष को बाई जंग में चोट आई थी भाई का माहौल उत्पन्न करने के लिए वासुदेव राम के पुत्र पंकज कुमार राम ने अपने दोस्तों के साथ घटनास्थल पहुंचकर देसी कट्टा से फायरिंग किया था जिसके आलोक में छापेमारी कर दो व्यक्ति बूटारी सिंह व अनिल राम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## डेढ़ वर्षीय बच्चे को गांव के एक व्यक्ति ने तलवार से हमला कर घायल किया

**पांडु पलामू।** पांडू थाना क्षेत्र के महुगावा गांव निवाशी बीगन साव



के डेढ़ वर्षीय पुत्र सूर्या कुमार को गांव के ही एक व्यक्ति उपेंद्र विश्वकर्मा ने तलवार से पीठ में मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।जहां इलाज के बाद भी चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के बाद भी बच्चे की गंभीर बनी हुई है।

## छत से गिरकर एक घायल।

**बालूमाथ।** एकीकृत प्रखंड बालूमाथ के हेरहंज ग्राम निवासी अशोक प्रसाद 60 वर्ष पिता स्वर्गीय केदार साव अपने छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनो द्वारा घायल अवस्था में अशोक प्रसाद को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया । जहाँ चिकित्सक डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक इलाज की गई। मिली जानकारी के अनुसार अशोक प्रसाद अपने छत के में घूम रहा था तथा रेलिंग कमजोर होने के कारण रेलिंग टूट गया और वह छत से नीचे जा गिरा। बरवाडीह टीकर पर गांव में समाजसेवी डॉ विजय मेहता के प्रयास से लगा नया ट्रांसफार्मर लोगों ने जताया आभार पिपरा प्रखंड के सरैया पंचायत अंतर्गत बरवाडीह टिकरपर गांव में समाजसेवी डॉ विजय मेहता के पहल पर नया ट्रांसफार्मर लगाया गया।महीनो पहले ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण बिजली आपूर्ति ठप हो गयी थी। इस वजह से ग्रामीणों को परेशानी झेलनी पड़ रही थी। ग्रामीणों ने समाजसेवी डॉ विजय मेहता को उक्त समस्या से अवगत कराया था। वही संज्ञान लेते हुए श्री मेहता ने विद्युत विभाग के पदाधिकारी से उक्त विषय पर चर्चा कर 25 केवीए का नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। वही ग्रामीण ने गुरुवार को समाजसेवी डॉ विजय मेहता के प्रति आभार प्रकट किया। आभार प्रकट करने वालों में बबलू राम, पिंटू कुमार, दीपक कुमार, सनोज पासवान, विश्वकर्मा पासवान, ममता देवी, शंकर राम, महेंद्र राम, सरोज कुमार, आशा देवी, मुन्नी राम, अवधेश राम, राजकुमार राम आदि का नाम शामिल है।

## टाउन हॉल में बड़े स्क्रीन पर देख सकेंगे टी-20 वर्ल्ड कप का फाइनल

**शहवासियों के लिए नगर निगम ने किया व्यवस्था**

मेदिनीनगर पलामू। टी20 वल्ड कप 2024 का फाइनल मैच शनिवार रात्रि 8 बजे से भारत और



साउथ अफ्रीका के बीच खेला जायेगा।इस मैच का आनंद मेदिनीनगर के शहरवासी भरपूर तरीके से उठा सकें इस हेतु मेदिनीनगर नगर निगम व जिला प्रशासन के तत्वाधान में न्यू टाउन हॉल में बड़े स्क्रीन पर लाइव मैच देखने की व्यवस्था की गयी है।सभी क्रिकेट फैंस इस मैच को देखने आ सकते हैं।पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर 250 पास का वितरण भी किया जायेगा वहीं ?100 के शुल्क पर कॉम्प्लिमेंटरी ड्रिंक्स भी उपलब्ध रहेंगे।ज़्यादा जानकारी के लिये अनूप के मोबाइल संख्या-8789250979 व प्रदीप के मोबाइल संख्या-9570073050 पर संपर्क किया जा सकता।

## चैनपुर को पार्क युक्त छठ घाट का तोहफा : अरुणा शंकर

**चैनपुर- नेउरा पथ नहीं बना तो होगा आंदोलन**



**चैनपुर पलामू।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने आज चैनपुर सूर्य मंदिर तालाब का निरीक्षण करते हुए खुशी जाहिर की और कहीं पिछले छठ में मैंने चैनपुर सूर्य मंदिर तालाब प्रांगण में छठ सामग्री वितरण करते हुए चैनपुर की माता, बहनों , भाइयों एवं बुजुर्गों से वादा कि थी जल्द चैनपुर सूर्य मंदिर तालाब का जीनौरधार करते हुए शहर के गांधी उद्यान के तर्ज पर सजाया जाएगा और छठ व्रतियो के लिए सुविधा युक्त घाट बनाया जाएगा जो सपना कल से काम प्रारंभ कर पूरा होने जा रहा द्य प्रथम महापौर ने कहा मैंने अपने कार्यकाल में ही पूरे शहर के 6 तालाब जिसमें गोरियाही तालाब, शहीद भगत सिंह तालाब ,शामदा अहरा तालाब, किशन साव तालाब, एवं 2 तालाब चैनपुर का जिसमें सूर्य मंदिर तालाब प्रमुख है सबों का डिजाइन बनबातें हुए फंड भी उपलब्ध करा दि थी लेकिन तकनीकी स्वीकृति में विलम होने के कारण थोड़ी देर हो गई पर मुझे खुशी है कल से सभी तालाबों का काम शुरू हो रहा प्रथम महापौर ने कहा भले में अभी पद पर नहीं लेकिन मेरे कार्यकाल की हर एक योजना जो शहर के लिए माइलस्टोन है का निगरानी मैं खुद करूंगी ताकि कोयल रिवर फ्रंट, गांधी उद्यान ,चौक चौराहे ,नवनिर्मित टैक्सी स्टैंड, सुव्यवस्थित राजा हरिश्चंद्र घाट और मोहल्ले में बने बच्चों के लिए मल्टीप्ल स्टेशन की तरह मेरे कार्यकाल का बना एक-एक योजना को याद किया जा सके द्य प्रथम महापौर ने कहा शहर के इन 6 तालाबों का गहरीकरण के साथ ,टहलने के लिए ट्रैक, बुजुर्गों को बैठने के लिए बेंच, लाइट और गार्डन भी होगा जहां लोग सुकून से समय बिता सकेंगे ।

# पेयजल समस्या का जल्द समाधान हो नही तो बड़े आंदोलन को तैयार है पलामू - आशीष भारद्वाज।

**मेदिनीनगर पलामू।** पानी नहीं तो वोट नहीं, पलामू को पानी दो, कोयल नदी पर बराज बनाओ÷ के उदघोष के साथ शुक्रवार को विगत पंद्रह दिनों से लगातार चल रहे पानी यात्रा के पहले चरण को विराम दिया गया। शहर में व्याप्त भीषण पेयजल संकट के विरोध में स्थानीय डा राजेन्द्र प्रसाद चौक( छहमुहान )पर घड़ा,तसला, बाल्टी, नाद, गैलन आदि जल संचय के पारंपरिक वस्तु के साथ हमे हमारा पानी दो, हमारे आहर, पोखर, तालाब को अतिक्रमण मुक्त करो, हमे पीने का पानी दो के उदघोष के साथ शुक्रवार को पानी यात्रा के पहले चरण को विराम दिया गया। छःमुहान चौक के प्रदर्शन के पश्चात शहर के बाज़ार एरिया के विभिन्न मार्गो से होकर शहीद भगत सिंह चौक पर प्रदर्शन का समापन किया गया।

समापन के पूर्व शहीद भगत सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए क्रांतिकारी संकल्प लिया गया की जो पानी देगा उसी को वोट देना है, आंदोलन के पहले चरण के पश्चात अगर प्रतिनिधि और सरकार पेयजल संकट मामले का समुचित समाधान नहीं करते है तो पलामू में पेयजल को लेकर उग्र और चरणबद्ध आंदोलन होगा। युवाओं के टीम का नेतृत्व कर रहे पलामू पुत्र आशीष भारद्वाज ने कहा कि विधानसभा व नगरनिगम चुनाव लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों को पेयजल आपूर्ति पर ठोस कदम उठाना होगा। उन्हें अपने घोषणापत्र में पेयजल उपलब्ध कराने को पहला प्राथमिकता देना होगा नहीं तो पेयजल संकट झेल रहे




शहरवासियों का आक्रोश झेलना पड़ेगा। श्री भारद्वाज ने कहा की ये ÷पानी यात्रा÷ किसी व्यक्ति विशेष का नहीं ये संपूर्ण पलामू का माँग है। आज शहर का नबे फ़ीसदी भाग पेयजल संकट से जूझ रहा है, कोई हमारा सुध लेने वाला नहीं है। जीतने बब्बर शेर भाईयों, साथियों ने पानी यात्रा के संकल्प को पूरा किया है सभी बहादुर है, शहर से प्रेम करते है, उनको पलामू सदा याद रखेगा। जब पेयजल संकट का त्राहिमाम मचा था तो उन्होंने हाथ पर हाथ धरकर बैठने के जगह लड़ने के रास्ते को चुना, सभी भाईयों ने इतिहास लिखा है। जब भी पलामू के धरती पर बदलाओ की बात होगी सभी पानी यात्रियों का नाम लिया जाएगा। हमारे यात्रा के दौरान चलाये गये हस्ताक्षर सह जनजागरण अभियान के तहत संकलित सभी मामलो को लेकर हम बहुत जल्द अपने जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और मुख्यमंत्री जी से मुलाक़ात कर पेयजल संकट के सीमित समय में समाधान करने का ज्ञापन देंगे। अंतिम दिन के ÷पानी यात्रा÷ का मार्ग भ्रमण के दौरान शहर के विभिन्न मार्गों में पानी यात्रियों का पुष्प वर्षा से नगर वसियों के द्वारा स्वागत किया गया। बताते चलें की मेंदिनीनगर नगरनिगम क्षेत्र के युवाओं ने एक टीम गठित कर पूरे निगम क्षेत्रवासियों के बीच पहुंचकर उनकी समस्या को नजदीक से देखने का प्रयास किया।15 दिनों से चल रहे इस अभियान में शहर के लगभग ड्राई जोन एरिया का दौरा किया गया। पानी यात्रा के विराम दिवस के दिन शैलेश तिवारी, सोनू नामधारी,बबलू चावला,नवीन तिवारी,मुकेश तिवारी, पिंकू तिवारी,साहेब सिंह नामधारी, मनीष सिंह, धनंजय सोनी, निरंजन मेहता, शशांक सुमन, आनंद दूबे, ज्ञानेश तिवारी, राकेश तिवारी, सोनू पांडेय, बीरमणी तिवारी,आशा शर्मा, संध्या शेखर,शालिनी श्रीवास्तव, वैजन्ती जी, वीणा जी, इंदू तिवारी, फोटू दूबे, शिशु दूबे, अमीत सिन्हा, मनीष तिवारी, संदीप प्रसाद, दीपक प्रसाद, आकाश विश्वकर्मा, राहुल गुप्ता, सूरज सिंह, प्रभात सिंह, चंद्रकांत सिंह,अंकित आरंभ शुक्ला,राजन पंडित,चंदन तिवारी,रवि ओझा,कमल त्रिपाठी,देवान शुक्ला,अरविंद पाण्डेय,मंटू दूबे, नितिन आलोक,मनीष तिवारी रिंकू,अविनाश पंडित,रौशन तिवारी,रिशु दूबे,संजीत तिवारी के साथ शहर के सैकड़ों महिला, पुरुष व युवा शामिल थे।

## झामुमो बहुत कम समय में जनमानस की पटल पर साकारात्मक ऊर्जा को हासिल करने में कामयाबी हासिल की है मिथलेश ठाकुर

**दीपक कुमार तिवारी ने पलामू में भीषण जल संकट को देख अपने कुनबे के साथ राज्य के पेयजल मंत्री मिथलेश ठाकुर से मुलाकात की**

**मेदिनीनगर पलामू**

पलामू के जेएमएम नेता दीपक कुमार तिवारी ने पलामू में भीषण जल संकट को देख अपने कुनबे के साथ राज्य के पेयजल मंत्री मिथलेश ठाकुर से मुलाकात की और उन्हें पलामू प्रमण्डल के भयानक पेयजल की समस्या से संबंधित वितन्तु संवाद से अवगत कराया है। इस गम्भीर मुद्दे पर लम्बी बातचीत के फलस्वरूप मंत्री ने श्री तिवारी को आश्वस्त किया कि झारखण्ड सरकार पलामू प्रमण्डल में पेयजल के लिए पूरी गति के साथ काम कर रही है। पेयजल प्रयोजन में रोड मैप के साथ सरकार काम कर रही है। इसी कड़ी में पलामू में सेकेण्ड फेज का पेयजल योजना पर सरकार गम्भीरता से आगे बढ़ रही है, जिसका रिजल्ट बहुत जल्द पलामू में दिखेगा। मंत्री मिथलेश ठाकुर ने यह भी कहा कि 'हर घर नल में जल' योजना पर भी झारखण्ड सरकार ने कार्य प्रयोजना को रूप देना आरम्भ कर दिया है, इसलिए झारखण्ड सरकार सम्पूर्ण दृष्टिकोण से पलामू प्रमण्डल के



आम-आवाम को यकीन दिला रहा है कि इस क्षेत्र से जल संकट की त्वरित विदाई अवश्यम्भावी है। पेयजल की समस्या पर मंत्री के संज्ञान लिए जाने से हर्षोल्लासित जेएमएम लीडर दीपक तिवारी और उनकी कुसाग्र टीम ने मंत्री से आग्रह किया कि आसन विधानसभा चुनाव-2024 में पलामू प्रमण्डल के 09 विधानसभा क्षेत्र क्रमशः डालटनगंज, गढ़वा, लातेहार, मनिका, विश्रामपुर, पाटन-छत्तरपुर, पांकी, भवनाथपुर और हुसैनाबाद में झामुमो हर हाल में अपना प्रत्याशी खड़ा करें। दीपक तिवारी ने मंत्री को बताया कि विगत चार वर्षों में झामुमो सरकार के विकासनीत योजनाओं को धरातल पर उतारा गया।

गाँव-गाँव का हर एक आदमी इन योजनाओं से सीधे लाभान्वित हुआ है, यही वजह है कि जन-जन तक में झामुमो सरकार के प्रति जनाधार का अकाट्य विस्तार हुआ है। उन्होंने मंत्री से यह भी कहा है कि झामुमो बहुत कम समय में जनमानस की पटल पर साकारात्मक ऊर्जा को हासिल करने में कामयाबी हासिल की है। नतीजतन उन्हें आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि इस बार पलामू प्रमंडल के 09 सीटों पर झामुमो का झण्डा लहरना तय है। मंत्री मिथलेश ठाकुर ने इस संवाद को भी पार्टी के उच्च पटल पर रखने के फलस्वरूप साकारात्मक निर्णय लिए जाने के आसार भरा आश्वासन श्री तिवारी को दिया। ईधर, दीपक तिवारी ने मंत्री को इस आशय की भी बधाई दी है, जिसमें लोकसभा चुनाव के दौरान झारखंड में झामुमो समेत इण्डिया गठबंधन का शानदार प्रदर्शन रहा। श्री तिवारी ने मंत्री को बताया कि पलामू में ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण झारखण्ड में इण्डिया गठबंधन का जनमानस में पैठ बढ़ा है और यह पैठ इतना बढ़ा है कि भाजपा को शिवराज चौहान जैसे बोरो प्लेयर को रणनीतिकार के रूप में बाहर से बुलाना पड़ा। श्री तिवारी ने कहा कि लोकसभा में भाजपा को जबरदस्त शिकस्त देने की कड़ी में झारखण्ड आज अव्वल साबित हुआ है। श्री तिवारी ने एक नारे के साथ कहा कि ''भाजपा पड़ा चक्कर में, झामुमो के सामने कोई नहीं है टक्कर में।'' मंत्री से मिलने वालों में जेएमएम नेता दीपक तिवारी के साथ-साथ चिंयाकी के सदर परवेज अख्तर और समाजसेवी महताब खान के नाम भी प्रमुख है।

## उच्च विद्यालय गणेशपुर में नामांकन के नाम पर 500 प्रत्येक बच्चे से की जा रही है वसूली

बालूमाथ । बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के गणेशपुर उच्च विद्यालय में इन दिनों बच्चों से नामांकन के नाम पर 500 की अवैध वसूली धड़ल्ले से की जा रही है। छात्रा कविता कुमारी ने आरोप लगाते हुए कहा कि मैं मध्य विद्यालय ओकिया से आठवीं कक्षा उत्तीर्ण होकर नवम वर्ग में नामांकन के लिए उच्च विद्यालय गणेशपुर गई थी वहां के प्रधानाध्यापक रविंद्र कुमार द्वारा यह कहा गया की 500 नामांकन का लगेगा। तभी तुम्हारा नामांकन कर पाएंगे।



कबिता ने प्रधानाध्यापक से कहा कि मेरे पिताजी बाहर मजदूरी करने गए हैं मेरे पास पैसा नहीं है।और मैं बार-बार गिड़गिड़ाती रही ।लेकिन प्रधानाध्यापक ने मेरा नामांकन नहीं किया। तब मेरी मां ने घर में रखे अनाज को बेचकर मुझे पैसा दी । तब जाकर मेरा नामांकन हुआ। वहीं अवैध उगाही की सूचना पाकर जब मीडिया के टीम विद्यालय पहुंचा तो वहां देखा कि विद्यालय के बच्चे पढ़ाई के जगह झाड़ू लगा रहे हैं ।एवं अधिकांश बच्चे बाहर खेलते हुए नजर आए। विद्यालय की रसोइया गैस के जगह कोयला से खाना बना रही थी ।वही बच्चों को दी जाने वाली मध्याहन भोजन बिल्कुल ही निम्न स्तर व घटिया खाना बनाया गया था। इस संबंध में प्रधानाध्यापक रविंद्र कुमार से पूछा गया की मध्यान भोजन समेत आपके विद्यालय में बहुत सारी अनियमिता है तो उनके द्वारा कहा गया कि मैं ना तो डीसी से डरता हूं नहीं कोई पदाधिकारी से। आप लोगों को जहां जाना है आप लोग जा सकते हैं ।प्रधानाध्यापक का दिया गया बयान साक्ष्य के रूप में मौजूद है ।वही खाना बनाने वाली रसोइया ने कहा कि विद्यालय में कई महीनो से गैस में खाना हम लोग नहीं बना रहे हैं ।शिक्षक द्वारा गैस नहीं लाया जाता है इसलिए मगध कोलियरी से की गई चोरी का कोयला को खरीद कर हम लोग खाना बनाते हैं।

## अनियमित विद्युत आपूर्ति से हरिहरगंज प्रखंड वासी परेशान : राजीव

हरिहरगंज नगर पंचायत तथा प्रखंड क्षेत्र में बिजली की आंख मिचौली से लोग परेशान हैं। अनियमित बिजली आपूर्ति से इलाके भर के तमाम बिजली उपभोक्ता सहित आम नागरिकों को इस भीषण गर्मी में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली समस्या को देखते हुए भाजपा नेता सह हरिहरगंज नगर पंचायत अध्यक्ष पद के संभावित प्रत्याशी राजीव रंजन ने शुक्रवार को हरिहरगंज न्यू सब्जी बाजार स्थित नयन रेस्टोरेंट हॉल में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहां की बिजली की आंख मिचौली से इस भीषण गर्मी में लोग परेशान हैं। जबकि शहरी क्षेत्र में इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स सहित अन्य बिजली आधारित व्यवसाय पर प्रतिकूल असर पड़ने से दुकानदारों में मायूसी है। खेती




करने वाले किसानों के धान के बिछड़े सुख रहे हैं। बिजली की लचर व्यवस्था से प्रखंड वासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि हरिहरगंज नगर पंचायत तथा प्रखंडवासियों के साथ बिजली विभाग सौतेला व्यवहार कर रही है। बगल के प्रखंड तथा क्रेशर प्लांट को 20 से 22 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है। जबकि हरिहरगंज को मात्र 6 से 8 घंटे ही बिजली की आपूर्ति की जा रही है। बिजली आपूर्ति में सुधार करने का मांग पलामू जीएम से की है। कहां की बिजली व्यवस्था में जल्द सुधार नहीं हुआ तो आगामी 5 जुलाई के बाद चरण बद्ध तरीके से आंदोलन करने की चेतावनी दी है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिनेश पासवान, राजेश रंजन मिश्रा, विनोद पासवान, विजय प्रजापति, कृष्ण कुमार साव,शंभू यादव आदि शामिल थे।

## डॉ अरूण कुमार यादव लगातार कर रहे हैं क्षेत्र भ्रमण सुन रहे हैं जन समस्या

**जमीन से जुड़े होने की खासियत से प्रभावित हुए जनता**

राष्ट्रीय जनता दल, झारखण्ड प्रदेश महासचिव और 75-पांकी विधानसभा के लोकप्रिय जननेता डॉ.अरुण प्रसाद यादव लगातार अपने क्षेत्र मे जनता के साथ जुड़े हुए है7 प्रत्येक दिन किसी ना किसी प्रखंड मे कोई ना कोई कार्यक्रम कर



रहे है 7 इसी बिच बनई में कार्यक्रम करने पहुंचे डॉ. अरुण कुमार का अनोखा अंदाज़ देखने को मिला, यहाँ हुआ ये की प्रचंड गर्मी में गाँव के सैकड़ो लोग डॉ. अरुण कुमार को देखने और सुनने आये थे, लेकिन कार्यक्रम में पर्याप्त कुर्सी नहीं होने के कारण ग्रमीण जनता वही जमीन पर बैठी थी, तो डॉ. अरुण कुमार ने कहा की जो मेरा मालिक है, वो जमीन पर बैठा हो तो वो कुर्सी पर कैसे बैठ सकते है, ये कहते हुए डॉ. अरुण सभी ग्रामीण जनता के साथ जमीन पर बैठ गए, और उनकी समस्याओ को ध्यान से सुनने लगे 7 डॉ. अरुण की सादगी और जमीन से जुड़े होने की खासियत से सभी ग्रामीण जनता प्रभावित दिखे 7 गाँव में ग़रीबी, बेरोजगारी, शिक्षा, सिंचाई, दवाई,सड़क बिजली,पानी की भारी दिक्कत है तथा इस विकराल समस्या का कारण पांकी विधानसभा का वर्तमान निरंकुश नेतृत्व है, इन सभी समस्याओ का निदान आगामी विधानसभा चुनाव में पांकी विधानसभा में परिवर्तन करके ही संभव है। डॉ. अरुण ने आगे कहा की, जनता का आशीर्वाद मिला तो इनकी हर समस्याओ का समाधान डॉ. अरुण बनेंगे । कार्यक्रम में मुख्य रूप से -सुरेंद्र सिंह , सतानन्द ,सत्यप्रकाश सिंह , रामाशीष , जीतेन्द्र यादव जी, विजय , दीपक जी, जीतेश्वर सिंह , अभिमन्यु सिंह , सुनैना देवी जी, आयशा खातून सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे ।

# फर्जी एलपीसी मामले में मुखिया संघ ने दिया एकदिवसीय धरना

**• अंचल निरीक्षक और पूर्व अंचलाधिकारी को जेल भेजो के नारे लगे**

पलामू जिला के नीलांबर पितांबरपुर अंचल कार्यालय सेनिर्गत फर्जी एलपीसी मामला तुल पकड़ लिया है मुखिया संघ के नेतृत्व में अखिल भारतीय आदिवासी महासभा और अखिल भारतीय किसान महासभा के संयुक्त तत्वाधान में प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में शुक्रवार को एक दिवसीय धरना किया गया । इस दौरान मुखिया संघ अध्यक्ष मंदीप मेहता ने चुस्की लेते हुए कहा की अभी ट्रेलर है पूरा फिल्म अभी बाकि है । एक सप्ताह का समय दिया गया है कंप्यूटर ऑपरेटर को बिना शर्त के




रिहा करो और उच्च स्तरीय जाँच कर दोषी पर प्रशासन कार्रवाई करें 7साथ ही अंचल निरीक्षक महेंद्र राम पूर्व अंचलाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल को गिरफ्तार करो, मुखिया संघ जिंदाबाद के नारे लगे । अखिल भारतीय किसान महासभा नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड अध्यक्ष कमेश सिंह चोरों ने कहा कि अब तक कोई पदाधिकारियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है बल्कि इनको बचाने के लिए कम्पुयटर ऑपरेटर को जेल भेजा गया है और संदेह है की थाने की पुलिस पूर्व अंचलाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल, अंचल निरीक्षक महेंद्र राम और कर्मचारी को बचाने को लेकर कुछ जमीन की खरीद विक्री करने वाले लोगो से मिलकर पैसा वसूलने का काम कर रही है इस धरना से मांग करता हूँ की उच्च स्तरीय जाँच कर कार्रवाई करें और दीपक सिंह सहित तीनो ऑपरेटर को रिहा करें हमे उम्मीद नहीं है कि पदाधिकारी को गिरफ्तार किया जाएगा बल्कि चपरासी लेबल के लोगो को फंसाया जाएगा उचित कार्रवाई नहीं होने पर जिला मुख्यालय में अनिश्चित कालीन धरना करेंगे कुराई पतरा पंचायत के मुखिया पति बीरेंद्र राम ने कहा कि फर्जी एलपीसी घोटाले में ऊपर अधिकारी हैं पूर्व अंचलाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल और अंचल निरीक्षक महेंद्र राम इन पर शख्त से शख्त क़ानूनी कार्रवाई हो जिला प्रशासन से यही मांग किया है 7 मुखिया संघ नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड अध्यक्ष सह नौडीहा पंचायत मुखिया मनदीप मेहता, सांगबार पंचायत मुखिया गीता देवी, चेंबर ऑफ़ कॉमर्स अध्यक्ष सह लेस्लीगंज मुखिया पति छोटेलाल सोनी,पिपरा मुखिया पति शैलेश सिंह,हरतुआ मुखिया अरविन्द शुक्ल,चौरा पंचायत मुखिया गुड्डू पासवान, अखिल भारतीय आदिवासी महासभा अध्यक्ष त्रिपुरारी सिंह चेरो,किसान महासभा प्रखंड अध्यक्ष कमेश सिंह चेरो,सुनील सिंह,कृष्णा पासवान, पुरनाडीह मुखिया गुड्डी देवी,रामराज सिंह,शिव मेहता,राकेश सिंह,अजय सिंह चेरो, अभिषेक सिंह पाटन प्रखंड अध्यक्ष आदिवासी महासभा, बबन सिंह चेरो सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे 7

# आईसीसी टी20 विश्वकप में आज होगा भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खिताबी मुकाबला

**ब्रिजटाउन (एजेंसी)।** आईसीसी टी20 विश्वकप क्रिकेट में शनिवार को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खिताबी मुकाबला होगा। इसमें जीत के लिए दोनो ही टीमें पूरी ताकत लगा देंगी। दोनो ही टीमें अब तक इस टूर्नामेंट में सभी मैच जीती हैं जिससे इनका मनोबल बढ़ा हुआ है। अब दोनो का ही लक्ष्य अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर फाइनल में जीत दर्ज करना रहेगा। दक्षिण अफ्रीका जहां पहली बार विश्वकप के फाइनल में पहुंची है। वहीं भारतीय टीम पिछले एक दशक से आईसीसी खिताब नहीं जीत पायी है। ऐसे में रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम फाइनल जीतकर खिताबी सूखा समाप्त करना चाहेगी। वहीं दक्षिण अफ्रीका भी अपना पहला खिताब जीतने के इरादे से उतरेगी। अपने फाइनल तक के अभियान में दोनों टीमें सभी मैच जीती हैं पर बड़े टूर्नामेंटों के कई फाइनल मैचों को खेलने के अनुभव के कारण भारतीय टीम इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार रहेगी।

वहीं दक्षिण अफ्रीका की टीम दबाव में बिखरने के चोकर्स के अपने तमगे को पीछे छोड़कर फाइनल में पहुंची है और ऐसे में वह खिताबी मुकाबले में भी जीत चाहेगी।

भारतीय टीम इस मैच को जीतकर कोच राहुल द्रविड़ को एक अच्छी विदाई देना चाहेगी। जिन्होंने 2007 के कैरेबियाई देशों में खेले गये एकदिवसीय विश्व कप में टीम की कप्तानी की थी। इस विश्व कप में भारत शुरुआती चरण से बाहर हो गया था। ऐसे में जीत के साथ ही एक कोच के रूप में टीम उन्हें यादगार विदाई देने की कोशिश करेगी।

भारत निश्चित रूप से पिछले मैच के अंतिम एकादश पर कायम रहेगा, लेकिन टीम को कम से कम दो खिलाड़ियों से दमदार प्रदर्शन की उम्मीद होगी। दिग्गज विराट कोहली अब तक टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके हैं और अब उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। रोहित इस मैच में भी आक्रामक अंदाज अपनाएंगे। भारतीय कप्तान को दबाव वाले मैच में शिवम दुबे से बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद होगी। टूर्नामेंट में अब तक लचर प्रदर्शन के बाद भी वह केशव महाराज और तबरेज शम्सी जैसे स्पिनरों के खिलाफ बड़े




शॉट खेलकर नायक बन सकते हैं। ऋषभ पंत और सूर्यकुमार यादव मध्यक्रम में आक्रामक बल्लेबाजी कर रहे हैं तो हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल और रविंद्र जड़ेजा ने छोटी लेकिन प्रभावी पारियां खेली हैं। वहीं गेंदबाजी की बात करें तो तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और स्पिनर कुलदीप यादव जबरदस्त लय में हैं। वहीं दूसरी ओर कप्तान एडेन मार्कराम की दक्षिण अफ्रीकी टीम को क्विंटन डिकॉक और रीजा हेंड्रिक्स की सलामी जोड़ी से रनों की उम्मीद होगी। सुपर आठ में ये बड़ी टीमों के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके लेकिन फाइनल में टीम के लिए बेहर प्रदर्शन को तैयार होंगे। इस प्रारूप के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में शामिल हेनरिच क्लासेन भी टीम के लिए बड़ी पारी खेल सकते हैं। टीम के पास अच्छे गेंदबाज हैं। कैगिसो रबाडा, एनरिक नॉर्टजे के पास तेज गेंदबाजी जबकि तबरेज शम्सी और केशव महाराज के पास स्पिन विभाग की कमान रहेगी। कुल मिलाकर देखा जाये तो ये मुकाबला रोमांचक होगा।

### टीम

**भारत** ¬रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेट कीपर), सूर्यकुमार यादव, शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह !

**दक्षिण अफ्रीका** ¬ एडेन मार्कराम (कप्तान), क्विंटन डी कॉक (विकेट कीपर), रीजा हेंड्रिक्स, हेनरिक क्लासेन, डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स, मार्को जेनसन, केशव महाराज, कैगिसो रबाडा, एनरिक नॉर्टजे, तबरेज शम्सी !

# गोला फेंक खिलाड़ी तजिंदर के ओलंपिक में खेलने पर संदेह




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के शीर्ष गोला फेंक खिगोला फेंक खिलाड़ी तजिंदर पाल सिंह तूर ने टखने में दर्द के कारण राष्ट्रीय अंतर राज्यीय एथलेकिटिक्स चैंपियनशिप से अपना नाम वापस ले लिया है। ये प्रतियोगिता आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने का अंतिम अवसर है। ऐसे में अब देखना होगा कि तूर को पेरिस ओलंपिक का टिकट मिलता है या नहीं। पिछले महीने ही भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के अध्यक्ष आदिले सुमारिवाला ने साफ कर दिया था कि ओलंपिक चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को छोड़कर अन्य सभी खिलाड़ियों के लिए पेरिस ओलंपिक में चयन के लिए राष्ट्रीय अंतर-राज्यीय चैंपियनशिप में भाग लेना अनिवार्य होगा। ऐसे में अब देखना है कि तूर का मामला किया प्रकार से हल किया जाता है।

कुछ दिन पहले तक एशियाई रिकॉर्ड धारक तूर विश्व रैंकिंग कोटा के जरिए पेरिस खेलों के लिए क्वालिफाई करने की राह पर थे पर असफल रहे। वह गत एशियाई चैंपियन और एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता हैं। हालांकि, अब उन्होंने अपना नाम वापस ले लिया है। तूर ने बताया कि अभी उनके टखने में थोड़ा दर्द है जिसकी वजह से डॉक्टर ने सिंह को तीन से चार हफ्तों तक थ्रो नहीं करने की सलाह दी है। तूर के नाम कुछ समय पहले तक 21.77 मीटर का एशियाई रिकॉर्ड था। सऊदी अरब के मोहम्मद दाओबा तोलो ने 21 जून को मैड्रिड में एस्टाडियो वालेहार्मोसो प्रतियोगिता में 21.80 मीटर के प्रयास के साथ उनके रिकॉर्ड को तोड़ा। ऐसे में एथलेटिक्स महासंघ तूर के मामले को किस प्रकार संभालता है।

# टी20 में स्ट्राइक रेट पर अधिक जोर दिया जा रहा : मिलर




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर डेविड मिलर ने कहा है कि जिस प्रकार से आजकल टी20 क्रिकेट हो रहा है और स्ट्राइक रेट पर ही जोर दिया जा रहा है। उस स्थिति में आने वाले समय में खिलाड़ी बेहतर औसत नहीं बल्कि तेजी से खेलने की क्षमता के आधार पर ही चयनित किये जाएंगे। मिलर पिछले कुछ साल में फिनिशर की भूमिका में ही नजर आये हैं। मिलर ने कहा, 'हमने इस साल कुछ बड़े स्कोर देखे हैं। कुछ टीमों के साथ ही कुछ खिलाड़ियों ने जबरदस्त बल्लेबाजी की है। मैंने हमेशा देखा है कि हर कोई बल्लेबाज को औसत के आधार पर आंकता है।

साथ ही कहा, 'टी20 क्रिकेट में किसी को पूरी तरह से इस आधार पर आंकना कठिन हो सकता है। शीर्ष तीन बल्लेबाजों के साथ निश्चित रूप से आप ऐसा कर सकते हैं, उन्हें बल्लेबाजी करने के लिए मिलने वाले ओवरों की संख्या पर्याप्त होती है। वहीं मध्य क्रम की बात आती है तो यह हमेशा स्ट्राइक रेट और बल्लेबाज के खेल का मैच पर पड़ने वाले प्रभाव की बात होती है ,ऐसे में मुझे लगता है कि लोगों को मैच जीतने की क्षमता के आधार पर टीमों का चयन करना होगा।

# द्रविड़ और रोहित ने कोहली का समर्थन किया, कहा- टी20 विश्व कप फाइनल में बड़ी पारी खेलेंगे

**जॉर्जटाउन (गयाना) (एजेंसी)।** भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा ने खराब फॉर्म में चल रहे विराट कोहली का समर्थन करते हुए उम्मीद जताई कि यह स्टाइलिश बल्लेबाज दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप के फाइनल में बड़ी पारी खेलेगा। टी20 विश्व कप से पहले आईपीएल में सर्वाधिक 741 रन बनाने वाले कोहली इस टूर्नामेंट में अभी तक सात पारियों में केवल 75 रन बना पाए हैं।

द्रविड़ ने सेमीफाइनल में भारत की इंग्लैंड पर 68 रन की जीत के बाद कहा, 'आपने देखा होगा कि जब भी विराट थोड़ा जोखिम भरा क्रिकेट खेलते हैं तो हो सकता है कि कुछ अवसरों पर उन्हें सफलता न मिले।' उन्होंने कहा, 'इंग्लैंड के खिलाफ भी उन्होंने वास्तव में अच्छा छक्का जड़ा लेकिन भाग्य ने उनका साथ नहीं दिया और गेंद को थोड़ा ज्यादा मूवमेंट मिल गया। लेकिन जिस तरह से वह खेलते हैं, वह मुझे पसंद है।'

द्रविड़ ने कहा, 'मैं इसमें किसी तरह का मिथक नहीं जोड़ना चाहता हूं लेकिन मुझे उम्मीद है कि वह जल्द ही बड़ी पारी खेलेंगे। मुझे उनका रवैया और समर्पण पसंद है।' कप्तान रोहित ने भी उम्मीद जताई कि कोहली फाइनल में बड़ी पारी खेलने सफल रहेंगे।

रोहित ने कहा, 'वह बेहतरीन खिलाड़ी है। कोई




भी खिलाड़ी इस तरह के दौर से गुजर सकता है। हम समझते हैं कि वह कितना कुशल खिलाड़ी है और हम बड़े मैचों में उनके महत्व को समझते हैं।' उन्होंने कहा, 'फॉर्म कभी कोई समस्या नहीं रही क्योंकि जब आप 15 साल से क्रिकेट खेलते रहे हों तो फॉर्म समस्या नहीं बनती। वह शानदार लय में दिख रहे हैं। उनके इरादे स्पष्ट हैं। संभवत¬ उन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन फाइनल के लिए बचा कर रखा है।'

टूर्नामेंट में अभी तक तीन अर्धशतक की मदद से 248 रन बनाने वाले रोहित भारत के पहले ऐसे कप्तान हैं जिनकी अगुवाई में टीम 12 महीने के अंदर तीसरी बार आईसीसी के किसी टूर्नामेंट के फाइनल में खेलेगी। भारत ने पिछले साल विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और वनडे विश्व कप के फाइनल में जगह बनाई थी।

द्रविड़ ने रोहित की प्रशंसा करते हुए कहा, 'मैं उनके बारे में जो कुछ भी कहूंगा वह कम होगा। जिस तरह से उन्होंने टीम के साथ काम किया, उनकी रणनीति, उनकी परिपक्वता और टीम के प्रति उनका रवैया के बारे में जितना भी कहा जाए कम होगा।'

व्यक्तिगत प्रदर्शन महत्वपूर्ण होता है लेकिन रोहित ने कहा कि सामूहिक प्रयास से मैच जीतना संतोषप्रद रहा। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि हमने परिस्थितियों से अच्छी तरह तालमेल बिठाया। परिस्थितियां थोड़ी चुनौती पूर्ण थी। हमने उनसे सामंजस्य बिठाया और यह अब तक हमारी सफलता की कहानी है। आप जानते हैं कि इस मैच तक हमने वास्तव में परिस्थितियों से अच्छी तरह से तालमेल बिठाया है।'

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले फाइनल के बारे में पूछे जाने पर रोहित ने कहा, 'हमें पूरे 40 ओवर तक अच्छे फैसले करने होंगे और इससे हमें मैच अपने पक्ष में करने में मदद मिलेगी। इंग्लैंड के खिलाफ मैच में भी हम शांत थे।' उन्होंने कहा, 'मैं यही कह सकता हूं कि हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। टीम अच्छी लय में है और हम अच्छी क्रिकेट खेल रहे हैं। मैं यही उम्मीद कर सकता हूं कि हम फाइनल में भी बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे।'

# सचिन, हरभजन और युवराज ने अक्षर और कुलदीप को दिया जीत का श्रेय, सेमीफाइनल में पहुंचने पर टीम को बधाई दी

गयाना । महान बल्लेबाज सचिन तेंदलुकर के अलावा दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह और ऑलराउंडर युवराज सिंह ने भारतीय टीम को टी20 विश्वकप के फाइनल में पहुंचने पर बधाई दी है। इसके साथ ही जीत में अहम भूमिका निभाने के लिए अक्षर पटेल और कुलदीप यादव की अहम भूमिका की सराहना की है। सचिन ने कहा, कठिन पिच पर भारतीय टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 171 रन बनाए। अक्षर पटेल ने अपने पहले 3 ओवर की पहली गेंद पर अहम विकेट लिए जबकि कुलदीप यादव ने बीच के ओवरों में जबरदस्त गेंदबाजी को इंग्लैंड को दबाव में ला दिया। सचिन ने कहा कि हमारा कुल स्कोर 171 रन था जो इंग्लैंड के 167 के बराबर स्कोर से थोड़ा ही अधिक था, पर हमारी गेंदबाजी ने उसे बेहतर बना दिया। वहीं मनोज तिवारी ने कहा, रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम लगातार दूसरी बार विश्व कप फाइनल में पहुंची है। इससे साफ है कि रोहित की टीम ने फिर से बड़े मंच पर शानदार प्रदर्शन किया है। स्पिनरों के साथ ही तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने भी कमाल की गेंदबाजी की। वहीं हरभजन ने कहा,卐 फाइनल में पहुंचने के लिए टीम इंडिया को बधाई। बढ़िया खेला कप्तान रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव। वहीं शानदार गेंदबाजी अक्षर पटेल और कुलदीप यादव व जसप्रीत बुमराह।

# रहाणे अब लीसेस्टरशर की ओर से खेलेंगे

लीसेस्टर। भारतीय टीम से बाहर चल रहे बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे अब इंग्लैंड में लीसेस्टरशर के लिए काउंटी चैम्पियनशिप और वन डे कप खेलते हुए नजर आयेंगे। रहाणे ने इस सत्र के दूसरे भाग के लिए लीसेस्टरशर के साथ करार किया है। क्लब के अनुसार रहाणे काउंटी चैम्पियनशिप के अंतिम पांच मैचों में खेलने के साथ ही वन डे कप में भी खेलेंगे। वह अगले माह जुलाई में टीम से जुड़ेंगे। गौरतलब है कि लीसेस्टरशर की टीम वन डे कप की गत चैम्पियन है। रहाणे



टीम में 36 वर्षीय खिलाड़ी वियान मुल्डर की जगह लेंगे। मुल्डर ने अपना नाम वापस ले लिया है। वह अगस्त में दक्षिण अफ्रीका के साथ वेस्टइंडीज दौरे जा रहे हैं। रहाणे ने अब तक अपने करियर में सभी प्रारूपों (प्रथम श्रेणी, लिस्ट-ए और टी20) में 51 शतक की मदद से 26,000 से अधिक रन बनाए हैं। इस दौरान उनका सर्वोच्च स्कोर 265 रन रहा है। उन्होंने भारतीय टीम के लिए सभी प्रारूप में 15 शतकों के साथ 8000 से अधिक रन बनाए हैं। रहाणे ने करार पर खुशी जताते हुए कहा, 'मैं लीसेस्टरशर की टीम से जुड़कर काफी उत्साहित हूं और इस सत्र में टीम से जुड़ने का इंतजार कर रहा हूं। मैंने पिछले साल टीम के परिणामों को देखा और उससे काफी प्रभावित हुआ। मुझे उम्मीद है कि मैं अपनी क्रिकेट का आनंद लूंगा और इस सत्र में क्लब की अधिक सफलता में योगदान दूंगा। रहाणे जुलाई के मध्य में टीम से जुड़ेंगे। वहीं लीसेस्टरशर के क्रिकेट निदेशक क्लाउड हेंडरसन ने कहा, 'हम लीसेस्टरशर में रहाणे जैसे शानदार खिलाड़ी का स्वागत करने के उत्सुक हैं। उनके पास अपार अनुभव है जिससे हमारी टीम को लाभ होगा।

# शेफाली वर्मा ने रचा इतिहास, टेस्ट क्रिकेट में ठोका सबसे तेज दोहरा शतक





**चेन्नई (एजेंसी)।** भारत की आक्रामक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा शुक्रवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के दौरान ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड को पीछे छोड़ते हुए महिला टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज दोहरा शतक जड़ने वाली खिलाड़ी बन गई।

20 साल की शैफाली ने सिर्फ 194 गेंदों पर अपना दोहरा शतक पूरा कर सदरलैंड को पीछे छोड़ा। ऑस्ट्रेलिया की खिलाड़ी ने इस साल की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 248 गेंदों पर दोहरा शतक बनाया था। शेफाली भारत की पूर्व कप्तान कप्तान मिताली राज के बाद लगभग 22 वर्षों के लंबे समय अंतराल पर टेस्ट क्रिकेट में दोहरा शतक लगाने वाली दूसरी भारतीय भी बनीं। मिताली ने अगस्त 2002 में टॉनटन में इंग्लैंड के खिलाफ ड्रा हुए दूसरे टेस्ट के दौरान 407 गेंदों पर 214 रन बनाए थे।

शेफाली ने अपनी आक्रामक पारी में 23 चौके और आठ छक्के जड़े। उन्होंने डेलमी टकर के खिलाफ लगातार दो छक्के लगाने के बाद एक रन चुराकर अपना दोहरा शतक पूरा किया। वह 197 गेंद में 205 रन बनाकर रन आउट हुई। शेफाली को सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना का अच्छा साथ मिला जिन्होंने 161 गेंद में 27 चौके और एक छक्का लगाया। दोनों ने पहले विकेट के लिए 312 गेंद में रिकॉर्ड 292 रन की साझेदारी कर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई।

# रिलायंस फाउंडेशन ने पेरिस ओलंपिक के लिए बनाया इंडिया हाउस




नई दिल्ली । रिलायंस फाउंडेशन ने आगामी ओलंपिक खेलों को देखते हुए पेरिस में 'इंडिया हाउस' बनाया है। ये हाउस भारतीय ओलंपिक संघ के सहयोग से पेरिस के पार्क डे ला विलेट में बनाया गया है। इस पार्क में इंडिया हाउस के अलावा नीदरलैंड, कनाडा, ब्राजील और मेजबान फ्रांस समेत 14 देशों के कंट्री हाउस भी हैं। आईओसी की सदस्य और रिलायंस फाउंडेशन की फाउंडर नीता एम.अंबानी ने इंडिया हाउस बनाने पर खुशी जताते हुए कहा कि पेरिस ओलंपिक खेलों में पहली बार इंडिया हाउस की घोषणा करते हुए मैं बेहद खुश और उत्साहित हूं। यह एक ऐसा स्थान होगा जहां हम अपने एथलीटों का सम्मान कर सकेंगे व अपनी टीम की जीत की खुशी मनाएंगे, अपनी कहानियाँ साझा करेंगे और दुनिया भर को भारतीयता के रंग में रंग देंगे। वहीं भारतीय ओलंपिक संघ की प्रमुख पीटी उषा ने कहा कि रिलायंस फाउंडेशन के साथ साझेदारी में इंडिया हाउस का उद्घाटन, पेरिस ओलंपिक में भारतीय प्रशंसकों और एथलीटों के लिए मुख्य आकर्षणों में से एक होगा। मैं इस पहल और भारत के ओलंपिक आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए आईओसी की सदस्य नीता अंबानी को धन्यवाद देना चाहूंगी। इंडिया हाउस में खेल प्रशंसकों के लिए विशेष वॉच पार्टियां आयोजित की जाएंगी।

# दक्षिण अफ्रीका को हराना मुश्किल होगा- टी20 विश्व कप फाइनल पर रिकी पोंटिंग की दो टूक

**बुखारेस्ट। (एजेंसी)।** नई दिल्ली ¬ ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना ??है कि दक्षिण अफ्रीका को टी20 विश्व कप में भारत के खिलाफ फाइनल में कुछ खास करने की जरूरत नहीं है। भारत और दक्षिण अफ्रीका दोनों टूर्नामेंट में अब तक अजेय रहने के साथ फाइनल में उतरेंगे। दक्षिण अफ्रीका ने टूर्नामेंट में अपने ऐतिहासिक सफर में सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को हराया, जबकि भारत ने सेमीफाइनल में गत चैंपियन इंग्लैंड को हराकर 2011 के बाद अपना पहला विश्व कप खिताब जीता।

एडेन मार्कराम की अगुवाई वाली टीम अपना पहला विश्व कप फाइनल खेलेगी और पोंटिंग को लगता है कि यह प्रोटियाज खिलाड़ियों के लिए एक बहुत बड़ा अवसर है। पोंटिंग ने कहा कि बहुत-सी टीमें कहती हैं %यह सिर्फ एक और खेल है% और वे



इस अवसर से बचने की कोशिश करती हैं कि यह कितना बड़ा अवसर है। यह सब इसे वैसे ही स्वीकार करने के बारे में है जैसा यह है। उन्होंने कहा कि ये खिलाड़ी पहले वहां नहीं गए हैं, इसलिए आज रात का आनंद लें, कल का आनंद लें। सुनिश्चित करें कि आप जो कुछ भी नेतृत्व करते हैं वह वही है और आपकी तैयारी भी वही है।

पोंटिंग ने कहा कि टूर्नामेंट में अब तक के बढ़िया प्रदर्शन के बाद दक्षिण अफ्रीका फाइनल में भारत के खिलाफ अपने कौशल का समर्थन करना जारी रखेगा। वे यहां तक ??अपराजित हैं, इसलिए उन्हें कुछ भी बदलने की जरूरत नहीं है और उन्हें और अधिक प्रयास करने की जरूरत नहीं है। उन्हें बस आगे बढ़ने और खुद का सर्वश्रेष्ठ संस्करण बनने और एक टीम के रूप में खुद का सर्वश्रेष्ठ संस्करण बनने की जरूरत है। दिन और खुद को सर्वश्रेष्ठ मौका दें अगर वे ऐसा करते हैं, तो उन्हें हराना मुश्किल होगा।

बता दें कि भारत और दक्षिण अफ्रीका शनिवार, 29 जून को बारबाडोस में फाइनल के दौरान आमने-सामने होंगे। दक्षिण अफ्रीका ने फाइनल तक पहुंचने के लिए अपने सभी मुकाबले जीते हैं। वहीं, भारतीय टीम भी अब तक अजेय रही है।

# फ्लावर और मूडी ने तारोबा की पिच को खराब बताया

### -यहीं हुआ था दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान का मुकाबला

तारोबा। जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एंडी फ्लावर ओर पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर टॉम मूडी ने कहा है कि दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान के बीच यहां हुए पहले सेमीफाइनल की पिच खराब थी। फ्लावर के अनुसार असामान्य उछाल और सीम मूवमेंट के कारण इस पिच को खतरनाक कहा जा सकता है। इस पिच पर दक्षिण अफ्रीका ने अफगानिस्तान को केवल 56 रनों पर समेटने के बाद नौ विकेट से मुकाबला जीत लिया था। फ्लावर ने कहा कि आप टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने के अफगानिस्तान के फैसले को गलत नहीं मान सकते। वह इस टूर्नामेंट में पहले बल्लेबाजी कर लक्ष्य का बचाव करने के मामले में शानदार रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस पिच पर हालांकि पहले बल्लेबाजी करना काफी कठिन था। आपको यह नहीं पता था कि इस पिच पर संघर्ष करने के लिए कितने रनों की जरूरत होगी। उन्होंने कहा कि कुछ गेंदें बल्लेबाज के करीब टप्पा खाने के बावजूद कंधे और गर्दन तक उछल रही थी। ऐसी एक गेंद विकेटकीपर क्विंटन डिकॉक के ऊपर से चार रन के लिए चली गयी। मैं इस बात को लेकर खुश हूं कि कोई चोटिल नहीं हुआ।

फ्लावर ने कहा कि पिच में मौजूद दरारों को देखकर पता चल गया था कि इसमें गेंदबाजों को असामान्य उछाल मिलेगा। उन्होंने कहा कि आपने स्क्वायर क्षेत्र के ऊपर से कुछ दिलचस्प दृश्य शॉट देखे और कुछ लोग इसे पूरी तरह से नई पिच बता रहे थे लेकिन अगर इस पिच की स्थिति खराब थी तो वे उस पिच का इस्तेमाल कर सकते थे जो पहले इस्तेमाल की गई थी। वहीं ऑस्ट्रेलिया क्रिकेटर टॉम मूडी ने भी कहा कि मुझे नहीं लगता कि आप इस प्रकार की पिच को किसी भी खेल में देखना चाहेंगे। मैदान पर बल्लेबाजों और गेंदबाजों को समान सहायता मिलनी चाहिये।

# टी20 विश्वकप में खराब प्रदर्शन के बाद से ही आलोचकों के निशाने पर हैं मिचेल मार्श

**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम का प्रदर्शन इस बार आईसीसी टी20 विश्वकप में खराब रहा और टीम सेमीफाइन में नहीं पहुंच पायी। उसे सुपर आठ में अफगानिस्तान जैसी नई टीम से भी हार का सामना करना पड़ा। उसके कप्तान मिचेल मार्श का प्रदर्शन भी बेहद खराब रहा। जिसके बाद से ही वह आलोचकों के निशाने पर हैं। मार्श की 2021 टी20 विश्वकप जीत में अहम भूमिका रही थी। इसी कारण उन्हें इस बार कप्तान बनाया गया था पर ये फैसला ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए नुकसानदेह रहा। टीम सेमीफाइनल में भी नहीं पहुंच सकी। खराब कप्तानी के अलावा मार्श ने कई कैच भी छोड़े। वह 7 मैचों में 20.83 के औसत और 116.82 के स्ट्राइक रेट से 125 रन ही बना पायी। गेंदबाजी के लिए फिट घोषित किए जाने के बावजूद उन्होंने एक भी ओवर नहीं




किया। उनकी फील्डिंग की तो जमकर आलोचना हुई। टूर्नामेंट के दौरान मार्श ने आधा दर्जन से अधिक कैच गिराये। इसमें से कुछ तो बेहद आसान थे। इसमें सुपर 8 में भारत के खिलाफ हार्दिक पंड्या का कैच भी शामिल था।

बल्लेबाजी और गेंदबाजी के साथ फील्डिंग ऑस्ट्रेलिया टीम का मजबूत पहलू है पर टी20 विश्वकप 2024 में ऑस्?ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने 14 कैच गिरा दिये। 7 कैच तो मार्श ने ही गिरा दिये। स्कॉटलैंड के खिलाफ मैच में ही उन्होंने 3 कैच छोड़े। टीम इंडिया के खिलाफ सुपर 8 के अहम मैच में मार्श ने एडम जंपा की गेंद पर बैकवर्ड पॉइंट पर पंड्या का आसान कैच छोड़ा था। पंड्या उस समय केवल 4 रन पर थे। यह कैच कंगारू टीम को महंगा पड़ा था। उसके बाद पंड्या ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 24 गेंदों पर एक चौके और दो छक्कों की मदद से नाबाद 27 रन बनाते हुए भारतीय टीम को 200 के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। इस मैच में भारत के खिलाफ मिली इस हार के बाद ऑस्ट्रेलिया का सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें भी काफी कम होकर बांग्लादेश और अफगानिस्तान मुकाबले पर टिक गयीं थीं। वहीं अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में मिचेल स्टॉर्क की जगह एस्टन एगर को शामिल करने और पहले गेंदबाजी कारने का मार्श का फैसला भी ऑस्ट्रेलिया के कुछ पूर्व क्रिकेटरों ने सही नहीं माना था क्योंकि किंग्सटाउन मैदान पर टी20 विश्वकप में अब तक कभी भी दूसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाली टीम नहीं जीती थी। दूसरी पारी के दौरान पिच और धीमी हो जाती है। अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में ऑस्ट्रेलिया को 21 रन की हार का सामना करना पड़ा था। कप्तान और प्लेयर के तौर पर नाकामी के अलावा मार्श का रवैया भी लोगों ने पसंद नहीं किया है। टीम की अफगानिस्तान के खिलाफ हार और भारत के खिलाफ अहम मैच से पहले, मार्श की बयानबाजी भी सही नहीं मानी गयी है।

# निर्माता निर्देशक संजीव आर सिंह की कॉमेडी हिंदी फिल्म रंगीला दारूवाला का पोस्टर लॉन्च






**मुंबई।** जल्द रिलीज होने वाली कॉमेडी हिंदी फिल्म रंगीला दारूवाला का पोस्टर लॉन्च कर दिया गया है। अगले माह इसका ट्रेलर और म्युज़िक लांच किया जाएगा। फ़िल्म के निर्माता निर्देशक संजीव आर सिंह हैं जबकि इस फ़िल्म में डैशिंग स्टार अशोका ठाकुर और गंगा अधिकारी ने मुख्य भूमिका निभाई है। फिल्म के निर्माता संजीव आर सिंह, चेतन पी झाला और रवीना हैं। गा मोशन पिक्चर्स और लैंडमार्क मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बनी इस फ़िल्म में शाह आलम ने दारूवाला का किरदार निभाया है जबकि क्रिएटिव डायरेक्टर सत्याजीत राजपूत ने भी फ़िल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। फ़िल्म के लेखक आनंद राव हैं। फ़िल्म के पोस्टर पर इसकी टैगलाइन आकर्षित करती है ÷नो लॉजिक, नो मैजिक ओनली एंटरटेनमेंट।

फ़िल्म के निर्माता निर्देशक संजीव आर सिंह डीओपी भी हैं। बतौर सिनेमेटोग्राफर उन्होंने काफी फिल्में की हैं और अब निर्देशक के रूप में इस फ़िल्म से अपनी पारी शुरू करने जा रहे हैं। उनका कहना है कि यह बेहद सिचुएशनल कॉमेडी है जिसमे सभी एक्टर्स ने बड़ी मेहनत और शिद्दत से काम किया है। सिनेमा सिर्फ पैसों से नहीं बल्कि पैशन से बनाया जाता है और यह जुनून आपको फ़िल्म में दिखेगा। फ़िल्म के डैशिंग स्टार अशोका ठाकुर की भी यह पहली फ़िल्म है और वह इसको लेकर काफी उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि ?क्ट्रेस गंगा के साथ काम करने का उनका अनुभव यादगार रहा। फ़िल्म बेहद हंसाएगी और भरपूर मनोरंजन करेगी। संजीव सिंह जी कमाल के निर्देशक हैं। खूबसूरत अभिनेत्री गंगा अधिकारी ने बताया कि उन्हें भी इस फ़िल्म से बेहद उम्मीदें हैं। काफी कॉमिक टाइमिंग वाली फ़िल्म है। निर्माता निर्देशक संजीव सिंह ने इसे बड़े जुनून के साथ बनाया है। इसके गाने भी काफी अच्छे हैं।

# 1 जुलाई, 2024 या उसके पश्चात किए गए अपराध पर ही नए कानून लागू होंगे उसके पूर्व के अपराधों का विचारण पुराने कानून से ही होगा : डालसा सचिव




**लोहरदगा** – झालसा रांची एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा अरविंद कुमार पांडेय के मार्गदर्शन में शुक्रवार को महीने भर चलने वाले गहन कानूनी जागरूकता शिविर -सह- नशा मुक्ति अभियान की शुरुआत एमबी डीएवी पब्लिक स्कूल लोहरदगा से की गई । जिसमें डालसा सचिव राजेश कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए यह स्पष्ट किया कि 1 जुलाई 2024 से भारतीय दंड संहिता के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता के स्थान पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं एविडेंस एक्ट के स्थान पर भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो रहे हैं । इसके प्रभाव को लेकर लोगों में भ्रम की स्थिति बनी हुई है किंतु यह स्पष्ट करना जरूरी है कि 1 जुलाई 2024 के पूर्व के जो भी अपराध हुए हैं उनका विचारण भारतीय दंड संहिता एवं दंड प्रक्रिया संहिता में उल्लेखित प्रावधानों के तहत ही किए जाएंगे । जबकि 1 जुलाई या उसके पश्चात जो अपराध घटित होंगे उनके ऊपर भारतीय न्याय संहिता एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के साथ-साथ भारतीय साक्ष्य अधिनियम के नए प्रावधान लागू होंगे । उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए डालसा सचिव ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार के गठन के उद्देश्यों को बच्चों को बताया और यह कहा कि मुफ्त कानूनी सहायता के तहत विधिक सेवा प्राधिकार गरीब एवं निरिह व्यक्तियों को कानूनी सहायता एवं मुफ्त में वकील मुहैया कराती है । साथ ही साथ विभिन्न विषयों पर कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन भी करती है । बच्चों एवं बच्चियों को जुविनाइल जस्टिस एक्ट एवं पोक्सो एक्ट के विभिन्न प्रावधानों को बताते हुए सचेत किया कि वह मोबाइल जनित किसी भी ऐसे कार्य को ना करें जो अपराध की श्रेणी में आता है। नशापान से दूर रहने का आह्वान करते हुए मध्यस्थ अधिवक्ता लाल दीपक कुमार ने कहा कि कोर्ट फैसला सुनाने में विलंब नहीं करती है। बल्कि साक्ष्य के आधार पर निर्णय लिया जाता है। ऐसे में थोड़ा विलंब हो जाता है । लेकिन न्याय कोर्ट में आने वालों को मिलता जरुर है। अब फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से मामलों का निष्पादन किया जा रहा है। एमबी डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल जीपी झा ने कहा की स्कूल में लीगल लिट्रेसी क्लब का गठन कर लिया गया है। जिसमें 20 छात्र- छात्राओं की टीम बनाई गई है। जो लोहरदगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार से जुड़कर कानूनी जानकारी हासिल करेंगे। जीवन में कानून का महत्व हर कदम पर है । हमें अपने अधिकारों के बारे में जानने के लिए कानून की जानकारी होनी चाहिए। स्कूल में बाकि बच्चों के बीच भी कानूनी जागरूकता कार्यक्रम के तहत जानकारी देने की बात कही गई। कार्यक्रम का संचालन सीनियर शिक्षक पंकज कुमार सिन्हा के द्वारा किया गया। स्वागत गान के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। मौके पर पीएलवी जितेन्द्र राम , गौतम लेनिन,वसु दत्ता सहित अन्य शिक्षकगण मौजूद थे।

# पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जमानत मिलने की खुशी में झामुमो के लोगों ने फोड़े पटाखे, बांटी मिठाईयां

## पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत संविधान और न्याय की जीत: अनिल उरांव



**लोहरदगा।** उच्च न्यायालय से पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जमानत दिए जाने की खुशी में झारखंड मुक्ति मोर्चा के लोहरदगा जिला सचिव अनिल उरांव के नेतृत्व में महिला जिला अध्यक्ष सरिता भगत, नगर अध्यक्ष आकाश साहु, जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अजय उरांव, केन्द्रीय सदस्य बालमुकुन्द लोहरा, प्रकाश उरांव, माही परवेज, सानिया परवीन, नारायण साहू, आकाश साहू, लालू तिर्की सहित अन्य कार्यकर्ताओं व नेताओं ने पावरगंज स्थित अपना मार्ट के समीप जश्न मनायीं। मिठाईयां बांटकर और पटाखे जलाकर कार्यकर्ताओं ने अपनी खुशी जाहिर की। लोकप्रिय आदिवासी नेता पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के उच्च न्यायालय द्वारा जमानत पर झामुमो सचिव अनिल उरांव ने खुशी जाहिर और कहा कि आज संविधान, लोकतंत्र की जीत हुई है। उन्होंने न्यायालय के इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भाजपा के एजेंसियों द्वारा जमीन घोटाले के झूठे मुकदमे में फंसाया गया है। न्यायालय द्वारा जमानत दिया जाना इंसाफ और संविधान की जीत हुई है। आज उम्मीद की नई किरण जगी है। संविधान बचाने की जंग जारी रहेगी।बालमुकुंद लोहरा ने कहा कि लोकप्रिय आदिवासी नेता हेमंत सोरेन को प्रताड़ित करने का काम किया गया है। सीएनटी एक्ट में कहीं भी भूंईहरी जमीन बेची नहीं जा सकती है। जो जमीन बेची नहीं जा सकती है और ना खरीदी जा सकती है। ऐसे झूठे आरोप में हेमंत सोरेन को जेल में डालकर प्रताड़ित किया गया है।

# जिले में पहली बार दो दिवसीय प्रमंडल प्रतिभा चयन प्रतियोगिता का आयोजन

## विभिन्न जिलों से कुल 312 खिलाड़ियों ने भाग लिया




**चतरा।** पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवकार्य विभाग झारखंड के तत्वाधान में उतरी छोटानागपुर प्रमंडल स्तरीय प्रतिभा चयन प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन जवाहर-लाल नेहरू स्टेडियम चतरा में जिला खेल कार्यालय द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें पहले दिन विभिन्न जिला के 237 बालक एवं 75 बालिकाओं खिलाड़ियों ने भाग लिया। बिभन्न खेल तथा फुटबॉल, एथलेटिक्स एवं तीरंदाजी में भाग लिया। बताते चले कि यह चयन प्रतियोगिता दो दिवसीय जो बच्चे अभी तक प्रतिभा चयन में वंचित रह गए है वो 29 जून तक भाग ले सकते है। उक्त जानकारी जिला क्रीड़ा पदाधिकारी तुषार रॉय द्वारा दी गई। चयन कर्ता के रूप में जिला क्रीड़ा पदाधिकारी चतरा, सचिव, जिला एथलेटिक्स संघ चतरा सदस्य, जिला आर्चरी संघ चतरा, जिला फुटबॉल संघ चतरा, जिला खेल समन्वयक चतरा, शुश्री प्रेरणा मिश्रा फुटबॉल प्रशिक्षक आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र चतरा, सुश्री सुशीला कुमारी फुटबॉल प्रशिक्षक आवासीय प्रशिक्षण केंद्र हजारीबाग, निरज कुमार राय एथलेटिक्स प्रशिक्षक आवासीय प्रशिक्षण केंद्र हजारीबाग, बासुदेव उरांव फुटबॉल प्रशिक्षक खेलो इंडिया सेंटर चतरा, हेमंत कुमार, आर्चरी प्रशिक्षक खेलो इंडिया सेंटर बोकारो, जुनैद खान शामिल थे।

# अनुकम्पा समिति की बैठक



चतरा, समारणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में उग्रवादी हिंसा में मारे गए परिजनों को अनुकम्पा का लाभ देने पर विचार जिला समिति की बैठक की गई। बैठक में बीते माह मई जिले के प्रतापपुर प्रखंड के हिंदियाकला में 02 मामलो सहित 04 पर विचार विमर्श करते हुए 02 आश्रितों को चतुर्थ वर्गीय पदों पर नियुक्ति हेतु अनुशंसा विभाग को भेजने तथा अन्य का ससमय अद्यतन कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उक्त मौके पर उप विकास आयुक्त पवन कुमार मण्डल, अपर समाहर्ता अरविन्द कुमार, निदेशक डीआरडीए, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# हेमंत सोरेन को बेल मिली है मामले खत्म नहीं हुएः मनीर उरांव

लोहरदगा। हेमंत सोरेन की बेल पर जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि हेमंत सोरेन जी को बेल मिली है मामले पूरी तरह खत्म नहीं हुए। परंतु गठबंधन के नेता इस तरह का बयानबाजी कर रहे जैसे मानो हेमंत सोरेन जी पाक साफ हो गए हों। परंतु ऐसा नहीं जनता भी जान गई कि झारखंड में गठबंधन के लोग झूठी घोषणाओं का पिटारा लेकर बैठ गई है।और इनके लोग साथ मिलकर लगातार गांव से लेकर छोटे बड़े दफ्तरों लूट मचा रखी है। आश्चर्य तो तब लगता है जब गठबंधन के लोग खुले तौर पर झारखंड की जल जंगल जमीन को लूट रहे हैं और पकड़े जाने पर स्वतंत्र एजेंसियों को बदनाम कर रहे हैं। यही



गठबंधन की सरकार विगत कुछ समय पहले सभी स्वतंत्र एजेंसियों को भी केंद्र सरकार की कठपुतली बता रही थी उसे पर लांछन लगाने का काम कर रहे थे। न्यायालय भी सत्य नहीं झूठी लग रही थी। सच तो यह है कि गठबंधन और कांग्रेस के लोग यदि कार्य उनके अनुकूल और निर्णय पक्ष में हो तो सभी चीज अच्छी होती है नहीं तो सभी बेकार। सुखदेव भगत जी को जनता ने उनकी बातों और वायदे के अनुसार मौका दिया । इधर उधर की बातों को छोड़ कांग्रेस पार्टी के द्वारा जनता को किए वायदे 8500 खटाखट को उपलब्ध कराएं।

# अरविंद बस से एक किलो 800 ग्राम अफीम बरामद

- **तस्करी का एक आरोपी गिरफ्तार**
- **नगद छह सौ रुपए और एक मोबाइल बरामद**

हजारीबाग - कोर्रा थाना पुलिस ने अरविंद बस में छापा मार कर एक किलो 800 ग्राम अफीम बरामद किया है। इस मामले में तस्करी के एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके पास से नगर छह सौ और एक मोबाइल भी बरामद किया गया है। यह जानकारी सदर एसडीपीओ कुमार शिवाशीष ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि राँची की ओर से बिहार जाने वाली अरविन्द बस से कोई व्यक्तिः मादक पदार्थ की एक बड़ी खेप का डील करने के लिए कोर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत नगवां टोल के समीप आ रहा है। उक्त सूचना के आलोक में एसपी अरविंद कुमार सिंह ने उनके नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया। छापेमारी दल ने सूचना के आलोक में त्वरित कार्रवाई करते हुए नगवां टोल के समीप वीर बजरंग चौक पर गुप्त रुप से निगरानी रखने लगी। निगरानी के क्रम में ही वीर बजरंग चौक से एक व्यक्ति को छापेमार दल में शामिल पुलिसकर्मियों ने पकड़ लिया। उक्त व्यक्ति के पास से एक बैग बरामद हुआ। बैग मे सफेद रंग के पारदर्शी प्लास्टिक में नशीली मादक पदार्थ अफीम की बरामदगी हुई। इस संबंध में उक्त व्यक्ति से पुछे जाने पर उसने अपना नाम पता अभिषेक कुमार उर्फ सोनू ग्राम देहर थाना चौपारण जिला हजारीबाग बताया।उसने बताया कि वह राँची से अफीम खरीदकर ला रहा है और उक्त अफीम को भिन्न भिन्न जगहों पर ले जाकर काफी ऊँचे दाम में बेचते है। बरामद अवैध मादक पदार्थ, रुपये एवं मोबाइल को विधिवत जप्त करते हुए एक उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

# डीसी ने जनता दरबार लगाकर आमजनों की सुनी समस्या, ऑन स्पॉट किया हल

## खराब पड़े चापानल को जल्द से जल्द पूर्ण करे, डीसी

चतरा, डीसी रमेश घोलप ने जनता दरबार में पेयजल से संबंधित आवेदन के शिकायत शहर के वार्ड संख्या 16 चतरा स्टोर के सामने गली में एक सप्ताह से चापानल खराब हैं जिसके कारण अमजनों एवं आसपास के लोगों को पेयजल की समस्याओं का गंभीर सामना करना पड़ रहा है। इसे लेकर नगर परिषद पदाधिकारी को आवेदन मिला पर आज तक चापानल की मरम्मति नहीं हो पाई हैं। उपायुक्त ने समस्याओं को सुनते हुए पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल चतरा के कार्यपालक अभियंता को आदेश देकर जल्द से जल्द चापानल मरम्मति कराने का निर्देश दिया। जिले के प्रतापपुर प्रखण्ड के जोगियारा पंचायत के ग्रामीणों द्वारा जलमिनार एवं शौचालय अवैध ढंग से बनाने एवं सोलर प्लेट नीचे गिरकर टुट जाने से संबंधित आवेदन देकर अनुरोध किया गया कि इसकी जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा की जाय। इस पर उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल चतरा को आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया। वहीं कोविड-19 अंतर्गत 16.02.2022 से 15.09.2022 तक कम्प्यूटर ऑपरेटर को राशि भुगतान में लंबित है शिकायत प्राप्त हुई है।




# रांची एक्सप्रेस के चेयरमेन सुधांशु सुमन की माता जी की 8 वीं पुण्यतिथि पर किया गया श्रद्धांजलि कार्यक्रम

## कीर्तन भजन कर माँ का मनाया गया पुण्यतिथि कार्यक्रम




रांची के रिम्स हॉस्पिटल में पुण्यतिथि पर गरीब गुरुवा के बीच फल और दवाइयां का किया गया वितरण




**हज़ारीबाग़** - रांची एक्सप्रेस के चेयरमैन सुधांशु सुमन की माता स्व0 संध्या देवी का आठवां पुण्यतिथि 28 जून को रांची और हज़ारीबाग़ में मनाया गया। श्री सुमन की माता जी का निधन 28 जून 2016 को हुआ था, वही उस समय वह 74 वर्ष आयु की थी। 28 जून को श्रद्धांजलि कार्यक्रम किया गया । आठवीं पुण्यतिथि पर रांची के रिम्स अस्पताल में सुधांशु सुमन और उनकी पत्नी सह रांची एक्सप्रेस की प्रधान सम्पादक निभा रंजन सुमन ने गरीब - गुरुआ और जरुरतमंदों के बीच दवा , फ़ल का वितरण किया। हज़ारीबाग़ आवास में परिवारजनों ने माता जी का पुण्यतिथि कार्यक्रम पर भजन कीर्तन कर गरीबों को भोजन कर मनाया । वहीं पति सतीशनाथ सहाय ने अपनी पत्नी स्वर्गीय संध्या देवी के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस कार्यक्रम में हजारीबाग रांची के कई लोग शामिल हुए। इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में रांची एक्सप्रेस के अध्यक्ष सुधांशु सुमन, निभा रंजन सुमन , प्रोफेसर श्रवण कुमार सहाय, सनातन सहाय , प्रिया सहाय , कृष्णा पांडे अर्जुन सोनी वही रांची से रंजीत झा धनश्री एन0 सुधांशु शामिल रहे। मालूम होगी सुधांशु सुमन की माता शुरुआत से ही शास्त्रीय संगीत से जुड़ी रहीं। वही श्री सुमन की माता जी हस्तकला में भी निपुण थी। और सबसे मुख्य बात की इन्हें हिंदी मातृभाषा के अलावा बांग्ला भाषा और उड़िया भाषा की खासी जानकारी थी। वहीं कई गणमान्य लोगों और शुभचिंतकों ने श्रद्धांजलि व्यक्त किया है।

सात्विक प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड रांची झारखंड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक निभा रंजन सुमन द्वारा ग्राउण्डड फलोर, कुशवाहा कॉम्पलेक्स, बूटी मोड़, रांची से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राईवेट लिमिटेड कांटीटांड, नियर टेंडर बगीचा, रातु, रांची - 835222 झारखंड से मुद्रित । संपादकः निभा रंजन सुमन रिपोर्टिंग- 70337 77771 विज्ञापन- 7091094434, मनोज कुमार कपरदारः 977117 7585, फोन नंबर 0651 2913184 ईमेल : rexpressadvt@gmail.com, ranchiexpresshindi@ gmail.com(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) सभी प्रकार के विवादों का निपटारा रांची व्यवहार न्यायालय के क्षेत्राधिकार के अधीन किया जाएगा। आर एन आई नं. 4244/ 63